सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-272 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 मार्च 2024

01 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com





# देशभर में सीएए लागू

## देश के कई हिस्सों में बढ़ाई गई सुरक्षा



**नोटिफिकेशन जारी**




### तीन मुल्कों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता

**बड़ा कदम**

- संसद से पास होने के 51 माह बाद लागू हुआ सीएए
- केंद्र सरकार ने सीएए से संबंधित एक वेब पोर्टल किया गया है तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का यह बड़ा कदम है। इसके तहत अब तीन पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

उधर, केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, उत्तर समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने सीएए को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था. इसे पार्टी ने बड़ा मुद्दा बनाया था. गृह मंत्री अमित शाह हाल ही के अपने चुनावी भाषणों में कई बार नागरिकता संशोधन कानून या सीएए को लागू करने की बात कर चुके थे. उन्होंने ऐलान किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा. अब केंद्र सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे लागू कर दिया है। सीएए के तहत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है. केंद्र सरकार ने सीएए से संबंधित एक वेब पोर्टल तैयार किया गया है. तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल के बाद उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी. इसके लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए विस्थापित अल्पसंख्यकों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। साल 2019 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने नागरिकता कानून में संशोधन किया था. इसमें अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले आने वाले छह अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी) को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया गया था. नियमों के मुताबिक, नागरिकता देने का अधिकार केंद्र सरकार के हाथों में होगा। नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के पास है।

### ऐतिहासिक निर्णय है: सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का केंद्र सरकार का कदम पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने मनुष्यता को आह्लादित करने वाले इस मानवीय निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। सीएम ने अधिनियम के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने जा रहे सभी लोगों का अभिनंदन किया है।

### अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण सफल



**नई दिल्ली।** भारत ने आज मिशन दिव्यास्त्र के तहत एक बड़ा और सफल परीक्षण किया। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक से लैस स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण कामयाब रहा। इस मिसाइल से ये सुनिश्चित होगा कि एक ही मिसाइल युद्ध के कई प्रमुख क्षेत्रों पर एक साथ तैनात की जा सकती है। इस परियोजना की निदेशक एक महिला हैं और इस मिशन में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मिशन दिव्यास्त्र के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। ये प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च सटीकता सेंसर पैकेजों से लैस है, जो ये सुनिश्चित करती है कि सटीकता के साथ ये लक्ष्य तक पहुंचती है. ये क्षमता भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिसाइल के सफल परीक्षण को लेकर वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

# अटल जी का सपना हो रहा है साकार : राजनाथ

**विकास**

- लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की बदलेगी तस्वीर
- लखनऊ को मिला 105 किलोमीटर लंबा आउटर रिंग रोड
- 105 किमी लंबे आउटर रिंग रोड का उद्घाटन



**अब लखनऊ में घुसे बगैर जा सकेंगे दूसरे शहर, जाम से मिलेगी निजात**

**लखनऊ।** पीएम मोदी ने वर्चुअल तरीके से आज सोमवार को NH। की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं लखनऊ के गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस मौके पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज का भी लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री जी यूपी में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनका काम प्रदेश में धरातल पर दिख रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि आज हम उटल जी का सपना पूर्ण हो रहा है। अटल जी ने ही लखनऊ के लिए आउटर रिंग रोड का सपना देखा था जिससे राजधानी के लोगों को जाम से मुक्ति मिले। रक्षामंत्री ने कहा कि इस रिंगरोड के बन जाने से एक लाख से अधिक वाहन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यूपी कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने से लखनऊ में जाम की समस्या खत्म होगी। कानपुर से आने वालों को अयोध्या जाने के लिए लखनऊ के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह पूरे प्रदेश के लोगों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विकास कार्य की झड़ी लगी है।

# गाजीपुर में दर्दनाक हादसा पांच लोगों की जलकर मौत

**हादसा**

- एचटी लाइन के संपर्क में आने से बस में लगी आग
- ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर तीन निलंबित एक की सेवा समाप्त



**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले में एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हुआ है। बस में लगी आग से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग झुलस गए हैं। घटना की जानकारी होने पर ऊर्जा एवं नहर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तीन अधिकारियों को निलंबित और एक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं बस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को हिम्मत देने की ईश्वर से प्रार्थना की। मंत्री शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को निलंबित और लाइनमैन नरेंद्र (संविदा कर्मी) की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता से बात की। सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाते हुए, घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सहित प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री शर्मा पीड़ित परिवारों से स्वयं मिलने के लिए गाजीपुर और मऊ भी पहुंचे।

# मद्रास हाईकोर्ट के फैसले की होगी सुप्रीम जांच

**चाइल्ड पोर्नोग्राफी**

- आरोपी को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुडे एक मामले में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुनवाई के लिए अपनी सहमति दे दी है।

शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को अत्याचारपूर्ण करार दिया। साथ ही कहा कि वह इस फैसले की जांच करेगा। गौरतलब है कि मद्रास हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को अपने मोबाइल फोन में चाइल्ड पोर्न डाउनलोड़ करने के मामले में फैसला सुनाया था। हाइकोर्ट ने बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी थी। साथ ही कहा था कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो और आईटी कानूनों के तहत अपराध नहीं है। मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ फरीदाबाद के जस्ट राइट्स फ़ॉर चिल्ड्रन अलायंस और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### पीएम मोदी ने 16 राज्यों को 114 सड़क परियोजनाओं की सौगात दी

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम से देशवासियों को विकास की नई सौगात दी। पीएम मोदी ने 16 राज्यों को कुल 114 सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। एक लाख करोड़ से अधिक की लागत की 114 परियोजना जनता को समर्पित की। गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को राष्ट्र के लिए समर्पित किया। द्वारका एक्सप्रेसवे से दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात को बेहतर बनाने और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस दौरान पीएम मोदी ने एक रोड शो भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 43 किलोमीटर लंबा शामली-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग और भिवानी-हांसी रोड के विस्तारीकरण की आधारशिला रखी। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे।




# धूमधाम से मनाया गया एच बी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** अमीर नगर के एच बी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी शिवम राठौर (अध्यक्ष प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी ) ने की।कार्यक्रम का संचालन सीनम खान व सचिव कुमार शर्मा ने किया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय शिक्षा और संस्कृति की अनिवार्यता, आपसी सौहार्द, देश की एकता और अखंडता के प्रति गीत, एकांकी व लघु नाटिकाओं के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। एकांकी सोशल मीडिया का दुरुपयोग,वृक्ष हमारे जीवन साथी,इग्जाम टाइम के साथ-साथ गीत दिल है छोटा सा, मैं निकला गड्डी लेके, कभी मायूस मत होना,ये हिंदुस्तान हमारा है आदि गीतों पर बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर अपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के द्वारा दी गई बेहतरीन प्रस्तुति को देखकर आभास हुआ की प्रतिभाएं क्षेत्र विशेष की मोहताज नहीं हैं। मुझे आशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इन विद्यालयों से बेहतर प्रतिभाएं निकल कर आयेंगी,जो देश के विकास में सहभागी बनेंगी। विद्यालय प्रबंधक गुल मोहम्मद रजा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आए हुए अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक, शिक्षिकाओं व सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता आप सभी के सहयोग का ही परिणाम है। विद्यालय परिवार आप सभी का आभारी है। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक बफाउल्लाह, संचालक मोहम्मद असलम रज़ा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार, शिक्षक शिवम कुमार शर्मा, अभिषेक सिंह, सुशील कुमार यादव, शिक्षिका शालिनी मिश्रा, सबीना, अर्चना शर्मा, बुशरा खान, तनवीर सिद्दीकी, इलियास अली, रियासत अली, शहबाज सिद्दीकी, तौहीद मंसूरी, इमरान मंसूरी, गोपाल कृष्ण मिश्र, अश्वनी सिंह राजपूत, सिदाकत मंसूरी, श्रीमती बब्ली, शारिब अली मंसूरी, जाकिर खां, सूचित प्रताप सिंह, आत्मानंद शुक्ला, रामकुमार कश्यप, धनपाल सिंह, इरफान खां, लुकमान खां आदि।

# डीएम ने सुनी फरियाद, वृद्ध फरियादी को मिलेगा योजनाओ का लाभ



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार सुबह निघासन तहसील के ग्राम गौढ़ीपुरवा (झंडीराज) निवासी वृद्ध छोटेलाल जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी।% अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।डीएम ने फरियादी छोटेलाल की वृद्धावस्था पेंशन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशुशेखर, राशन कार्ड के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को दफ्तर बुलवाया। निर्देश दिए कि आवेदन के लिए जरूरी प्रपत्र लेकर न केवल आवेदन करवाया जाए बल्कि जल्द ही लाभ प्रदान किया जाए। वही फरियादी की मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता को निर्देशित किया।

# युवा समाज सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक रंग महोत्सव (होली) के सम्बंध में हुई सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** युवा समाज सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक, श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि 8बजे रंग महोत्सव (होली) के सम्बंध में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता पँ0 राधाकृष्ण मिश्रा ने तथा संचालन लोक भारती के जिला संयोजक व समिति के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अतुल रस्तोगी ने कहा कि देश मे अमृतकाल चल रहा है, रामोत्सव मनाया जा रहा है, क्यों न हम लोग भी इस रंग महोत्सव को रामोत्सव के स्वरूप में मनाये, इस बार की झांकियां प्रभु श्रीराम को समर्पित हो, सुझाव का समर्थन उपस्थित सभी लोगों ने किया। जिला संघचालक अमित भसीन ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरे नगर में कई दिन पहले से ही मन्दिरों पर रामोत्सव व होली से सम्बंधित सुमधुर भजन बजाए जाए,शोभायात्रा का स्वागत पुष्पबर्षा से किया जाए, तथा कही पर कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो ऐसे लोगों को प्यार से समझाए, यह त्योहार सभी का है, इसे हर्षोल्लास के साथ मनाये। सौरभ गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामोत्सव से सम्बंधित झंडियाँ निकालना अच्छा रहेगा, बैसे भी नगर में निकाली जा रही यह शोभायात्रा बहुत ही प्रसंसनीय है, और इसकी ख्याति दूर दूर तक है, रंग महोत्सव में गुब्बारे पालीथीन त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रंगों का प्रयोग न करें। युवा नेता स्पर्श मेहरोत्रा गोलू ने अपने सम्बोधन में कहा कि रंग महोत्सव हम सब की जिम्मेदारी है और दोनों दिन की शोभायात्रा सकुशल निकाली जाय इसकी चिंता हम सभी को करनी है, और इसमें प्राशासन के साथ भी बेहतर तालमेल रखा जाए। डॉ0 सुधेन्द्र प्रकाश वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शोभायात्रा में नगर के बरिष्ठजन साथ मे चले इससे शोभायात्रा की शोभा और बढ़ेगी,इसके लिए सभी को आमंत्रित करें। धीरेश सिंह एड0 ने कहा कि शोभायात्रा में जिन लोगों को दायित्व दिया जाए वह अपनी जिम्मेदारी को शोभायात्रा सम्पन्न होने तक करें, समय के अनुसार और नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाये। वीरू कश्यप ने कहा कि रंग ट्रालियों की व्यवस्था भरपूर हो, जिसमे रंग अबीर गुलाल प्रयोग हो।अमन रस्तोगी ने कहा कि शोभायात्रा यात्रा में पानी की व्यवस्था पर्याप्त रूप से रहे।राजपाल सिंह एड0 ने कहा कि रंग महोत्सव में हम सभी को सहयोग करना है कही पर कोई दिक्कत हो तो आपसी बात से उसे सुलझा लेना है, पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाये।पुष्कर अवस्थी ने कहा कि विभिन्न त्योहारों में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से छोटी सी पालकी के साथ शोभायात्रा यात्रा मोहल्ले में निकाली जाए तथा किसी योग्य आचार्य द्वारा बच्चों को श्लोक व मंत्रों के बारे में बताया जाए व बच्चों को शिक्षित किया जाए। बच्चों को अपने धर्म के बारे में सही जानकारी मिले। इं0 रजत रस्तोगी को सर्वसम्मति से आई टी की जिम्मेदारी दी गई। कुलदीप मिश्रा, ब्रजभान सिंह विनीत रस्तोगी, पँ0 राधाकृष्ण मिश्रा, पंकज रस्तोगी ,निकुंज रस्तोगी, शैल रस्तोगी, प्रदीप श्रीवास्तव नंन्हे, तुषार कनौजिया, संदीप कुशवाहा ने भी अपने अपने सुझाव दिए।बैठक में मुख्य रूप से खाटू श्याम परिवार से विवेक गुप्ता, अंकुर गुप्ता, ईशू गुप्ता, अमन रस्तोगी, अजीत गुप्ता एड0, अभिषेक, जय निवास मिश्रा, अमित अवस्थी, मुकेश राठौर, अक्षय प्रताप सिंह, अनमोल श्रीवास्तव, आदित्य राठौर, अक्षय अवस्थी, अनुज राठौर, सुशील दीक्षित, कुलदीप श्रीवास्तव, शिवम राठौर, अमन राठौर,अनमोल अवस्थी, कौशल पॉल, संदीप कुशवाहा, राजवीर प्रजापति, शलील तिवारी शिब्बू, छुट्कुन्नू कुशवाहा, आरव रस्तोगी, चैतन्य रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## बीएसए प्रवीण तिवारी को सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी।** परिषदीय स्कूलों को डिजिटलाइजेशन के विरोध को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ ने सोमवार को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बीएसए प्रवीण तिवारी को सौंपा। धरना को जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा के अलावा मंत्री और अन्य पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया।धरना को संबोधित करते हुए विनोद मिश्रा ने कहा कि सरकार हमसे प्रतिदिन अपने मोबाइलसे अनेकों कार्य करा रही है। इसमें बच्चों का ऑनलाइन डाटा फीडिंग, एमडीएम फीडिंग,डीबीटी फीडिंग शामिल है। इस तरह के सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। जिला महामंत्री संतोष भार्गव ने कहा कि हमें विद्यालय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक विरोध प्रबल करना होगा। नहीं तो सरकार गैर शैक्षणिक कार्य थोपती रहेगी।

# रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाजसेवी संदीप वर्मा के नेतृत्व में शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में सीतापुर आँख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सकों व उनकी टीम द्वारा एक बृहद निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे आँखों के मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी इस नेत्र शिविर में लगभग 360 मरीजों की आँखों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्में , आई ड्रॉप्स व आपरेशन वाले 90




मरीजों को बस द्वारा नेत्र आपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया गया अपने घर व क्षेत्र के पास नेत्र शिविर मे निः शुल्क चिकित्सा व परामर्श पाकर काफी खुश दिखे मरीज शिविर में आए हुए क्षेत्र के मरीजों व उनके तीमारदारों ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाज सेवी संदीप वर्मा द्वारा रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज में समय समय पर इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के आयोजन से क्षेत्रवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ मिलता रहता है।इस कैम्प में सीतापुर आँख अस्पताल के डॉ कोमल गरिमा सिंह,अनुभूति अनिल राय,विष्णु केश,आकांक्षा,रोहित, शौम्या मुकेश राहुल आदि उपस्थिति रहे कैंप आयोजक टीम से सर्वेश वर्मा (प्रधानाचार्य रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, शहाबुद्दीनपुर) प्रांशी वर्मा ,नवी शेर , ,भूपेंद्र वर्मा ,उवैदरजा ,सतेंद्र, श्यामकिशोर, सुशील, योगेश, अभिषेक, विपिन,कमल, नियामत, पूजा, हर्षिता, चांदनी, राधा, नेहा, अंजलि, कुसुमलता, अवनीश,निर्पेंद्र, सलमान जे जे राम आदि लोगों ने कैंप में आए हुए लोगों का सहयोग किया।

# किसान आनंद दुबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज गोंडा।** क्षेत्र के मैनपुर गांव में सफाई कर्मचारी ना आने से परेशान गांव के किसान आनंद दुबे ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है इसके बाबत एडीओ पंचायत मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि सचिव को मामले को देखने का निर्देश दिया गया है फिलहाल यह मामला काफी दिन से चल रहा है गांव मे साफ-सफाई नही होने से सार्वजनिक जगहों पर कुडे का ढेर लगा है और लोगों को गर्मी को लेकर परेशान हैं लोगों का सोचना है कि कही संक्रामक बीमारियों का खतरा ना बने सफाईकर्मचारी पूनम सिंह जब से गांव मे तैनात हुई है तब से लेकर आज तक वही कभी गांव मे ना आयी और ही सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की गई है बीते माह गांव के एक किसान ने अपने बेटे की शादी अवसर पर गांव मे साफ-सफाई के लिए शिकायत की पर कोई सुनवाई नही हुआ इस गांव के रहने वाले समाजसेवी आनंद दुबे ने साफ-सफाई को लेकर पुन शिकायत कर गांव के सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की मांग की है आनंद ने कहा कि जबसे इस महिला सफाईकर्मचारी आयी है तब से साफ सफाई नही हो रही हैं गर्मी आ रही है संक्रमण व संक्रामक रोग फैल सकते हैं इससे आस-पास के गांव मे प्रभावित हो सकते हैं इसके बाबत एडीओ पंचायत मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि सचिव को निर्देश दिया गया है जल्द साफ-सफाई करा दी जाएगी। इस गांव मे महिला सफाईकर्मचारी ना आने से लोग महिला सफाईकर्मचारी का अड़ियल रुख और राजनीतिक पकड को जोडकर देख रहे सफाईकर्मचारी के पिता रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी और एक गांव के प्रधान प्रतिनिधि के रुप मे इसी ब्लाक मे काम कर रहे जिसके चलते वह महिला जहा भी रही कभी सफाई करने नही गयी है।

## आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में किया गया पैदल गस्त व एरिया डोमिनेशन



**लखीमपुर खीरी।** आगामी लोकसभा चुनाव व त्योहारों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है जिसके लिए विभिन्न थानों द्वारा नियमित रूप से संवेदनशील ग्रामों, कस्बों एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों में पैदल गस्त/एरिया डोमिनेशन किया जा रहा है।क्षेत्राधिकारी गोला के नेतृत्व में थाना मैलानी पुलिस तथा थाना भीरा पुलिस द्वारा अर्ध सैनिक बल की संयुक्त टीम के साथ आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में पैदल गस्त व एरिया डोमिनेशन किया गया।

# 13 मार्च को खीरी आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 13 मार्च को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 02 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी।आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वयं मौजूद रहेंगे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने से संबंधित मु0अ0सं0 47/2024 धारा 298/504/505(2) भादवि व 67 आईटी एक्ट के वांछित अभियुक्त मस्तराम उर्फ मस्तू पुत्र स्व0 कन्धई निवासी सिरसी थाना शारदानगर जनपद खीरी को घटना में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल सहित गिरफ्तार गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के आंवला जंगल के पास देर रात अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारी थी। गश्त के निकले आंवला वन चौकी के कर्मचारियों ने घायल को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजवाया। कठिगरा निवासी अजय कुमार अपनी बाइक से मोहम्मदी से वापस घर आ रहे थे। लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के आंवला जंगल के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल का इलाज गोला सीएचसी में चल रहा है। जहां हालत गंभीर बनी हुई है।

## मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम ने दिखाई हरी झंडी



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक खीरो कस्बा में मानव श्रंखला बनाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । मतदाता जागरूकता रैली की शुरुवात एडीएम द्वारा उपस्थित विद्यालय के बच्चो, शिक्षको व ग्रामीणों को मतदान शपथ दिलाकर किया गया। जिसके बाद शिक्षिकाओं द्वारा बनायी गयी रंगोली का अवलोकन करके रैली को हरी झंडी दिखायी गयी। रैली खीरो चौराहा से प्रारम्भ होकर अस्पताल तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग दो हजार बच्चो ने कार्यक्रम स्थल से सीएचसी खीरो तक लगभग दो किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर निर्भय हो मतदान करेंगे, देश का हम सम्मान करेंगे, मतदान हमारा अधिकार है, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर, सबको बताओ यह अधिकार , मतदान ही है हमारा हथियार , मेरा वोट मेरा अधिकार आदि नारे लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया । इस मौके पर उप जिलाधिकारी लालगंज मनोज कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी डॉ. अंजू रानी वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी खीरो शिक्षक, ग्रामीण व विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

# 200 दिव्यांगजनों को विभिन्न कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से किया गया लाभान्वित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत आज विधानसभा सदर रायबरेली की विधायक अदिति सिंह के कर कमलों द्वारा शहर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान रायबरेली में 200 दिव्यांगजनों को विभिन्न कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक अदिति सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा द्वीप प्रज्वलन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जनपद रायबरेली में समय समय पर दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये जाते है एवं समस्त योजनाओं कि समीक्षा मेरे द्वारा की जाती है। किसी भी दिव्यांग को किसी भी योजना से सम्बन्धित कोइ समस्या है तो वह विकास भवन रायबरेली में मेरे से वार्ता



कर सकता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा द्वारा सभी दिव्यांगजनों को योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही मुख्य अतिथि मा0 विधायिका, द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रायबरेली द्वारा आयोजित होता है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रायबरेली द्वारा आज 200 दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान किये गये जिसमें 150 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं 50 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर का वितरण किया गया। साथ ही मा0 विधायक अदिति सिंह द्वारा दिव्यांगजनों को आवास दिलाये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी राही को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री योगी जी की लाभार्थीपरक योजनाओं को विस्तार से बताया गया। इस कार्यकम में जी0सी0 सिंह चौहान व्यापार मण्डल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्ना, एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा एवं संदीप पाठक कार्यकम में मौजूद रहें। कार्यकम के समापन पर मनीष कुमार मिश्रा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रायबरेली द्वारा मंचासीन अतिथियों एवं दिव्यांगजनों का धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित कियाग गया।

## दुर्गावाहिनी की जिला संयोजिका बनी शिवानी

**नवाबगंज (गोंडा)।** विश्व हिन्दू परिषद की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक अयोध्या मे सम्पन्न हुई। जिसमें नवीन दायित्व भी प्रदान किये गए।

अयोध्या कारसेवक पुरम मे आयोजित विहिप के दो दिवसीय प्रान्त योजना बैठक का समापन रविवार को हुआ। सांगठनिक 25 जिलों के लगभग 300 पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आगामी कार्ययोजना बनाने के साथ पूर्व के कार्यों की समीक्षा भी हुई। अंतिम सत्र के दौरान सभी जिलों से नवीन दायित्व पाने वाले कार्यकर्ताओं के नामों की घोषणा प्रान्त मंत्री देवेंद्र मिश्र ने की। सांगठनिक जिले नंदिनीनगर में दुर्गा वाहिनी आयाम के अंतर्गत जिला संयोजिका के रूप में शिवानी सिंह को मनोनीत किया गया। उनके इस दायित्व के लिए जिला समिति से कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह, जिलामंत्री विजयप्रताप,आनंद श्रीवास्तव,गोपाल सिंह, संतोष मौर्या, पंकज सिंह, विजय श्रीवास्तव आदि ने शुभकामनायें दी।

# भाजपा से राघव लखनपाल को शीघ्र उम्मीदवार घोषित करने की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की आयोजित बैठक में भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा में हो रहे विलम्ब पर रोष व्यक्त करते शीघ्र ही पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा को प्रत्याशी न बनाये जाने की स्थिति में अपनी दिशा तय करने का सर्वसम्मति निर्णय लिया गया। एक सभागार में आयोजित बैठक में वर्तमान लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में चर्चा करते हुए समाज के अनेश शर्मा, नानौता से डा.एन सी शर्मा, मुकेश दीक्षित व अन्य वक्ताओं ने भाजपा की प्रकाशित लोकसभा प्रत्याशियों की सूची में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा का नाम घोषित न होने पर आश्चर्य प्रकट किया। बैठक मे मौजूद सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जनपद में ब्राह्मण समाज की बडी आबादी होने व भाजपा में समाज के लम्बे समय से कार्यरत निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी करते हुए उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अखिल भारतीयवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष केके शर्मा ने कहा कि अगर लोकसभा में चुनाव में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा को भाजपा के द्वारा प्रत्याशी नही बनाया गया, तो ब्राहम्मण समाज को अपनी रुपा रेखा बनाने को बाध्य होना पडेगा, जिसका खामियाजा भाजपा को आने वाले लोकसभा चुनाव मे उठाना पडेगा।

## सेक्टर प्रभारी मोहम्मद रिजवान के आवास पर बैठक

**गोंडा।** विधानसभा मनकापुर क्षेत्र के विकासखंड वजीरगंज में ग्राम सभा- परसापुर महरौड़ में सेक्टर प्रभारी मोहम्मद रिजवान के आवास पर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी गोंडा के जिला सचिव जयसेन सिंह ने किया उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने किसानों और नौजवानों के सामने संकट पैदा किया है। भाजपा ने जनता से झूठा वादा किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई बढ़ती गयी लेकिन किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिला। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में हर प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। प्रयागराज में परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-नौजवान जानते हैं कि नौकरी के लिए उन्हें कितना संघर्ष करना पड़ता है। हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ। आरओ और एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इसके पहले कई प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हो चुका है। इस सरकार में हर पेपर लीक हो रहा है।

# विधायक राजीव गुंबर को सर्वश्रेष्ठ विधायक' की उपाधि से किया सम्मानित'



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़इंडिया के 6वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में नगर विधायक राजीव गुम्बर को 'सर्वश्रेष्ठ विधायक' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

करनाल हरियाणा मे आयोजित एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़इंडिया के 6वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव गुंबर को 'सर्वश्रेष्ठ विधायक' की उपाधि से सम्मानित किया गया। विधायक राजीव गुम्बर को उनके सरल सहज, राजनीतिक जीवन, धर्म, जाति वर्ण की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर कार्य करने पर इस अद्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फ़िल्म जगत से आयी अभिनेत्री पूनम ढिल्लो एवं अभिनेत्री रश्मि देसाई ने विधायक राजीव गुंबर को शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़इंडिया के राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं पॉलिटिकल सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गाबा ने इस अनुपम सम्मान के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर सेंट्रल विजिलेंस कमीशन, एंटी करप्शन डिपार्टमेंट एवं प्रशासनिक उच्च पदाधिकारी एवं पूरे देश से एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के उच्चस्थ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिला अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

## सामाजिक गतिविधि एवं सकल हिन्दू समाजहित रक्षक मंच ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज संघ की सामाजिक गतिविधि एवं सकल हिन्दू समाजहित रक्षक मचं के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

मंच के राकेश लोटनी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे और संदेश खाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। सामाजिक समरसता गतिविधि एवं सकल हिन्दू समाज हित रक्षक मंच के राकेश लोटनी ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं बच्चों एवं अनूसूचित जाति-जनजाति परिवारों पर हो रहे अमानवीय अत्याचार एवं यौन हिंसा बेहद शर्मनाक एवं चिंतनीय हैं। ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद, ऐसी घटनाएं सामने आ सकीं। राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित यह कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। संदेश खाली में बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीड़न, मारपीट की जाति जनजाति के समाज के जमीनों और कारोबार पर कब्जा किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में हो रहे इन कृत्यो के दोषियों के खिलाफकठोर से कठोर



घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति सामने आई है। स्थिति इतनी भयावह है कि लगातार हो रहे अत्याचारों की घटनाओं के बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। सामाजिक समरसता गतिविधि महानगर संयोजक भारत भूषण ने कहा कि वहां अनूसूचित कार्यवाही की जानी अत्यंत आवश्यक है। प्रदर्शनकारियो ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डा.दिनेश चन्द्र को सौंपा। इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज हित रक्षक मंच व सामाजिक समरसता गतिविधि के सत्यपाल, रमन, सन्तोष, संघचालक संजय, देवेन्द्र, अश्विन, मनोज, संजय, परमजीत, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शिलान्यास के बहाने सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव का फूंका बिगुल

**शकील अहमद**



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** सूबे के वजीरे आला योगी आदित्यनाथ ने 146 एकड़ में बनने वाले महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का शिलान्यास करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार का उद्देश्य राज्य के किसानों को एक ही सुलभ स्थान पर व्यापक कृषि जानकारी और संसाधन उपलब्ध कराना है। बता दें कि शिलान्यास के बहाने सीएम योगी ने लोक सभा चुनाव का बिगुल फूंक गए।

कुशीनगर में 435 करोड की लागत से निर्मित होने वाले कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास एव 2132 करोड की 488 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, जिसका साक्षी कुशीनगर सहित तमाम जनपद के किसान बने। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार कृषि को रोजगार के अच्छे स्रोत के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके जरिए पलायन कर रहे है किसानो को दोबारा खेती से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है की भारत एक विकसित भारत के निर्माण की ओर निरंतर अग्रसर है। इस विकसित भारत में किसानों को विकसित करने के लिए इस विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है, ताकि अन्नदाता किसान भी इस विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सके। योगी ने कहा कि तथागत बुद्ध के नाम पर निर्माण होने वाला यह विश्वविद्यालय बुद्ध के प्रति श्रद्धांजलि भी है। यह हमारा उनके प्रति नमन भी है। सीएम योगी ने कहा कि किसी ने

**जिले को मिला 2132 करोड की 488 विकास परियोजनाओं का उपहार**

सोचा नहीं था कि कुशीनगर में कोई एयरपोर्ट स्थापित होगा किंतु मोदी की गारंटी से यह एतिहासिक कार्य हुआ। आज कुशीनगर में एयरपोर्ट भी है मेडिकल कॉलेज भी बन रहा है अब इसके साथ इस कृषि विश्वविद्यालय का भी निर्माण शुरू हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश भर के बीस हजार किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सोलर पंप प्राप्त हो हुआ है। इस योजना के अंतर्गत एक लाख लोग लाभान्वित होंगे, जो सिंचाई के साथ उनके अतिरिक्त आमदनी का भी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि एक अच्छी सरकार ही समृद्धि लाती है व संस्कृति का संवर्धन करती है।

## दबंग ने पिता और पुत्री के साथ की मारपीट

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव अहमदपुर अम्लीय निवासी रिचा देवी पुत्री मुकेश कुमार अपने चचेरे भाई की शादी में गांव आई थी पीड़ित के पड़ोसी सौरभ कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार वीरेंद्र कुमार पुत्र प्रभु दयाल सचिन पुत्र मेवाराम व किरण पत्नी वीरेंद्र सिंह एक राय होकर घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की और गंदी-गंदी गालियां देने लगे, मना करने पर पीड़ित के घर में शादी कार्यक्रम चल रहा था तभी किसी ने रग डाल दिया जिससे मामला और गरमा गया था द्यगुड्डी देवी उमेश चंद्र अजय राम रतन गार्ड के साथ चाचा अजय पाल के साथ जान लेबा हमला किया और उसने बुद्धि देवी उर्फ मां की आंख खोलने की नीयत से ईट मारी जिससे उनके पास जाकर आए तथा एक हाथ भी टूट गया और उसे पर कई जगह चोटे भी आई हैं। 2 मार्च 24 को थाना जहानगंज के तहत आरोपियों के विरुद वीरेंद्र पुत्र प्रभु दयाल सचिन पुत्र ने बार-बार किरण पत्नी वीरेंद्र के नाम ही रिपोर्ट दर्ज की गई द्य मुख्य आरोपी सौरभ पुत्र वीरेंद्र का नाम बिल्कुल छोड़ दिया गया।

# बिना भेदभाव मिल रहा है शासन की योजनाओं का लाभ : योगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में शासन की सभी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी को प्राप्त हो रहा है। 250 करोड़ की लागत से इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण हो चुका है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में 9 लाख 23 हजार लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 लाख 29 हजार किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जहां लोगों आवास का लाभ मिला है। वही मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 7 हजार मुसहर वन टांगिया आदिवासियों को आवास का लाभ दिया जा चुका है। जनपद में वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित पेंशन योजना दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 570 करोड रुपए वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत जनपद में 13700 बेटियों का जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक का सारा इंतजाम शासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में हाईवे भी है स्कूल भी है फोरलेन कनेक्टिविटी भी है और अब यह कृषि विश्वविद्यालय भी बन रहा है। उन्होंने कहा कहा कि पहले कोई नहीं सोचता था कि गरीबों को फ्री में राशन प्राप्त होगा किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार यह कार्य अनवरत 4 वर्षों से कर रही है और अगले पांच वर्षों तक वितरित किया जाता रहेगा।

**सीएम योगी का ऐसे रहा मिनट टू मिनट कार्यक्रमः** कुशीनगर में कृषि वि.वि. का शिलान्यास करने आए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थल पर 1:25 घंटे रहे। उनका हेलीकॉप्टर 3:05 बजे हेलीपैड पर उतरा। वहां से सीधे शिलान्यास स्थल पर पहुंचे और 3:11 बजे शिलान्यास पूजन शुरू किया, जो 3:15 बजे तक चला। उसके बाद सीएम योगी कृषि मेला का भ्रमण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उसके बाद मंच पर 3:31 बजे पहुंचे। सीएम 4:04 बजे संबोधन शुरू किए और 4:22 बजे तक संबोधित किए। उनका हेलीकॉप्टर 4:30 बजे उड़ गया।

### उल्लास के साथ मनाया जा रहा है पर्व

प्रदेश में सुरक्षा के वातावरण के कारण पर्व शांति एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। प्रदेश में आस्था का सम्मान है तो सुरक्षा का वातावरण भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में आर्थिक वृद्धि के लिए तकनीक से जोड़ना आवश्यक था यह विश्वविद्यालय इस कार्य में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पहले इंसेफेलाइटिस से होती थी मौतें

अच्छी सरकार जनता के प्रति संवेदनशील होती है। है। पहले इस क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस से मौतें होती थी। गरीबों को कोई सुनने वाला नहीं था किंतु आज डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में इंसेफलाइटिस का उन्मूलन हो चुका है। पहले गरीब खुले आसमान के नीचे सोता था किंतु अब सबके सिर पर छत हो गया है किसी को भी खुले में सोना नहीं पड़ता है।

# रमज़ान इंसानी नफ़्स (आत्मा) पर नियंत्रण का महीना

**मनव्वर रिज़वी**

**गोरखपुर।** इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना रमज़ान का है। इस महीने में इस्लाम धर्म से जुड़े लोग रोज़ा रखते हैं। चन्द्र दर्शन के अनुसार इस्लामिक कैलेंडर का प्रत्येक महीना 29 या 30 दिन का होता है। इस प्रकार चन्द्र दर्शन के अनुसार रमज़ान माह में रोज़े की संख्या 29 या 30 हो सकती है।

रमज़ान को नफ़्स या आत्मा पर नियंत्रण का महीना कहा जाता है। लगभग 13 से 14 घण्टे का बिना अन्न जल का उपवास और अल्लाह (ईश्वर) की उपासना यानी नमाज़ और कुरान का पाठ आत्मा और शरीर को पवित्र करने का माध्यम बनती है। इस महीने में फ़ितरा ज़कात (दान) से आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों की मदद करने का अल्लाह (ईश्वर) के आदेश का पालन करना प्रत्येक मुसलमान का फ़र्ज़ है, जिससे रोज़े के बाद ईद की खुशियां अमीर और गरीब सब मिलकर मना सकें। रमज़ान की सबसे बड़ी बात ये है कि इस महीने में अल्लाह का आदेश है कि देखो ऐसा न हो कि इफ्तार में तुम्हारे दस्तरख्वान पकवानों से सजे हों और तुम्हारे पड़ोस में कोई भूखा रह जाएगा तो तुहारा रोज़ा और नमाज़ सब बेकार रहेगा। आम दिनों में भी पड़ोसियों के ख्याल रखने की बात इस्लाम मे कही गई है। इस्लाम बराबरी का धर्म है इसमें कोई छोटा या बड़ा नही होता। इसकी बानगी नमाज़ के दौरान दिखाई देती है जब छोटा बड़ा अमीर गरीब सब एक ही लाइन में खड़े होकर अल्लाह (ईश्वर) की उपासना करते हैं।

# सपा दफ्तर में लगेगा सिद्धार्थनगर के समाजवादी अध्ययन केंद्र का प्रतीक चिह्न

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ प्रदेश कार्यालय में जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी अध्ययन केंद्र सिद्धार्थनगर की सराहना किया और केंद्र के प्रतीक चिन्ह को बड़े रूप में समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय लगवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा समाजवादी विचारधारा को समझने और सोशलिस्टों के विचार को जानने में यह केंद्र महत्वपूर्ण है। यश भारती विभूषित मणेन्द्र मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा समाजवादी आंदोलन के पचास नायकों के विचार पर केंद्रित समाजवादी अध्ययन केंद्र का प्रतीक चिन्ह भेंट करते समय अखिलेश यादव ने यह बात कही। उन्होंने का इसे समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में वितरित किया जाएगा जिससे समाजवादी आंदोलन के नेताओं से सबका परिचय हो सके। केंद्र के संस्थापक मणेन्द्र मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के गौरव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे स्मृतिशेष बृजभूषण तिवारी ने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने की जो प्रेरणा दी थी उसे प्रवाहमान बनाए रखने के लिए यह प्रयास किया गया था। ध्वातव्य हो कि समाजवादी अध्ययन केंद्र की स्थापना 2016 में जिला मुख्यालय के अनूप नगर में मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने यश भारती सम्मान में मिले 11 लाख राशि से किया था। इस केंद्र का हाल बृजभूषण तिवारी सभागार के नाम पर है। बीते आठ वर्षों में यहां सामाजिक, सांस्कृतिक व अकादमिक तरह की गतिविधियां हो चुकी है। सभागार में समाजवादी धारा के डॉ राममनोहर लोहिया से लेकर सभी सोशलिस्टों के जीवन परिचय और विचार वाचनालय के रूप में अंकित हैं। अभी तक समाजवादी अध्ययन केंद्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री जूही सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश सिंह एवं अरविंद सिंह गोप, समाजवादी पार्टी के विभिन्न फ्रंटल के राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष, पिछड़ा प्रकोष्ठ, व्यापार सभा, छात्र सभा, लोहिया वाहिनी, यूथ बिग्रेड, युवजन सभा का प्रमुख कार्यक्रमों में आना हुआ है।

## 20 रुपये को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट

**जालौन।** मात्र 20 के पीछे दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के विरुद्ध जालौन कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसके आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम गूढ़ा स्थित किसान नेशनल पेट्रोल पंप पर उरगांव निवासी रमाकांत पेट्रोल डलवाने गया था वहां उपस्थित सेल्समैन से?20 के फटे नोट को लेकर आपस में विवाद हो गया। यह विवाद बढ़ते बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गया। पीड़ित रमाकांत में अपने विरुद्ध मारपीट के लिए दोषी अभिषेक चौधरी निवासी ग्राम छिरिया के विरुद्ध धारा 323 504 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फ़ाउण्डेशन के मदद से विशेष योग्यजन विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आरईसी द्वारा द एमएसजी फ़ाउण्डेशन के मदद से रेनबो सोसायटी, महानगर, लखऊ में विशेष योग्यजन विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पेंटिंग तथा अन्य प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया तथा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किये गये।। इस मौके पर आर.ई.सी के ओर से मुख्य प्रबंधक, अधिकारी, सहायक अधिकारी आदि मौजूद रहे। वही इस मौके पर द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से कविता कपरवान, गरिमा सिंह, अली मोहम्मद, मिस्बाह आबिदा, सैयद मोहम्मद हसन, मनीष रावत, अफ्ताब मिर्ज़ा, मज़हर हुसैन और मोहम्मद सादिक द एमएसजी फ़ाउण्डेशन (संस्थापक) मौजूद रहे।

## बर्तन की दुकान से चोरी करते हुए दो गिरफ्तार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली ऐट पुलिस ने कस्बा ऐट के बाजार मे स्थित एक बर्तन की दुकान से चोरी करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना एवं कस्बा ऐट में एक बर्तन की दुकान पर दो महिलाएं बर्तन खरीदने के बहाने आईं और तभी मौका देख कर दुकान से कुछ बर्तन चुरा लिए। जब दुकानदार को उन महिलाओं की गतिविधियों पर शक हुआ तो आस पास के लोगों कर सहयोग से उन दोनों महिलाओं को रोककर उनकी तलाशी ली तो दोनों महिलाओं के पास दुकान से चोरी किये 9 कटोरे, 7 कटोरी, 2 बड़े चमचा, 11 थाली स्टील की, 1 शंकरजी के छोटी मूर्ति बरामद हुई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर थाना ले आई। गिरफ्तार महिलाओं के नाम रीना पत्नी जगमोहन निवासी ग्राम कलमडा थाना बांरा जनपद बांरा राजस्थान, एवं इंदुडी बाई पत्नी बिलेन्द्र निवासी ग्राम कुजेडा थाना अटरू जनपद बांरा राजस्थान है दोनों महिलाएं गैंग बनाकर दुकानों में जाकर दुकानदार का ध्यान भटका कर चोरी करती है इनकी गैंग के दो सदस्य 6 मार्च 2024 को कोतबाली उरई स्थित बाजार में चोरी करते हुए गिरफ्तार किए गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार की गई महिलाओं विरुद्ध थाना ऐट में मु0अ0स0 32/24, धारा 379/411 के अंतर्गत मामला पंजिकृत कर जेल भेज दिया।

## लोकसभा चुनावः फोर्स ठहरने को एसपी ने देखें कॉलेज



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को बाहरी जनपदों बाहरी जनपदों एवं बीएसएफ सीआरपीएफ के जवानों को ठहरने के लिए कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज एवं बद्री विशाल डिग्री कॉलेज का पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस बल ठहरने के लिए कॉलेजो का निरीक्षण किया है।

## सपा ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारी घोषित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित कठेरिया ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के समक्ष अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ पार्टी का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है जो दलित और पिछड़ों को एक साथ जोड़कर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करेगा, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता जी जान लगाकर सपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर रहे हैं और जीत भी सपा प्रत्याशी की सुनिश्चित होगी। इस मौके पर विनीत कुशवाहा ने कहा की सभी कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में और मेहनत से लग जाए जिससे जनता के मन में कोई शक ना रहे कि इस बार उन्हें डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को ही वोट देकर जिताना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष एवं फ्रंटल संगठन के प्रभारी पुष्पेंद्र यादव, आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, शिवम कुशवाहा प्रदेश सचिव छात्र सभा, अखिल कठेरिया सह मीडिया प्रभारी, कौशल कठेरिया, उपेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट के लिए आवास पर लगा तांता

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह जी के लखनऊ प्रवास के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी भेंट की और लखनऊ में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों के लिए धन्यवाद आभार प्रकट किया।

लखनऊ लोकसभा से लगातार तीसरी बार सांसद के रूप में रिकॉर्ड मतों से जीत के लिए विश्वास व्यक्त करते हुए अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी। भेंट के दौरान लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल, कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौलाना रजा हुसैन, मौलाना शबाहात हुसैन, मौलाना कमरूल हसन, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना हसन जाफर, एडवोकेट अली वारसी, रिजवान राईनी और अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी अल्पसंखयक मोर्चा, बहुजन समाज दल, तमिलनाडु समाज, लखनऊ वैश्य परिवार, सिख समाज, भोजपुरी समाज, सिंधी समाज, पर्वतीय समाज, जानकीपुरम आवासीय समिति से संतोष तिवारी पंकज तिवारी एस एन बाजपेई और विभिन्न आवासीय समितियों के प्रतिनिधि मंडलों ने भेंट कर चुनाव में पूर्ण समर्थन दिए जाने का विश्वास दिलाया। प्रोफेसर दिलीप अग्निहोत्री के साथ पत्रकार प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के सीईओ प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी सरकार में खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हो रहे अभूतपूर्व कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

# भारत एकेडमी स्कूल ने किया वार्षिक उत्सव का आयोजन

**सैय्यद रहबर मेंहदी**



**लखनऊ।** हर साल की तरह इस साल भी भारत एकेडमी स्कूल ने अपना वार्षिक उत्सव बड़ी ही धूम धाम से नारी नाट्य कला केंद्र में मनाया, जहा सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि श्री डॉ विवेक तांगड़ी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उत्सव में बच्चो ने देश के कई राज्यों की नृत्य कलाओं को पेश किया गया। जहा बच्चो ने नृत्य के जरिए राजस्थान का घूंघट डांस दिखाया तो वही गुजरात की डाडिया ने सबको नाचने पर मजबूर कर दिया। ईद के त्योहार की बात हो या होली की, विज्ञान की बात हो या फिर माता पिता के आदर सम्मान की बात हो बच्चो ने नृत्य के जरिए सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ विवेक तांगड़ी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो पर किसी भी तरह का दबाव न बनाए उनके सामने किसी दूसरे बच्चो की तुलना इस प्रकार न करे कि उनका मनोबल गिरने लगे आप उनका आत्मविश्वास बड़ाए ताकि वो पढ़ लिख कर देश का और आपका नाम ऊंचा करे। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी और पत्रकारो को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विवेक तांगड़ी, श्रीमती श्रावन सक्सेना (संस्थापक भारत एकेडमी), असिस्टेंट डायरेक्टर रुचि सक्सेना, मैनेजर रजत सक्सेना, भरत सक्सेना आदि सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

अंत में श्रीमती श्रावन सक्सेना ने वहा आए सभी गणमान्य वियक्तियों का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टॉफ, अभिभावक और बच्चो का शुक्रिया अदा किया।

# सही जिन्दगी गुजारने के तरबियत का महीना है माहे रमज़ान

**कलीमुल्लाह**



**सिद्धार्थनगर।** माहे रमज़ान, इंसानी जिन्दगी को सही तरीके से गुजारने की तरबियत का महीना है। इंसान, रमज़ान महीने में जिस तरह से चोरी, डकैती, गीबत, जिना, झूठ, फरेब, बेईमानी से बचकर नमाज़, रोजा, जकात, फितरह वगैरह अदा करके, गरीबों मिसकीनों की मदद करके अल्लाह की खुशनूदी हासिल करता है, ठीक उसी तरह बाकी महीनों में भी गुजारने की तरबियत देता है। अगर इंसान रोजे के दौरान बुराइयों से दूर नहीं रहता है तो उसे रोजा रखने और भूखे प्यासे रहने का कोई मतलब नहीं।

अल्लाह तआला कुरआन ए मजीद में फरमाता है कि ऐ ईमान वालों तुम पर रोजा फर्ज़ किया गया है, जैसा कि तुम से पहले के लोगों पर फर्ज़ किया गया था, ताकि तुम मुत्तकी और परहेजगार बन जाओ। मजहबे इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर है, जिसका एहतेमाम और कायम करना हर मोमिन पर लाज़िम और फर्ज़ है। पहला एक अल्लाह पर यकीन रखना, और उसके मुकाबिल किसी को शरीक न करना। दूसरा नमाज़ कायम करना। तीसरा जकात देना। चौथा रोज़ा रखना। पांचवां साहिबे हैसियत होने पर खान ए कअबा का तवाफ़ करना यानी हज करना। माहे रमज़ान में रोजा रखना एक जिस्मानी और रूहानी इबादत है। माहे रमजान के पूरे महीने को दसङ्कदस महीने के हिसाब से तीन अशरह में बांटा गया है। पहला अशरह रहमत का दूसरा अशरह मगफिरत का तीसरा अशरह जहन्नुम से निजात यानी आजादी का है। अल्लाह के पैगंबर नबी ए करीम मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फ़रमाया कि जिसने ईमान और एहतेसाब निय्यत की रोज़ा रखा उसके गुजिशता यानी पिछले गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। माहे रमज़ान इबादतों का गहवारा है, इसलिए इस माह में जितनी नेकियां की जाती हैं, उसका दीगर महीने से सत्तर गुना शवाब यानी पुण्य मिलता है। इस महीने में गरीबों, मिसकीनो में ज्यादा से ज्यादा खर्च किया जाता है, तो अल्लाह भी उसके माल व दौलत में इंतहाई खैरो बरकत अता फरमाता है। अल्लाह तआला ने हर साहिबे हैसियत पर जकात और फिरतह भी वाजिब यानी फर्ज़ करार दिया है। जो ईद की नमाज़ के पहले पहले गरीबों और मिसकिनों में अदा करना लाज़िम है। ताकि पैसों की तंगी की वजह से किसी गरीब और मिसकीन की ईद फीकी न पड़ जाए। नबी ए करीम मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फ़रमाया कि जिसने भी एक रोजेदार को शाम के वक्त रोजा इफ्तार कराया तो उस शख्स को भी उस रोजेदार के बराबर शवाब मिलता है, चाहे वह एक घूंट पानी या एक खुजूर का दाना ही क्यों न हो। इसलिए किसी ने भी इस माहे मुबारक को पा करके रोजा रखकर, गरीबों मिसकीनों में माल व दौलत खर्च करके कुरआन ए पाक की तिलावत और इबादत करके अपनी मगफिरत नहीं करवाया तो उसके जैसा बदनसीब इंसान कोई नहीं है। अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह मुबारक के आखरी अशरह में हमने लैलतुल कद्र में कुरआन मजीद को उतारा, इसलिए आखरी अशरह की 21, 23, 25, 27 और 29 ताक रातें अल्लाह की नज़र में इंतहाई महबूब हैं। इबादत और कुरआन ए मजीद की तिलावत के साथ इस ताक रातों में लैलतुल कद्र की तलाश में पेश पेश रहना चाहिए, क्योंकि इस रात की इबादत एक हजार महीने की इबादत से बेहतर है। अल्लाह तआला बंदे की तमाम गुनाहों को माफ फरमाता है। नमाज़, फितरह, जकात, हज वगैरह में रयाकारी हो सकती है, लेकिन रोज़ा में रयाकरी नहीं होती, रोजे की हालत में सारी नेअमतें सामने होने के बावजूद भी कोई भी रोजेदार हलक के नीचे नहीं उतारता है। रोज़ा खालिश अल्लाह की रजा और खुशनूदी के लिए रखता है, इसमें रयाकारी की कोई गुंजाइश नहीं होती। इसलिए रोजे का बदला खुद अल्लाह तआला ने अपने हाथों से देने का वादा किया है, बाकी दीगर नेकियों का बदला अपने फरिश्तों के हाथों से बंदे को दिलवाएगा। इसलिए रोजे की अहमियत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

## सूचना

मेरा एक प्लाट मानकमऊ के सुन्दरनगर क्षेत्र में स्थित था जो प्रार्थी ने मो0 मुस्तफा अलवी पुत्र मौ0 अख्तर नि.मौ0 शाहमदार निकट पुल जोगियान, थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर को दे दिया था, उक्त प्लाट पर मौ0 मुस्तफा ने अपने व्यक्तिगत खर्चे से मकान भी निर्मित कर लिया था। मैं और मो. मुस्तफा दिनाँक 28.9.2023 को प्लाट का असल बैनामा अपने वकील को दिखाने के लिए जा रहे थे असल बैनामा प्रार्थी के थैले में रखा हुआ था, आली की चुंगी से मण्डी समिति रोड के रास्ते में मेरा थैला कहीं गिर गया है प्रार्थी ने काफी तलाश किया परन्तु नही मिला उक्त बैनामे का विवरण निम्नवत् है एक किता असल बैनामा कुल 9 वर्क इकरारी श्री अरविन्द कुमार पुत्र ईश्वर पाल बहक प्रार्थी दिनोंकित 13-12-2010 जिसकी रजिस्ट्री बही सं0 1 की जिल्द सं0 6005 के पृष्ठ सं0 299 से 316 पर क्रमांक 9537 पर दफतर सब रजिस्ट्रार सहारनपुर में दिनाँक 13-12-2010 को हुई थी उक्त असल बैनामा यदि किसी को मिले तो सूचित करें।

**संपर्क करें मौ0 फैसल पुत्र शमीम अख्तर निवासी मौ0 आली की चुंगी, मण्डी समिति रोड, निकट नाज पैलेस, थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर 6.3.2024 मो. नं. 6395637236**

## सूचना


एक असल बैनामा बाबत एक किता मकान दो मंजिला उत्तर मुहाना नगर पालिका. न.5/27 हाल नगर पा. न.1/119 कुल मकानात एक मैजिता व दो मंजिका अमृत लाल कपूर दि.20 मुस्ददिका 23.9.1989 को जिल्द 3415 सफा 33/38 न.12689 पर सब रजि.कार्या.में स.पुर में दर्ज है कहीं खो गया ढूंढने पर नहीं मिला है यदि किसी को मिले तो सूचित करें।

**एड.ठाकुर पंकज सिंह चै.141 सिविल कोर्ट, सहारनपुर**

# सम्पर्क व संवाद के जरिए सरकार की योजनाओं की चर्चा करें: लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विधानसभा अयोध्या के महानगर, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ,



विभाग व शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजकों व अन्य पदाधिकारियों की कार्यकर्ता बैठक कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लॉन में आयोजित की गई। लोक सभा चुनाव में बूथ प्रबंधन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सांसद लल्लू सिंह का 51 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में लोक सभा के संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से वृत्त लिया।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं व विकास को अयोध्या के हर व्यक्ति ने महसूस किया है। कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क अभियान चलाएं। सम्पर्क व संवाद के जरिए सरकार की योजनाओं की चर्चा करें।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या नगरी है। यहां का अद्वितीय विकास हो रहा है। हम सभी की भी जिम्मेदारी कि देश में सर्वाधिक मतों से अयोध्या के चुनाव में विजय प्राप्त हो।पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अयोध्या चुनाव पर पूरे विश्व की निगाहें लगी है। इस बार जीत बहुत बड़े अंतर से हो इस संकल्प के साथ हम सभी को कार्य करना है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ जीतेंगे तथा चुनाव जीतेंगे। चुनाव जीतने का मूल मंत्र बूथ प्रबंधन है। सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ स्तर के कार्यकताओं व पन्ना प्रमुख से लगातार सम्पर्क में रहें। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से लगातार जनता से सम्पर्क व सवांद करते रहें।

पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि कमजोर व हारे हुए बूथों पर विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जाए। जो बूथ पिछले चुनाव में जीते थे वहां जीत के अंतर को और बढ़ाना है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने कहा कि पिछले चुनाव से जीत के अंतर और बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं।

# राजस्थान सीएम ने कैबिनेट संग, लोकसभा अध्यक्ष ने परिवार संग लगाई रामलला के दरबार में हाजिरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रभु श्रीरामलला के नव्य-भव्य मंदिर में अपनी कैबिनेट के सदस्यों साथ विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। वहीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी परिवार संग प्रभु दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। दर्शन पूजन के उपरांत राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने अयोध्या में माहेश्वरी समाज के धर्मशाला की आधारशिला रखी। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। इसके अलावा प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी रामलला के मंदिर में दर्शन-पूजन किये।

**राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं: सीएम भजनलाल**

श्रीरामलला के मंदिर में अपनी कैबिनेट सहित 133 प्रतिनिधिमंडल के साथ दर्शन पूजन के उपरांत राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां आकर मन प्रसन्न हो गया



है, क्योंकि पहले तो हम सभी ने टेंट में ही प्रभु का दर्शन किया था। उन्होंने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर अपने आप को सौभाग्यशाली मान रहा हूं। ये बहुत बड़ा काम हुआ है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत धन्यवाद और साधुवाद। उनके प्रयास से ही अयोध्या में दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक महत्व के केंद्र के रूप में विशाल रामलला का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं। राम हमारे आस्था के केंद्र हैं। सीएम भजनलाल ने लोकसभा चुनाव के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सभी जगह राम की महिमा है, भगवान राम जो करेंगे अच्छा करेंगे। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के स्पीकर वासुदेव ददलानी ने कहा कि अयोध्या आकर वह अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वर्षों का आंदोलन साकार हो चुका है।

**रखी गई माहेश्वरी समाज के धर्मशाला की आधारशिला**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अखिल भारतीय महेश्वरी सेवा सदन पुष्कर राजस्थान की ओर से बनाई जाने वाली सरस्वती देवी शिवकिशन दम्मानी भवन का भूमि पूजन किया। अयोध्या के दशरथ कुंड के पास 100 करोड़ से बनने वाले माहेश्वरी समाज की धर्मशाला में 300 कमरे होंगे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी मौजूद रहे।

**अलौकिक है प्रभु श्रीराम की ये धरती: ओम बिडला**

श्रीरामलला के भव्य मंदिर में परिवार समेत दर्शन-पूजन के उपरांत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा अयोध्या की पावन धरती और सरयू नदी हम सबकी आस्था व विश्वास और हम सबमें चेतना जागृत करने वाली है। इस धरती पर आज प्रभु श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। प्रभु सियाराम की यह धरती हम सबके लिए अलौकिक है, जो सबको आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरणा देती है। भगवान राम का जीवन, उनके आदर्श, उनके मूल्य आज लोकतंत्र के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

## श्री विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर में चार कन्याओं की कराई शादी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि पर्व पर गाजे बाजे से निकली गई भगवान भोले शंकर की बारात। बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत, डीजे की धुन पर झूमते गाते बारातियों ने लगाए हर हर महादेव के नारे। बारात में ढोल नगाड़े गाजे बाजे भूत प्रेत और अघोरी बाबा शिव विवाह की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र। वहीं हर साल की भांति इस साल भी 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित श्री विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर चार गरीब असहाय कन्याओं का विवाह पूर्व पार्षद दिलीप यादव व उनके धर्मपत्नी के सहयोग से विधि विधान से मंदिर में कराया गया, कन्याओं को महापौर गिरीश त्रिपाठी, विकास सिंह कबड्डी संघ के अध्यक्ष, मनोज जायसवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता, शिवसेना प्रमुख संतोष दुबे, नरेश जायसवाल, प्रियांशु यादव, चंद्रहास यादव को आशीर्वाद दिया। मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अवध विवि की महिला बॉक्सरो के पंच से निकले एक रजत और तीन कांस्य पदक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की महिला बॉक्सरों ने विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किया। किक बॉक्सिंग की ततामी प्वाइंट फाइटिंग इवेंट के 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियांशी चन्द ने विश्वविद्यालय को रजत पदक दिलाया। वहीं ततामी प्वाइंट फाईटिंग 70 किलोग्राम भार वर्ग में श्रेया पाण्डेय ने कांस्य पदक प्राप्त किया। दूसरी ओर रिंग स्पोर्ट्स लो किक इवेंट के 48 किलोग्राम भार वर्ग में जागृति गौतम ने कांस्य, रिंग स्पोर्ट्स लो किक 60 किलोग्राम भार वर्ग में सोनाली निषाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के टीम मैनेजर स्वाती उपाध्याय एवं कोच डॉ. अनुराग पाण्डेय रहे।

# जिला समाजवादी पार्टी युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव ने 52 सदस्यीय कमेटी घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला समाजवादी पार्टी युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव ने 52 सदस्यीय कमेटी घोषित की, सुल्तान खान बने महासचिव व उपाध्यक्ष अतुल कुमार, शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, दीपक यादव, अनुभव रावत, दानिश खा बने। आज समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ने पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर अपनी 52 सदस्य कमेटी की घोषणा की जिसमें मुख्य अतीथ फिरोज खान गब्बर मौजूद रहे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कमेटी में उपाध्यक्ष अतुल कुमार, शुभम वर्मा, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, दीपक यादव, अनुभव रावत, दानिश खा महासचिव सुल्तान खान कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मीडिया प्रभारी मोहम्मद अनस, सचिवअशोक यादव, आजाद सिद्दीकी, अविनाश सिंह, आशिक यादव, वीरेंद्र कुमार बबलू, बजरंग उपाध्याय, शशांक यादव, रामदुलारे, समरपाल सिंह, मोहम्मद शरीफ, सुधांशु यादव, अनिल,



वीरेंद्र यादव, अजय रावत अज्जू, विशाल यादव, शैलेश कुमार गोस्वामी, प्रेम कांत यादव, सुरेंद्र पाल, मनोज यादव, हिमांशु यादव, पवन कुमार रावत, बृजेश निषाद, सुशील रावत, रियाज खान, अफजल अली, अमन आर्य, रवि शर्मा, उपेंद्र कुमार, अनिल कुमार बाबा, विजय यादव सदस्य- शिवकुमार गोड़, अजय तिवारी अज्जू, राजकुमार, संदीप कुमार, हरिनाथ यादव, बृजेश प्रताप कोरी, प्रिंस, दिनेश कुमार, अफजल खा, जितेंद्र यादव, जीतू श्रीवास्तव, रामचरण यादव गांधी बनाए गए बीकापुर प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर ने कहा ये चुनाव सविधान को बचाने का चुनाव है, भारतीय जनता पार्टी संविधान को मिटाना चाहती है, भदरसा चेयरमैन मो राशिद ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे हर वर्ग बिरादरी को सम्मान मिलता है सभी लोग 2024 के चुनाव में कमर कस ले जिससे गटबंधन के प्रत्याशी ज्यादा से ज़्यादा वोटो से विजयी हो, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से वोटरो के बीच जाकर समाजवादी पार्टी के किए कार्यों को जनता को बताए और उनकी मौजूदा समस्या को सुने और उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी से मिले, युवजनसभा के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी से कहा कि सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में लग जाएं जिससे जिससे गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद जी भारी से भारी मतों से विजई हों। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, जिला उपाध्यक्ष एजाज खां, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष राशिद जमील भादरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा शिवांशु तिवारी अवधेश गोस्वामी वीरेंद्र गौतम, जगन्नाथ यादव, अंसार अहमद मौजूद रहे।

# पीड़ित की मदद, भ्रषचार का विरोध संस्था का प्रमुख उद्देश्य: विश्वास

*अवधनामा संवाददा*

**कुर्सी बाराबंकी।** निंदूरा जगद्गुरु श्री चंद्र भगवान आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांति नगर इटौंजा के परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न हुई। संस्था के प्रसार व विस्तार के उद्देश्य से अशोक कुमार वर्मा विश्वास के संयोजन में आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय समर्थकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं संस्था के सचिव डॉक्टर ओमप्रकाश प्रकाश ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सिद्धांतों पर चलकर अहिंसक कार्यवाही द्वारा असहाय निर्धन व पीड़ित लोगों की मदद कर उन्हें न्याय व राहत दिलाना है। भ्रष्टाचार का विरोध करना संस्था का मुख्य कार्य है। संस्था के प्रसार हेतु अशोक कुमार वर्मा विश्वास निवासी हुसैन नगर इटौंजा एवं इस विद्यालय के प्रधानाचार्य को अस्थाई संयोजक मनोनीत किया जाता है। वह बैठकों




का आयोजन कर लोगों को जागरूक करें इनके 6 माह के कार्य के आधार पर केंद्रीय समिति ने आकलन व अनुमोदन पर उन्हें स्थाई संयोजक बनाया जाएगा। डॉक्टर प्रकाश ने स्पष्ट किया कि हर परेशान व्यक्त की संस्था मदद करेगी मगर उसे सदस्य नहीं बनाएगी जुड़ने वाले लोगों को एक वर्ष के बाद चरित्र सक्रियता व ईमानदारी का आकलन कर केंद्रीय समिति के निर्णय पर ही सदस्यता व संस्था के कार्य की जिम्मेदारी दी जा सकेगी, सुरेश चंद्र व विजय कुमार ने अपनी समस्या रखकर मदद मांगी। अगली बैठक 14 अप्रैल 2024 रविवार को प्राथमिक विद्यालय पीपरसंड में होगी। बैठक में नंदकिशोर शैलेंद्र कुमार रामकिशोर प्रधान विजय कुमार सुरेश चंद्र डा संतोष कुमार धर्मेद्र प्रमोद कुमार शेर बहादुर महेंद्र कुमार माता प्रसाद शिवकुमार सिंह रामचंद्र सिंह चौहान ओम प्रकाश रावत अनुरागी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सभी पात्रों को मिले पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ: डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** पीएम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित डीएम



कार्यालय में जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला कियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जनपद बदायूँ प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में 1037 ग्राम पंचायतों में से केवल 979 ग्राम पंचायतें ही ऑनबोर्ड हो पायी हैं तथा 58 ग्राम पंचायते अभी भी आनबोर्ड होना अभी बाकी हैं।

पोर्टल पर अभी तक ग्राम पंचायतों में 13263 आवेदन पत्र तथा नगरीय क्षेत्र में 8346 आवेदन पत्र अर्थात कुल 21609 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। ग्राम पंचायतों में 11044 आवेदन पत्र एवं नगरीय क्षेत्र में 5314 आवेदन पत्र अर्थात 16358 आवेदन अभी भी स्टेज-1 पर सत्यापन हेतु लम्बित हैं तथा ग्राम पंचायतों में 2193 आवेदन पत्र एवं नगरीय क्षेत्र में 2943 आवेदन पत्र अर्थात कुल 5136 आवेदन पत्र अभी भी स्टेज-2 पर सत्यापन हेतु पोर्टल पर लम्बित प्रदर्शित हो रहे हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जी0पी0/यू0एल0बी0 ऑन-बोर्डिंग शत-प्रतिशत कराया जाए। पोर्टल पर प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का प्रथम चरण का सत्यापन एक सप्ताह में पूर्ण कराया जाए। प्रथम चरण के सत्यापन के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों का द्वितीय चरण का शत-प्रतिशत सत्यापन कर निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ट्रेडों में आवेदन कम प्राप्त हुए हैं उन ट्रेडों में लोगों का आवेदन कराया जाए। कोई भी ग्राम पंचायत आवेदन करने में नहीं छूटना चाहिए। प्रयास कर सभी ट्रेडों में आवेदन कराएं जाएं जिससे अधिक से अधिक पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जलाने का प्रयास

**बाराबंकी।** दहेज में बाइक व दो लाख रूपए की मांग न पूरी होने पर नशेड़ी पति ने पत्नी की पिटाई कर जलाने की कोशिश की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने पति सहित आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के बंकी चौकी अन्तर्गत मोहल्ला दक्षिण टोला निवासी निधि तिवारी ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है उन्होने बताया कि उनकी शादी एक साल पहले जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज निवासी अभिषेक तिवारी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज की कमी को लेकर मारते पीटते थे। पति व ससुराल वालों दहेज में बाइक व दो लाख रूपए की माग की। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति मार्फीन के नशे का आदी हैं। छह मार्च को पति अभिषेक नशे की हालत में कमरे के अन्दर आए और जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं मेरी सास ने मुझे पेट्रोल डाल कर जलाने का प्रयास किया।

# छात्र- छात्राओं में हुआ नि:शुल्क स्मार्ट फोन का वितरण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना के तहत नि:शुल्क स्मार्ट फोन का वितरण छात्र- छात्राओं को किया गया। स्मार्ट फोन पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले नजर आ रहे थे।

कालेज में रविवार को आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य थे। इस मौके पर बीए तृतीय वर्ष व बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने स्मार्ट फोन दिया। इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि मैं सभी को शुभकामना देती हूं कि जो लक्ष्य आपने जीवन में लिया है उसे प्राप्त करें। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जिन बच्चों का नाम लिस्ट में नहीं है वह निराश न हो। आवेदन करें जल्द ही स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर प्रवक्ता आदि मौजूद थे।

## छेड़छाड़ प्रकरण में 3 वर्ष का कठोर कारावास

**बाराबंकी।** न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना के अभियुक्त को 3 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बाराबंकी पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना हैदरगढ़ पर नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मामले में सजा सुनाई गई। पाक्सो एक्ट व एससी, एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त ज्ञान बहादुर पुत्र जंगीलोध निवासी पिचूरी मजरे चौबीसी थाना हैदरगढ़ को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 46 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## सपा कांग्रेस में नही कोई मनभेद, मजबूती से लड़ रहे चुनाव: रामसागर

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में कोई शिकायत नही हैं। इण्डिया गठबन्धन मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा हैं।

उक्त अपील पूर्व सांसद रामसागर रावत ने आज नई सड़क तिराहे पर विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ की इण्डिया गठबन्धन समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस के बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं से की। बैठक का संचालन पवन तिवारी ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नकुल दुबे, अरविन्द सिंह गोप, पूर्व विधायक राममगन रावत तथा रामगोपाल रावत तथा इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया एवं रितेश सिंह मौजूद थे। पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतों से जिताने की अपील की। प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि गठबन्धन हो गया हैं और सपा व कांग्रेस दल मिलकर चुनाव लड़ रहे। दल मिल चुके हैं आज यहां संयुक्त बैठक बूथ स्तर के कार्यकर्ता के साथ दोनो दलों के नेताओं के साथ दिल से दिल मिलान की बैठक हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने कहा कि यह चुनाव लोकसभा का नही संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने का चुनाव हैं, यह चुनाव देश को बनाने वालों और देश को बेचने वालों के बीच हो रहा हैं। इस अवसर पर परशुराम यादव, धर्मेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, रामरूप, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, शब्बीर पहाड़ी, प्रीतम सिंह वर्मा, हिमांशु यादव, रिंकू सोनी आदि मौजूद थे।

## राम भक्त श्रद्धालुओं की सेवा में संस्थाओं द्वारा रवाना हुई एम्बुलेंस

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन एवं साई दीप फाउंडेशन लखनऊ के सौजन्य से निशुल्क राम भक्तों की सेवा के लिए अयोध्या में झंडी दिखाकर रवाना किया एम्बुलेंस।संस्था अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बताया कि अयोध्या में आए श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दोनों संस्थाओं ने मिलकर सेवा हेतु निशुल्क एम्बुलेंस का शुभारंभ समाज सेविका बिंध्या थापर द्वारा श्री राम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेविका बिंदिया थापर लखनऊ जी का स्वागत अंग वस्त्र, बुके एवं माल्यार्पण कर संस्था संरक्षक बसंत राम व उनके नेतृत्व में सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर किया साथ में विशिष्ट अतिथि सचिन थापर जी को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। एंबुलेंस लगाने का उद्देश्य है दूरदराज से आए हुए श्रद्धालुओं के अचानक अस्वस्थ होने पर जनपदीय अस्पताल पहुंचा जा सके। एम्बुलेंस रामपथ जन्मभूमि पथ नये घाट सहित विभिन्न भीड़ वाले स्थल पर स्थापित किया गया है। मुख्य अतिथि थापर जी ने बताया कि राम कण कण में विराजमान हैं। राम भक्तों की सेवा करके मुझे अपार संतुष्टि मिलती है राघव के सेवा के लिए मैं हर संभव तत्पर हूं। संरक्षक बसंत राम ने कहा कि प्रभु राम अयोध्या से चलकर लंका तक 14 वर्ष वनवास के दौरान सेवा और मर्यादा का परिचय दिया है अयोध्या के हर मानव में मर्यादा और सेवा व्याप्त है मुझे सेवा करने के लिए मेरी मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है और बड़ी बहन थापर जी के साथ राम भक्तों का सेवा करने का अवसर मिला मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

## निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सक्सेना चौक स्थित निर्माणाधीन पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने दौरान पार्किंग, पाथवे, सरोवर, प्रवेश व निकास द्वार, गार्ड रूम आदि निर्माण कार्यों को देखा। उन्होंने वेंडिंग जोन में महराजगंज-निचलौल मार्ग पर पार्क के सामने स्थित रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को समायोजित करने हेतु वेंडिंग जोन में दुकान निर्माण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन को आकर्षक और व्यवस्थित तरीके से बनाने का निर्देश दिया। साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन हेतु रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को सूचीबद्ध कर लें।

जिलाधिकारी ने पार्क में आने वाले आगंतुकों हेतु कैंटीन एवं शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। साथ जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार निर्माणाधीन पार्क में मिनी बौद्ध संग्रहालय, ओपन जिम, योग एवं ध्यान केंद्र और हर्बल गार्डन के निर्माण और पार्क के सुंदरीकरण कार्य हेतु जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि पार्क को आकर्षक ढंग से तैयार करें और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल, ईओ नगर पालिका आलोक मिश्रा, परियोजना अधिकारी अंकित पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दुर्व्यवहार पर भड़के पत्रकारों ने चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग की

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** फरेंदा थानाक्षेत्र के अंतर्गत कस्बा चौकी पर बीते दिनों तैनात चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह के द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवाहर को लेकर सोमवार को जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में पत्रकारों की एक कमेटी जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक को मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग की। इसपर दोनों अधिकारियों ने जांच कर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

बताते चले बीते दिनों फरेंदा कस्बा चौकी पर इंचार्ज के रूप में तैनात अमित सिंह द्वारा एक प्रकरण को लेकर पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया गया। जिसको लेकर पत्रकारों में काफी रोष उत्पन्न हो गया। संगठन के द्वारा पुलिस अधीक्षक को फोन पर सारी स्थिति से अवगत करा दिया था जिसका परिणाम रहा बीती रात पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने अमित सिंह का स्थानांतरण कर दिया।

जिसपर पत्रकारों ने अपर पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद देते हुए कहा कि अमित सिंह जनपद में जहा भी तैनात रहे है वहा विवादो से नाता रहा हैं। इनकी वजह से जनपद में पुलिस की छवि भी धूमिल हुआ हैं। जनपद की पुलिस काफी अच्छा काम करने के बाबजूद भी ऐसे पुलिस कर्मियों के वजह से आम जनता के दिलों में दहशत बना रहता हैं। पत्रकारों ने कहा कि अमित सिंह पर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। इसपर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जांच कराकर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुनील श्रीवास्तव, दीपक शरण श्रीवास्तव, जेपी सिंह, शैलेश पांडेय, अनिल वर्मा, सुदेश मोहन श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, सुनील यादव, विनोद गुप्ता, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजुद रहे।



## जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**बाराबंकी।** जिला उद्यान विभाग द्वारा जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन ऑफिसर्स क्लब के परिसर में किया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के अलावा जनपद के प्रगतिशील किसान अमरेंद्र प्रताप सिंह रूद्र, जरवेरा खेती करने वाले मुइनुद्दीन आदि उपस्थित रहे। एक दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी के बारे में डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गत दिनों मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल ने मंडल के सभी जनपदों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुष्प प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए थे। इस पुष्प प्रदर्शनी में पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गतिविधियां आयोजित हुईं। इसके लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, डीएचओ महेश श्रीवास्तव, ईओ संजय शुक्ला के साथ डायट प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

## सीएचसी पर पहली बार लगा अल्ट्रासाउंड मशीन, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ सीएचसी पर डिजिटल अल्ट्रा साउंड मशीन लगने से लाखों लोग होंगे लाभान्वित शोहरतगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विनय वर्मा के अथक प्रयास से शासन द्वारा अल्ट्रा साउंड मशीन की सेवा उपलब्ध करवाने के लिए रविवार को मशीन शोहरतगढ पहुंच गई है। मशीन के लग जाने से स्वास्थ सेवाओं के क्षेत्र में प्रगति की एक और नई उड़ान शामिल हो गए है। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा आज हमारे विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिजिटल अल्ट्रासाउंड मशीन का सेटअप हुआ है। इस तरह के अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन हमारे जनपद में पहली बार लगाया गया है। जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस तरह के पहल एवं हमारे विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक उपकरण व्यवस्था हेतु मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिला चिकित्सा अधिकारी को भी धन्यवाद दिया है। इस सुविधा से लाभान्वित होने वाले क्षेत्र के मरीज़ों को हार्दिक शुभकामनाएँ इस विकास कार्य से अब हमारे क्षेत्रवासियों को अपने विधानसभा क्षेत्र में ही उच्च तकनीक के अल्ट्रासाउंड की सुविधा सुनिश्चित हो पायेगी और उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा इसकी भी खुशी है।

## भाजपा पिछडो की सरकार: सुभाष

अवधनामा संवाददाता



**पौली।** पौली विकास क्षेत्र के शनिचरा बाजार स्थित राम जानकी मार्ग के किनारे स्थापित दुर्गा मंदिर का 2 करोड़ 79 लाख रुपये मे सुंदरीकरण कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने वैदिक मंत्रोचार द्वारा भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यदुवंश ने कहा कि 2 करोड़ 79 हजार की लागत से मंदिर परिसर के सुंदरीकरण का कार्य शीघ्र शुरु होगा। साथ-साथ इस मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सर्व समाज की सरकार है। बिना भेदभाव के सभी को प्रत्येक योजना का लाभ मिलता है। राम मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरो का भी जीर्णोधार कर पर्यटक स्थल के रुप मे विकसित हो रहा है। राम जानकी मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य भाजपा सरकार में ही संभव था। अन्य सरकारे परिवारवाद के साथ साथ जाति देख कर योजना का लाभ देती थी। भाजपा सरकार पिछडो की सरकार है। इसी मे हित है। लोकसभा चुनाव सन्निकट है। तमाम दल के लोग प्रलोभन देने का काम करेंगी लेकिन उनके बहकावे मे न आकर फिर भाजपा सरकार बनाए। भाजपा के जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव , प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष राम मिलन यादव, चिक्कन सिंह, एपीएम पर्यटन विभाग के राजेंद्र प्रसाद, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, दिगपाल पाल, बबन शर्मा, कपिल देव कनौजिया, पवन कसौधन, राम अजोर कसौधन, भरत, भुवाल चौधरी, अनिल जायसवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**2 करोड 79 हजार से चमकेगा शनिचरा बाजार में स्थापित दुर्गा मंदिर**

## राष्ट्र निर्माण की एक इकाई है राष्ट्रीय सेवायोजना : डॉ सतीश

दानिश मेंहदी



**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्राओं के लिए समाज सेवा का एक वरदान होता है द्य जिसके माध्यम से महाविद्यालाय स्तर पर छात्र छात्राएं सीख कर सामाजिक कार्यों हेतु परिपूर्ण होते हैं।

उक्त बाते मुख्य अतिथि डॉ सतीश अंबेडकर, पूर्व महानिदेशक, फार्मासिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के (सात दिवसीय विशेष शिविर )का उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा। श्री अंबेडकर ने कहा कि एनएसएस बच्चो के लिए सेवा का ऐसा मंच है जो रचनात्मकता सिखाती है। माँ तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (सात दिवसीय विशेष शिविर) का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सतीश अंबेडकर, पूर्व महानिदेशक, फार्मासिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन अध्यक्ष, डॉ अश्वनी कुमार विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय, कार्यक्रमाधिकारी डॉ शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई), डॉ अभिषेक पाण्डेय (द्वितीय इकाई) ,डॉ0अभिषेक राजभर (रसायन विज्ञान विभाग ), डॉ0 मालती राजभर, डॉ0 सुशील मौर्य विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग,आदि की उपस्थिति में माँ सरस्वती, भारत माता एवं संविधान शिल्पी डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 सतीश अंबेडकर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट निर्माण की एक छोटी इकाई है राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक / स्वयं सेविका इसके अंश है।

## पीएम ने किया लखपति दीदी कार्यक्रम अंतर्गत समूह सदस्यो के साथ संवाद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लखपति दीदी कार्यक्रम के अवसर पर समूह सदस्यो के साथ संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के अम्बेडकर सभागार में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लाभार्थियों के साथ देखा गया।

अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का 3 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। जनपद सिद्धार्थनगर में लगभग 15 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को लखपति दीदी बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा पूरे देश की महिलाओ को सश्क्त व स्वावलम्बी बनाने के लिए लखपति दीदी कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री है जो महिलाओ को सशक्त व स्वावलम्बी बनाने के लिए उनसे बात कर रही है। पहले महिलाओ की पहचान घर के अन्दर तक ही सीमित थी आज महिलाओ द्वारा घर से बाहर निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा बीसी सखी, विद्युत सखी मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, बेकरी, कास्मेटिक, दोना-पत्तल आदि बनाने का कार्य करके जनपद का नाम रोशन कर रही है। जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सिद्धार्थनगर की महिलाओ को अवसर एवं सहारा प्रदान कराकर उनकी आजीविका बढ़ाने का कार्य किया है, जिससे जनपद की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर जनपद का नाम रोशन कर रही है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया है तथा स्वरोजगर हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 12135 स्वयं सहायता समूहो का गठन किया गया है। एन.आर.एल.एम. योजना के अन्तर्गत 140325 लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। स्टार्टअप फंड से 9891 स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित किया गया है। रिवाल्विंग फंड से 8804 स्वयं सहायता समूह को लाभान्वित किया गया। सामुदायिक निवेश निधि से 4003 स्वयं सहायता समूह, बैंक क्रेडिट लिंकेज से 7171 स्वयं सहायता समूहो को लाभान्वित किया गया। अतिथियों द्वारा उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डो के 32 समूहो को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनप्रतिनिधिगणों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम कुमार कुंवर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, स्वयं सहायता समूह की महिलाये आदि उपस्थित थी।

## आयुक्त ने कलेक्ट्रेट का किया वार्षिक निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा गार्ड ऑफ आनर की सलामी ली गयी तथा जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।

आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय में ईआरके पटल, जीसी पटल, एल.बी.सी., खनन सहायक आदि पटल को देखा गया। आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा कार्य विभाजन के संबध में जानकारी चाही गयी। आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती दने अपने कार्यो की सूची पटल पर चस्पा कराने का निर्देश दिया। सेवा पुस्तिका, डिस्पैच रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। कहा कि महत्वपूर्ण डाक हेतु रजिस्टर अलग से तैयार करा ले। वाद लिपिक पटल, न्याय सहायक कक्ष, अभिलेखागार, मुख्य राजस्व अभिलेखागार, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती ने एस.एल.ओ. को निर्देश दिया कि किसी का भी भूमि अधिग्रहण से संबधित बकाया न रहे। कैम्प लगाकर मुआवजा वितरण कराये। आयुक्त ने स्वामित्व योजना, अभियोजन कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ईडीएम कक्ष, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, अपर उप जिलाधिकारी कोर्ट, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय आदि को देखा। कहा कि किसी भी कर्मचारी का प्रमोशन, किसी भी प्रकार क्लेम आदि प्रकरण लम्बित न रहे। किसी भी व्यक्ति का किसी भी पटल से कोई समस्या है तो उसका निस्तारण समय से कर दे अनावश्यक रूप से परेशान न करे।

### स्वयं सेवको ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तौफीक मेमोरियल डिग्री कालेज बयारा सिद्धार्थनगर में सोमवार को विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति अभिमान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वयं सेवको द्वारा वाहन चालको को रोक कर उन्हें समझाया गया कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमो का पालन करे, हेलमेट पहन कर चले तथा नशा करके वाहन ना चलाये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ साजिद गुफरान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जहीर अहमद मालिक तथा प्रवक्तागण राकेश कुमार चौबे, डा नीलम यादव, सोनी लारैब फ़ातिमा, रिचा श्रीवास्तव, रितेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय मे 79 छात्रों को वितरित हुआ स्मार्टफोन

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सावित्री श्रीनाथ महाविद्यालय रसूलपुर बाकरगंज अंबेडकरनगर में कुल 79 स्मार्टफ़ोन वितरण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी दिवाकर ने तथा संचालन संजय कुमार के द्वारा किया गया स्मार्टफ़ोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जलालपुर सुभाष राय जी अम्बेडकर नगर रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है उत्तर प्रदेश में अध्यनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफ़ोन काफी उपयोगी सिद्ध होगा छात्र-छात्राओं को चाहिए कि स्मार्टफ़ोन के द्वारा आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इसका सदुपयोग करें एवं इसके दुरुपयोग से बचने की सलाह भी दिया स्मार्टफ़ोन पाकर सभी छात्र-छात्राओं में ख़ुशी का माहौल रहा प्रबंधक शैलेश मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्र-छात्राओं को रोजगार परक शिक्षा देने की जरूरत है इसमें यह स्मार्टफ़ोन बहुत ही सहायक सिद्ध होगा और महाविद्यालय की विकास कार्यों एवं प्रगति की आख्या प्रस्तुत की महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के द्वारा अतिथि जी का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण के द्वारा किया गया।

## महिलाओं का सम्मान केवल भाजपा सरकार में : सांसद जगदंबिका पाल



अवधनामा संवाददाता

**उसका सिद्धार्थनगर।** तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने का सौभाग्य मिला। आने वाले दिनों में सभी महिलाओं को लखपति दीदी बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कही। वह सोमवार को उसका बाज़ार विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माधवपुर में आयोजित महिला सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है, जो महिलाएं घर के दहलीज के बाहर कदम नहीं रख पाती आज वह समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाओं के नाम से आवास, गैस सिलेंडर, बैक, खाता, राशन कार्ड, महिलाओं को देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा संसद में मोदी ने 35त्न आरक्षण पास कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है कार्यक्रम का आयोजन आशुतोष उपाध्याय ने किया लोकसभा प्रभारी रामकुमार कूवर राजेंद्र पान्डेय ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामभरोस चौहान ने सांसद सहित सभी आए आगुन्तको का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संपूर्णानंद ने किया। मौके पर राजधार पांडे, बजरंगी, रेवती चौहान, आशुतोष पांडे, दुर्गेश पांडे, सर्वेश पांडे, रूपेश उपाध्याय, विनय, दिनेश बृजेश मनीष महेंद्र भूपेश लालू बृजभूषण बेचू निषाद, गुड्डु वर्मा, कमलेश उपाध्याय, रुपेश उपाध्याय उदयभान चौबे राजधर पान्डेय अमित उपाध्याय बंजरगी विशम्भर नाथ, नीरज जायसवाल दिनेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## रोज़ा इस्लाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और एक महत्वपूर्ण इबादत है : मौलाना अली अब्बास

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी ने बताया कि रोज़ा भी इस्लाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और एक महत्वपूर्ण इबादत है। इसका मतलब है कि एक व्यक्ति अल्लाह तआला के आदेश का पालन करने के लिए सुबह सादिक़ से लेकर रात होने तक कुछ चीजों से परहेज़ करे। रमज़ान के महीने में रोज़ा रखना मुसलमानों पर फर्ज़ है और यह हुक्म पवित्र कुरान की सूरह बक़रह आयत 183 में दिया गया है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने तुम पर रोज़ा फ़र्ज़ किया है, जिस तरह तुम से पहले लोगों पर फ़र्ज़ किया गया था, ताकि तुम मुत्तक़ी बन जाओ। मिसाल के तौर पर अगर कोई शख़्स बीमार हो या रमज़ान के महीने में सफ़र पर हो तो ज़रूरी है कि बाद में रोज़ा न रख सकने वाले रोज़ों की क़ज़ा करे और जो शख़्स मुशक़्क़त के साथ रोज़ा रख सकता हो लेकिन रोज़ा न रखे तो ज़रूरी है कि हर रोज़े के बदले एक मिस्कीन को भोजन कराए। रोज़े के बहुत से फ़ायदे हैं इससे इंसान में अल्लाह के शुक्रगुज़ार होने, सब्र करने और बुराइयों से बचने का जज़्बा पैदा होता है और अमीर आदमियों को रोज़ा रख कर भूख और प्यास की शिद्दत और तकलीफ़ का पता चलता है और उनके दिलों में अपने ग़रीब भाइयों की मदद करने का जज़्बा और ख़ाहिश पैदा होती है। रोज़ा मानव शरीर की आंतरिक प्रणाली में सुधार करता है और शरीर में उत्पन्न हानिकारक अपशिष्ट उत्पादों को समाप्त कर देता है। मौलाना ने कहा कि रमज़ान का महीना बरकत वाला महीना है जिसमें पवित्र कुरान नाज़िल हुआ। इस महीने में इबादत और नेकी का सवाब आम महीनों से कहीं ज़्यादा है। लैलत-उल-क़द्र इसी महीने में आती है जिसे अल्लाह तआला ने हजार महीनों से अफ़ज़ल बताया है।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में द्वितीय बैच के एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



**पौली।** पौली विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) प्रशिक्षण का द्वितीय बैच के चौथे दिवस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षाधिकारी जर्नादन यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के पश्चात अपने अपने विद्यालय पर जा कर बच्चों के बीच प्रस्तुत करे। जिससे बच्चों को सीखने मे सुलभता मिल सके। गतिविधि का उपयोग अवश्य करे। जिससे बुनियादी भाषा व गणित में दक्षताओं को हासिल करने में आसानी होगी। प्राथमिक स्तर के सभी शिक्षक व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बच्चों के बीच जा कर प्रस्तुत करने का कार्य करे। टीएलएम का उपयोग अवश्य करे। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते। संदर्भदाता एआरपी राजेंद्र यादव, हरीराम यादव, अजय कुमार, राजेश गुप्ता व दिलीप कुमार ने प्रतिभागियों को आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित भाषा-गणित सहित सभी अन्य माड्यूलो के बारे में विस्तार से चर्चा कर टीएलएम का निर्माण व उपयोग के बारे में बताया। प्रशिक्षण में विपिन कुमार, दीपक यादव, नित्यानंद तिवारी, अनिल कुमार, देवेंद्र, मो उमर, शशिभूषण, मनोज कुमार, पराग सिंह, राघवेंद्र, राजन सिंह, नितेश सिंह, विजय कुमार, मुमताज, राममोहन शुक्ला, मुजीबुल्लाह, इफ्तेखार अहमद, एकता गोस्वामी, रुपाली बर्मा, चंद्रावती, प्रतिमा पाल, माया सिंह, नीलम, अनीता, वीवो खातून, रेखा गुप्ता सहित तमाम शिक्षक व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## विधायक सैय्यदा खातून ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विधायक सैय्यदा खातून ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र डुमरियागंज अंतर्गत विधायक निधि से निर्मित जमौतियां पिच रोड़ से ढेबुरूआ गांव तक लम्बाई 800 मीटर, लागत 55 लाख से बनी इण्टरलाकिंग सड़क, विधायक निधि से निर्मित शाहपुर अम्बेडकर पार्क में पाथ वे इटंरलाकिग कार्य का लागत 16 लाख विधायक डुमारियागंज सैय्यदा खातून के अथक प्रयास से इन सड़कों का टेंडर हो गया है। विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि जल्दी ही इसकी मरम्मत एवं गांव के पास सीसी सड़क बनना शुरू होगा। सड़क की लम्बाई 3100 मीटर व लागत 95 लाख है, जिसकी कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी बांसी है। इसके अलावा विधायक निधि से निर्मित धनखरपुर मुख्य मार्ग से अल्लापुर पुल तक सीसी सड़क लम्बाई 290 मीटर एवं पुलिया Saty 26 लाख का उद्घाटन किया। विधायक डुमारियागंज सैय्यदा खातून ने कहा कि विकास की कड़ी में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कहा कि मैंने क्षेत्र की वर्षो से खराब पड़ी सड़कों की बदहाली और आवागमन की दुश्वारियों को झेल रही जनता के दर्द को महशूस करते हुए इसके लिए कोशिश किया, जिसमें सफलता भी मिली।

## बिना संसाधन के ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक हुए लामबंद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बिना संसाधन उपलब्ध कराए, शिक्षकों से उनके निजी मोबाइल, सिम, व डेटा से ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं का डिजिटिलाइजेशन के दबाव से आक्रोशित शिक्षकों ने पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र व महामंत्री कलीमुल्लह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित शुक्ला एवं एमआईएस प्रभारी अमित पाण्डेय को देकर अपना विरोध दर्ज कराया।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 01 मार्च से 05 मार्च तक विरोध स्वरूप हाथों में काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया गया। फिर भी न तो समस्याओं का समाधान किया गया और न ही समस्त विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया गया, बल्कि शिक्षकों पर जबरन डिजिटाइजेशन के लिए दबाव बनाया जा रहा है, यही नहीं आदेश के अनुपालन न करने पर शिक्षकों को सेवा समाप्ति की नोटिस भी जारी की जा रही है। शिक्षक ऐसे किसी भी तानाशाही फरमान से झुकने वाला नहीं है। बिना लम्बित समस्याओं के समाधान और संसाधन उपलब्ध कराए शिक्षक कोई भी ऑनलाइन काम अपने निजी मोबाइल, सिम और डेटा नहीं करेगा, और यह विरोध अनवरत जारी रहेगा। जिला महामंत्री कलीमुल्लह ने कहा कि सभी विद्यालयों को सरकार की तरफ से टैबलेट, सिम और डेटा उपलब्ध कराए जाने, पदोन्नति, स्थानांतरण, समायोजन, प्रोन्नत वेतनमान, प्रत्येक विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को योग्यता के अनुसार सम्मानजनक वेतनमान आदि जैसे 18 सूत्रीय मांग पत्र देकर और वार्ता करके निदान की मांग की गई, परन्तु उन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है बल्कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा सरकार को गुमराह गुमराह किया जा रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति कत्तई व्यवहारिक नहीं हैं, संघठन इसका पुरजोर विरोध करता है। तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया गया तो संघठन प्रदेश स्तर पर विशाल धरना एवं प्रदर्शन करेगा। जिला कोषाध्यक्ष मस्तराम चौधरी ने कहा कि ऑनलाइन जीपीएफ अपडेशन, छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षकों की भर्ती, रसोइयों का मानदेय कम से कम नरेगा के मजदूरों के बराबर भुगतान किए जाने, प्रत्येक विद्यालय में अनुचर एवं चौकीदार की नियुक्ति किए जाने सहित 18 सूत्रीय मांगों का निस्तारण न करके ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओ के डिजिटाइजेशन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। और सरकार तथा समाज के लोगों में शिक्षकों के विरुद्ध माहौल बनाया जा रहा, जिसे शिक्षक समाज कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र, महामंत्री कलीमुल्लह, कोषाध्यक्ष मस्तराम चौधरी, राजेश यादव, लाल चन्द्र वरुण, अब्दुल अजीज, बुद्धिराम, रणंजय मिश्र, राम बिलास, आशीष भारती, बाल जीत, महेश धर द्विवेदी, जनार्दन यादव, राम कला, वरुणेंद्र राय, संजय कुमार पाण्डेय, शतुरंजय मिश्र, अयोध्या पसाद, बुद्धिराम, अहमद सईद आब्दी, राम सेवक, मोहम्मद आजाद, सुशील कुमार सिंह, अभिषेक यादव, आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डुमरियागंज में तीन दिवसीय पावर एंजिल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में ब्लाक के समस्त पूर्व माध्यमिक व कम्पोजिट स्कूलों के एक एक शिक्षको का पावर एंजिल का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया। इस प्रशिक्षण में विशेषकर महिला शिक्षकों की प्रतिभागीता अधिक रही। प्रशिक्षक बृजकिशोर व ऋचा श्रीवास्तव ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन बच्चों के सर्वांगिन विकास पर जोर दिया।

इसके पूर्व 40-40 शिक्षकों के समूह अलग अलग कक्षों में पहुंचे। जिन्हें प्रशिक्षक ऋचा ने कहा शिक्षक इस बात पर विशेष ध्यान दे की बच्चे नियमित विद्यालय आएं इसके लिए रुचिपूर्ण गतिविधि से बच्चों को जोड़े रखें। बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक व संवेगात्मक विकास पर बल देना चाहिए। क्योकि भविष्य में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग् करना ऐसे में उन्हे अभी से तैयार करें। प्रशिक्षक बृजकिशोर ने स्वछता के महत्त्व के बारे में कहा कि बच्चों के शौच के उपरांत 20 सेकेण्ड हाथ धुलाए, रसोईयों के व्यक्तिगत स्वछता पर भी ध्यान दे। विद्यालय परिसर के साफ सफाई व घर पर भी बच्चों को व स्वजनों को सफाई के लिए प्रेरित करना चाहिए। बच्चे जब किसी योजना प्रचार करते हैं तो आसानी व तीव्रता से लोगों में पहुंचती है। इस मौके पर शिवांगी जौहरी, कमलेश चौधरी, संगीता, दिलकश् जहाँ, शशीलता चौधरी, पूजा सिंह, अनुराग वर्मा, चूल्होई प्रसाद, दिलीप यादव, राम नरायन दुबे, मंजू शाक्य, अंकिता शाह फरजाना खातून, आबिदा, शहनाज, साइना फारुकी, कासिम खान, राहुल मिश्रा, मनीष चौरसिया, दिलीप शर्मा, अनुराग, राहुल आदि मौजूद रहे।

**ब्लाक संसाधन केंद्र में 40 40 के दो बैचो में हो रहा प्रशिक्षण**

**बच्चों के संपूर्ण विकास पर परिषदीय शिक्षक दे जोर**

## नकली दवाओं का बाजार

भारत में नकली दवाओं के उत्पादन और प्रसार का बाजार करीब 35,000 करोड़ रुपए का है। यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि कितने व्यापक स्तर पर नकली दवाएं बनाई जा रही हैं और औसत बीमार आदमी को बेची जा रही हैं! कितनी बीमारियां घनीभूत हो रही हैं और कितनों पर मौत का साया मंडरा रहा है? यह बाजार इतना व्यापक कैसे बना, यह हमारी प्रशासनिक और जांच संस्थाओं पर बड़ा सवाल है। ये नकली दवाएं, जिन्हें औषधि कहना ही गलत और पाप है, किसी गांव में या उपेक्षित कस्बे के किसी कोने में चुपचाप नहीं बनाई जा रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद में धड़ल्ले से बनाई जाती रही हैं। गाजियाबाद में औषधि विभाग, अपराध शाखा और पुलिस के हालिया छापे में 1.10 करोड़ रुपए की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इनके अलावा, कंपनी कितनी दवाइयों का उत्पादन और वितरण कर चुकी होगी, इसका कोई निश्चित आंकड़ा छापा एजेंसियों ने नहीं दिया है। गाजियाबाद से लेकर यह नापाक और जानलेवा धंधा तेलंगाना, महाराष्ट्र तक फैला है। कोई गंभीर सजा नहीं। कोई गंभीर वार नहीं। कोई प्रशासनिक हस्तक्षेप और खौफ नहीं। आश्चर्य है कि जहां से नकली दवाएं पकड़ी गई हैं, वे मधुमेह, रक्तचाप और गैस सरीखी गंभीर बीमारियों की ब्रांडेड औषधियों की नकली दवाएं थीं। दवा बनाने वाली कंपनी ने ब्रांडेड औषधियों के असली पत्तों, पैकेजिंग और प्रिंटिंग मशीनों का जुगाड़ कहां से किया? अथवा नकली 'बार कोड' कैसे छाप दिए? या फर्जी बैच नंबर कैसे लिख दिए गए? ये बेहद महत्वपूर्ण और नाजुक सवाल हैं। आश्चर्य तब ज्यादा होता है, जब इन फर्जी कंपनियों के प्रतिनिधि डॉक्टरों के पास जाते हैं, उन्हें लुभावनी पेशकश के पैकेज दिए जाते हैं, जाहिर है कि ऐसे डॉक्टर भी नकली दवाएं लिखते होंगे! वे भी अपने पेशे, नैतिक संकल्प और मानवीय जिंदगियों से खिलवाड़ करते हैं। अमरीका और यूरोपीय देशों ने भी शिकायतें की हैं कि भारत में 20-25 फीसदी दवाएं नकली बेची जाती हैं। बेशक भारत की आबादी 142 करोड़ से अधिक है।

उतने ही अनुपात में लोग बीमार होते हैं, लिहाजा उतनी ही दवाओं की मांग बनी रहती है। चिंतित पहलू यह भी है कि ऐसे नकलीबाज दवा कारोबारियों को जो कानूनी सजा मिलती रही है, वह अपेक्षाकृत बहुत कम है। अधिकतर मामलों में वे जमानत पर छूट जाते हैं या रसूखदारों की सिफारिशों पर उन्हें रिहा कर दिया जाता है। दरअसल यह परोक्ष रूप से हत्या के मामले हैं। चूंकि यह धंधा ही देश के साथ शत्रुता के समान है, लिहाजा यह देशद्रोह भी है। नई 'न्याय संहिता' में इसका दंड तय किया गया होगा, लिहाजा अब उन धाराओं में इन कारोबारियों को दंडित किया जाना चाहिए। हमने तेलंगाना का जिक्र किया था। तेलंगाना सरकार ने 'मेग लाइफ साइंसेज' द्वारा निर्मित 33 लाख रुपए से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की थी। उनमें औषधि का कोई भी तत्त्व नहीं पाया गया। औषधि नियंत्रण प्रशासन ने खुलासा किया था कि उन नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिलाया गया था। तेलंगाना में पकड़ी गई कंपनी ने कागज पर हिमाचल में मुख्यालय होने का दावा किया था, लेकिन वहां भी ऐसी कोई कंपनी नहीं पाई गई। न जाने ऐसी कितनी कंपनियां देश में 'जहर' बेच रही हैं? बीते सप्ताह उत्तराखंड में भी ऐसे ही नकली दवाओं के रैकेट का पर्दाफाश किया गया था। चूंकि ये सभी दवा निर्माता इनसान की जिंदगी से खेलते रहे हैं, लिहाजा इन्हें भी 'मृत्यु-दंड' दिया जाना चाहिए। हमारा सुझाव अतिशयोक्ति वाला हो सकता है, लेकिन जो लोग मौत के विक्रेता हों, तो उन्हें कैसा दंड दिया जाए और कैसे प्रावधान हैं, चलो, उन्हें अदालत के विशेषाधिकार के अधीन सौंपते हैं। यह हजारों करोड़ का कारोबार देश की प्रख्यात दवा कंपनियों के लिए भी खतरा हैं, क्योंकि उन्हीं के ब्रांड पर नकली दवाएं बेची जा रही हैं। खबरें तो ऐसी भी हैं कि ये नकली दवाइयां रसूखदार एजेंटों के जरिए सरकारी अस्पतालों में भी सप्लाई की जाती रही हैं। यानी सामूहिक नरसंहार का खेल खेला जा रहा है। क्या सरकार को यह साजिश, कुकर्म और तिजौरियां भरने के लालच का दुष्चक्र नहीं पता? हम यह मानने को तैयार नहीं हैं। इसी के साथ जो डाक्टर नकली दवाएं मरीजों के लिए लिखते हैं, उन पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नवंबर 2024-जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महामुकाबला होना तय


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत और भारतवंशियों का पूरी दुनिया में रुतबा बढ़ते जा रहा है, जिसे देखकर दुनियां हैरान है। हमने पिछले साल देखे थे कि कैसे ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने बॉस और अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऑटोग्राफ लेने की बात कही थी और एक अफ्रीकन राष्ट्रपति ने पीएम के पांव छुए। परंतु दिनांक 6 मार्च 2024 को सुपर ट्यूजडे में अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की होड़ में भारतवंशी निक्की हेली मजबूत प्रतिद्वंदी बनकर उभरी, वह अमेरिकी इतिहास में रिपब्लिकन प्राइमरी जीतने वाली पहली महिला भी बनी तथा भारतवंशी निक्की हेली ने वर्मोंट में प्राइमरी चुनाव जीतकर ट्रंप को चौंकाया था। 98 प्रतिशत वोटों की मतगणना के बाद यहां हेली को 49.9 प्रतिशत और ट्रंप को 45.8 प्रतिशत वोट मिले थे। हेली की वाशिंगटन डीसी के बाद यह दूसरी प्राइमरी जीत थी। चुंकि अब निक्की हेली सुपर ट्यूजडे में हार गई है, इसलिएअब अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव नवंबर 2024 में जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महा मुकाबला होना तय है,इसलिए आज हम मीडिया मेंउपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय मूल की निक्की हेली सुपर ट्यूजडे में हारकर राष्ट्रपति चुनाव की भिड़ंत से बाहर हुई व जो बिडेन और डोनाल्ड ट्रंप में महा मुकाबला है।

साथियों बात अगर हम नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के फाइनल उम्मीदवारी की करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला होगा। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी 52 वर्षीय निक्की हेली को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया है, लेकिन वह किसी भी अन्य रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी की तुलना में लंबे समय तक 77 वर्षीय ट्रंप के सामने टिकी रहीं।वहीं, जो बाइडन को प्राइमरी चुनाव में किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अभी तक सभी डेमोक्रेट प्राइमरी चुनावों में कामयाबी हासिल की। जिसका मतलब साफ है कि डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन के सामने अन्य नेता मैदान में नहीं है। ऐसे में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन के सामने ट्रंप एक बार फिर से देखे जा सकेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी में राष्ट्रपति बाइडन के सामने चुनौती न होने से उन्होंने सुपर ट्यूजडे में लगभग सभी नामांकन हासिल किए। लेकिन मिनेसोटा में 19 प्रतिशत मतदाताओं ने इजरायल के समर्थन पर बाइडन के विरोध में अप्रतिबद्ध वोट दिया। इसके अलावा अलबामा, कोलोराडो, आयोवा, मैसाच्युसेट्स, उत्तरी कैरोलिना और टेनेसी राज्यों में भी मतदाताओं ने अप्रतिबद्ध श्रेणी में वोट देकर अपना विरोध दर्ज कराया है। सुपर ट्यूजडे के चुनाव बाद ट्रंप के पास 893 डेलीगेट हो गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। क्या महाराष्ट्र, क्या मध्य प्रदेश, क्या कर्नाटक, सभी राज्यों से कांग्रेस के कई बड़े नेता या तो पार्टी छोड़ चुके हैं या छोड़ने की अटकलें लग रही हैं। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब भाजपा के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी बहुत पहले ही पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं।

# कांग्रेस की उल्टी गिनती एवं बढ़ता पलायन

कांग्रेस के दिग्गज एवं कद्दावर नेताओं में नाराजगी, हताशा एवं राजनीतिक नेतृत्व को लेकर निराशा के बादल लगातार मंडरा रहे हैं, पार्टी लगातार बिखराव एवं टूटन की ओर बढ़ रही है। पार्टी में उल्टी गिनती चल रहा है, लेकिन आश्चर्य इस बात को लेकर है कि इस उल्टी गिनती को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं हो रहे हैं। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडने में लगे हुए हैं, कांग्रेस छोड़ने वाले इन नेताओं में कुछ राहुल गांधी के खास रहे हैं तो कुछ सोनिया गांधी के। पहले कांग्रेस में गिनती वन, टू, थ्री से होती थी। आजकल थ्री, टू, वन से होती है। पार्टी को मजबूती देने एवं पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेताओं को रोकने की गिनती कौन शुरू करेगा? कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं लेकिन वे पार्टी के भीतरी असंतोष एवं निराशा को रोकने का अभियान क्यों नहीं शुरु करते? क्या यह गांधी परिवार का अहंकार एवं परिवारवादी सोच ही पार्टी के टूटन का कारण है?


ललित गर्ग

आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बीते कुछ समय से शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब किसी कांग्रेस नेता के पार्टी छोड़ने की खबर न आयी हो। गत दिवस गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं पूर्व कांग्रेसी सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी, समेत मध्य प्रदेश के कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए। इसके पहले गुजरात, असम, महाराष्ट्र और यहां तक कि केरल के भी नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। एक के बाद एक नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला यही बताता है कि उन्हें पार्टी में अपना भविष्य नहीं दिख रहा है, पार्टी नेतृत्व की अपरिवक्र एवं बचकाना राजनीति एवं देश-विकास की कोई स्पष्ट नीति न होना भी इन नेताओं के पार्टी छोड़ने का कारण है। राहुल गांधी के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के खिलाफ कोई मजबूत विरोधी दावे नहीं है, चुनाव जीतने के लिये जिस तरह की राजनीति सोच एवं एजेंडा होना चाहिए, वह भी दिखाई नहीं दे रहा है। जातीय जनगणना, अदाणी- अंबानी, युवाओं, महिलाओं एवं गरीबों की अनदेखी करने के खोखले एवं बेबुनियाद आरोप के अलावा और कुछ कहने को नहीं है। वे जिन समस्याएं की चर्चा करते हैं, उनका कोई कारगर समाधान उनके पास नहीं हैं। अक्सर वे समाजवादी और वामपंथी नीतियों की वकालत करते दिखते हैं, जो पहले ही नाकाम हो चुकी हैं। कांग्रेस की यह विडम्बनापूर्ण एवं बेजान स्थिति तब है, जब आम चुनावों की घोषणा होने ही वाली है। कांग्रेस से लगातार पलायन करते नेताओं की यह दर्दनाक स्थिति रेखांकित करती है कि पार्टी नेतृत्व अपने नेताओं को प्रेरित एवं रोक नहीं कर पा रहा है। इसके लिए सबसे अधिक दोषी राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के लोग हैं, जो भाजपा एवं मोदी सरकार को चुनौती देने के नाम पर घिसे-



पिटे बयान देने में लगे हुए हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस को रोज एक न एक झटका लग रहा है। उसके नेता कब उसका साथ छोड़ दें पता नहीं चलता। जैसे ही कोई चुनाव शुरू होता है, उसी समय से नेताओं का कांग्रेस छोड़कर जाना शुरू हो जाता है। क्या महाराष्ट्र, क्या मध्य प्रदेश, क्या कर्नाटक, सभी राज्यों से कांग्रेस के कई बड़े नेता या तो पार्टी छोड़ चुके हैं या छोड़ने की अटकलें लग रही हैं। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब भाजपा के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी बहुत पहले ही पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोह भंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं। बिहार में अशोक चौधरी, असम के वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, सुनील जाखड़ के साथ अश्वनी कुमार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हान जैसे भी नेता हैं जो पार्टी के काम करने के तरीके से नाखुश होकर पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। ये वे नेता हैं जिन्हें कांग्रेस ने पहचान दी, केन्द्रीय मंत्री, राज्य में मंत्री बनाया, पार्टी में बड़े पदों पर बिठाया परन्तु पार्टी के मुश्किल वक्त में वो पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं।

कांग्रेस के दिग्गज नेता जो पार्टी छोड़ चुके या छोडने की फिराक में है, वे नरेन्द्र मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क को महसूस कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता यह गहराई से देख रहे हैं कि राहुल किस तरह हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगाते हैं। इन नेताओं ने महसूस किया कि किन्हीं राहुल रूपी गलतबयानी की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी एवं उनके रणनीतिकारों की नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन देश की छवि खराब करने, सरकार को कमजोर बता कर और मोदी जैसे कद्दावर नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है!! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं!!! इसकी कीमत कांग्रेस पार्टी अपने कद्दावर नेताओं को खोकर दे रही है।

दरअसल भाजपा के ताकतवर होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस नीति और सिद्धांत भी संदेहास्पद होते चले गये हैं। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के मजबूत किले में तोडफ़ोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसके मजबूत नेताओं को तोड़ा और पार्टी को हाशिए पर ले आयी। दोनों तरफ से पिटती कांग्रेस में नेताओं को लगने लगा कि इसके दिन लद गए लगते हैं, यहां उनका राजनीतिक जीवन अंधकारमय है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में मोदी विरोध के नाम पर राष्ट्र-विरोध किया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है।

# घातक हो सकता है मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय

बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई। 1996 के बाद बसपा का ये सबसे बुरा प्रदर्शन था। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। जिसका बसपा को भरपूर लाभ हुआ और पार्टी शून्य सीटों वाली बसपा ने दस सीटों पर विजय प्राप्त की।

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा न बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?


आशीष वशिष्ठ

बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेल चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं।

बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से षून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समापत कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही ये कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था। वर्ष 1996 में बसपा 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, तब बसपा को 20.6 प्रतिषत मत मिले थे। वर्ष 1998 में बसपा को चार सीटें मिली और वोट प्रतिशत बढ़कर 20.9 प्रतिषत हो गया। वर्ष 1999 में बसपा को



14 सीटें मिली और मत 22.08 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2004 में सीटें बढ़कर 19 हो गई और 24.67 प्रतिषत मत मिले। बसपा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वर्ष 2009 में किया जब पार्टी को 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई और 27.42 प्रतिशत मत मिले। बसपा की स्थिति साल 2014 से बदलती चली गई। बीस सांसदों वाली बसपा को इस चुनाव में एक भी सीट हासिल नहीं हो पाई और उसका मत प्रतिशत भी गिरकर 19.77 प्रतिशत पर आ गया। बसपा के वोट में लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आई। 1996 के बाद बसपा का ये सबसे बुरा प्रदर्शन था। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन किया। जिसका बसपा को भरपूर लाभ हुआ और पार्टी शून्य सीटों वाली बसपा ने दस सीटों पर विजय प्राप्त की। जबकि उसका मत और कम हुआ। इस चुनाव में बसपा को सपा के साथ गठबंधन कर 19.43 प्रतिशत ही मत मिले। विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है। एक वो समय था जब बसपा चुनाव से काफी समय पहले ही उम्मीदवार घोषित कर देती थी। सबसे पहले संभवतः बसपा ने ही चुनाव से महीनों पहले उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए थे। लेकिन अब चुनाव बिल्कुल सिर पर आ चुके हैं। और बसपा उम्मीदवारों की घोषणा की बजाय अकेले चुनाव लड़ेंगे का पुराना रिकार्ड बजाए जा रही है। जबकि भाजपा, सपा, रालोद और सुभासपा कई सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुके हैं। बड़ी मशक्कत के बाद बीते 10 मार्च को बसपा ने यूपी की मुरादाबाद सीट से मो. इरफान सैफी को अपना पहला प्रत्याशी घोषित किया है।

पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते 10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें बीजेपी ने टिकट भी दे दिया है। वहीं गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को सपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, अमरोहा से दानिश अली अब कांग्रेस के खेमे में हैं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव भी कांग्रेस की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। बिजनौर से सांसद मलूक नागर, लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद के भी पाला बदलने के कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी समेत देश के अन्य राज्यों में बीएसपी का सियासी ग्राफ चुनाव दर चुनाव गिरता ही जा रहा है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों में आकाश आनंद छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पार्टी का चुनावी अभियान संभाल रहे थे, जहां पार्टी पिछले चुनाव की तुलना में काफी खराब प्रदर्शन की है। राजस्थान छोड़कर किसी भी राज्य में बसपा का खाता तक नहीं खुला और वोट फीसदी में भी गिरावट आई। बसपा अब उत्तर प्रदेश और बाहर के राज्यों में हर जगह कमजोर दिखाई दे रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में पार्टी संगठन लचर हाल में है। पार्टी अपने कोर दलित वोटरों को भी एकजुट करने में सफल नहीं हो पाई है। सत्ता से बाहर होने के बाद मायावती से दलितों का मोहभंग लगातार होता जा रहा है। वास्तव में, कांशीराम ने बसपा का जो सियासी समीकरण बनाया था, वो गड़बड़ा चुका था और दलितों के बीच चंद्रशेखर आजाद नई लीडरशिप के रूप में खुद को खड़े कर रहे हैं। इस तरह से बीएसपी सियासी चक्रव्यूह में घिरी हुई है, जहां एक तरफ बीजेपी गैर-जाटव वोटों को अपने पाले में ले चुकी है तो जाटव वोट को चंद्रशेखर अपने साथ जोड़ने में लगे हैं। दलित राजनीति का चेहरा माने जाने वाली मायावती की चमक अब पहले जैसी नहीं रही है। वर्ष 2009 में 27.42 प्रतिशत मत वाली बसपा 2019 के आम चुनाव में 19.43 प्रतिशत पर आ गई। जबकि इस चुनाव में बसपा सपा के साथ गठबंधन में थी। 2007 में बीएसपी यूपी में भले ही पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रही हो, लेकिन उसके बाद से ही गिरावट देखने को मिल रही है। 2012 के यूपी चुनाव में बीएसपी 2007 के 206 सीट से घटकर 80 सीटों पर आ गई।

# पीएम मोदी पर टिप्पणी कर बुरा फंसा विपक्ष

प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के अदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, '140 करोड़ देशवासी यही मेरा परिवार है। ये नौजवान यही मेरा परिवार है। आज देश की करोड़ों बेटियां, माताएं, बहनें यही मेरा परिवार है। आज देश का हर गरीब ये मेरा परिवार है। देश के कोटि-कोटि बच्चे बुजुर्ग ये मोदी का परिवार है। जिसका कोई नहीं है वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने रविवार 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश की। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा कि 'मोदी क्या है? मोदी के पास कोई परिवार ही नहीं है।' पटना की रैली में लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने तरीके से राजनीतिक वापसी की। अपने तीखे और चुटीले भाषण के लिए विख्यात लालू प्रसाद यादव ने मोदी के परिवार पर सवाल उठाया तो पूरी भाजपा बचाव में उतर आयी। लालू यादव का ये बयान आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के सफाए का बड़ा कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 4 मार्च को चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूरा देश ही मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार को लेकर मुझ पर निशाना साधा गया। लेकिन, अब पूरा देश बोल रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार।


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के अदिलाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, '140 करोड़ देशवासी यही मेरा परिवार है। ये नौजवान यही मेरा परिवार है। आज देश की करोड़ों बेटियां, माताएं, बहनें यही मेरा परिवार है। आज देश का हर गरीब ये मेरा परिवार है। देश के कोटि-कोटि बच्चे बुजुर्ग ये मोदी का परिवार है। जिसका कोई नहीं है वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत मेरा परिवार3 मेरा भारत मेरा परिवार यहीं भावनाओं का विस्तार लेकर के मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। इसलिए आज पूरा देश एक सुर में कह रहा है। मैं हूं मोदी का परिवार, मैं हूं मोदी का परिवार।'

प्रधानमंत्री मोदी के यह कहते ही बीजेपी के सारे नेता और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर अपना नाम बदल लिया और उसमें मोदी का परिवार जोड़ दिया। इसके बाद देश भर में आम लोगों के बीच भी सोशल मीडिया पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार जोड़ने की होड़ लग गई। मैं भी चौकीदार की तरह मैं भी मोदी का परिवार बीजेपी का चुनावी नारा बन गया है। मोदी का परिवार सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। आप भी देखिए किस तरह से लोग अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लगा रहे हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो बीजेपी ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को बीजेपी उसी तरह फोकस कर रही है। बीजेपी नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। बीजेपी कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर




विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का पीएम को लेकर बयान आया तो बीजेपी परिवारवाद पर और अग्रेसिव हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर अपना हमला जारी रखते हुए 5 मार्च को कहा कि श्परिवारवादश् लोकतंत्र के लिए खतरा है और नई प्रतिभाओं को उभरने नहीं देता है। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने यह कहने के लिए इंडिया ब्लॉक नेताओं पर हमला बोला कि उनका कोई परिवार नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, शासक परिवार मजबूत हो गए हैं, लेकिन राज्य कमजोर हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी उन्हें और उनके परिवार को गाली देने के स्तर तक गिर गये हैं। उन्होंने कहा, ''वे मुझे गाली दे रहे हैं क्योंकि मैं उनके हजारों करोड़ के घोटालों का पर्दाफाश करता हूं। मैं परिवारवाद के खिलाफ हूं, लेकिन मैं व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं कहता हूं कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है, यह प्रतिभा और युवाओं के खिलाफ है लेकिन वे कह रहे हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। क्या परिवारों के पास चोरी करने का लाइसेंस है? क्या वे चोरी करने और सत्ता पर कब्जा करने के लिए स्वतंत्र हैं?'' पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने ऐसा मुख्यमंत्री देखा है, जिसके परिवार के 50 सदस्य उच्च पदों पर हैं। पीएम मोदी ने 7 मार्च को श्रीनगर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले की सरकारों के समय में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बोलबाला रहा। प्रदेश परिवारवाद का सबसे प्रमुख निशाना रहा। परिवारवादी लोग मोदी पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। देश के हर कोने में लोग कह रहे हैं- मैं हूं मोदी का परिवार। कश्मीर के लोग भी कह रहे- मैं हूं मोदी का परिवार।

2014 के चुनाव में कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पीएम मोदी पर एक और हमला किया था। अय्यर ने कहा था कि वो चायवाला क्या प्रधानमंत्री बनेगा। इस बयान पर भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर रही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने एक्स पर अपने बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखकर इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान तेजी से वायरल हो गया और बड़ी संख्या में बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने अपनी बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखना शुरू कर दिया। 2019 में जहां मैं भी चौकीदार नारा चर्चा में आया था तो वहीं अबकी बार मोदी का परिवार सुर्खियों में है। पिछले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन को बड़ी जीत हासिल हुई थी। भाजपा ने 2014 में 282 सीटें जीती थी। वहीं 2019 के आम चुनाव में भाजपा ने अकेले तीन सौ के आंकड़ों को पार किया और 303 सीटों पर जीत का परचम लहराने में सफल रही। अन्य सहयोगी पार्टियों के साथ ने इस जीत को और प्रचंड बना दिया। एनडीए ने लोकसभा की कुल 353 सीटों पर कब्जा किया, वहीं कांग्रेस की अगुवाई वाला यूपीए 92 सीटों पर सिमट कर रह गया। इस बार पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है।

आमतौर पर प्रधानमंत्री मोदी कभी भी किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पर व्यक्तिगत हमला नहीं करते, लेकिन राजद सुप्रीमो ने मोदी और उनके परिवार पर व्यक्तिगत हमला बोला था, जो राजनीतिक शालीनता के मानदंडों के खिलाफथा। मोदी ने यह घोषणा करने में देर नहीं की कि 140 करोड़ भारतीय उनके परिवार के सदस्य हैं। मोदी के खिलाफ यह टिप्पणी करने पर लालू यादव के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। कई राज्यों में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मोदी के परिवार का मुद्दा उठाकर लालू यादव ने वही गलती की जो राहुल गांधी ने पांच साल पहले चौकीदार चोर है कहकर की थी। ऐसे मुद्दों पर मोदी को कोई नहीं हरा सकता. मोदी एक पूर्णकालिक प्रधानमंत्री की तरह काम करते हैं और अपने भाई-भतीजों और भतीजियों को कभी तरजीह नहीं देते।

# विकास भवन में ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस ऑफिसर एवं निर्वाचन टीम के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु विकास भवन के प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि तीनों विधानसभा में कुल 486 बूथ है जिसका सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट समय रहते सभी बूथों का भ्रमण कर विस्तार से जानकारी प्राप्त करें, जिससे निर्वाचन में कोई भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बी 2 एवं बी 3 का फॉर्म भरकर सभी मजिस्ट्रेट आज शाम तक निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को एक मैप पर लोकल एप दिया जाएगा उसको समय रहते चेक कर ले जिससे कोई त्रुटि न हो। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं समय रहते देख ली जाए पानी, बिजली, फर्नीचर आदि व्यवस्थाओं में समय रहते कार्य करा दिया जाए जिससे उस समय कोई भी समस्या न हो। उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए की बूथ पर जाकर लोगों से बात कर उनकी समस्याएं अवश्य सुने जिससे निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लह की सूची ग्रुप में उपलब्ध करा दी जाए जिससे अधिकारियों को बूथ ढूंढने में आसानी हो सके। उन्होंने पुलिस ऑफिसर के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क कर बूथ को चेक किए जाने के निर्देश दिए। उक्त के उपरांत नोडल ऑफिसर एवं सहायक नोडल ऑफिसर के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने सौंपे गए कार्यों का कड़ाई से निर्वहन करें लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि रूट चार्ट अवश्य चेक कर लिया जाए जिसे समय रहते सुधार लाया जाए। उन्होंने स्ट्रांग रूम की व्यवस्था हेतु संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम की साफ सफाई एवं सभी व्यवस्थाएं सा समय कर ली जाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की चिकित्सा संबंधी सुविधा समय से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांग वोटरों के लिए व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था बूथों पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त नोडल ऑफिसर एवं सहायक नोडल ऑफिसर को निर्देश दिए की सोफे गए कार्यों का निर्वहन कड़ाई से किया जाए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह , वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने लठामार होली की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

- सड़क निर्माण अधूरा पाए जाने पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को लताड़ा
- सभी विभागों के समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

**बरसाना (मथुरा)।** लठामार होली की समीक्षा करने मंडलायुक्त बरसाना पहुंची। जहां उन्होंने सड़क निर्माण अधूरा पाए जाने पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को लताड़ा। सभी विभागों के समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी ने बरसाना की लठामार होली की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा को लेकर अधीनस्थों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस बैठक की। इस दौरान कोसी से गोवर्धन तक अधूरे पड़े सड़क निर्माण को देख मण्डलायुक्त एक्सईएन अजय कुमार पर भड़क गई और अधूरे कार्य को पूरा दिखाकर गोलमाल करने की शिकायत शासन को भेजने को कहा। वहीं सिंचाई विभाग के एक्सईएन राकेश कुमार को गोवर्धन ड्रेन की सही ढंग से सफाई करने को कहा। नगर पंचायत की ईओ कल्पना बाजपेई को परिक्रमा मार्ग में व मेला के दौरान चढ़ाई वाले रास्तों पर पानी की व्यवस्था करने व ब्रह्मांचल पहाड़ी की सफाई कराने के निर्देश दिए। रोडवेज के एआरएम को मेला के लिए पर्याप्त बसें चलाने को कहा जिस पर एआरएम ने बताया कि 150 बसें मेला के दौरान चलायी जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ आलोक वर्मा से मेला के दौरान आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तो सीएमओ ने बताया कि मेला में 13 स्वास्थ्य शिविर के साथ स्वास्थ्य केंद्र पर आकस्मिक सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधूरे पड़े कामों की शिकायत मिलने पर बिजली विभाग को आगाह किया कि बिजली विभाग की वजह से अगर कोई हादसा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इससे पूर्व मण्डलायुक्त ने राधा रानी मंदिर के दर्शन किए। बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, सीईओ/उपाध्यक्ष एसबी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, एसपी ग्रामीण त्रिगुण विसेन, एमवीडीए ओएसडी प्रसून्न द्विवेदी, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेपी पांडेय, सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा, लोक निर्माण अधिशासी अभियंता अजय कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जमीअत-उर-राईन के पुनः जिलाध्यक्ष बने मुस्तकीम राईन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जमीअत-उर-राईन की ओर से शहर के चौखर कुआं स्थित एक होटल में सभा आयोजित की गई। जिसमें नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथियों को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जमीअत-उर-राईन के प्रदेश अध्यक्ष मु.वसीम राईन व ऑल इण्डिया जमीअत-उर-राईन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमशाद आलम राईन ने जमीअत का जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुस्तकीम राईन को पुनःनियुक्त किया। सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राईन समाज की शादियों में फिजूल खर्ची पर रोक लगाने को कहा। आगे कहा कि समाज में शिक्षा की बहुत कमी है। शिक्षा सभी के लिए जरुरी है हर घर में बच्चों को तालीम दी जाना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि हिन्दुस्तान में विरादरी की संख्या सबसे ज्यादा है। चन्दा देने में सबसे आगे समाज रहता है फिर भी हम पिछड़े हुए है। प्रदेश कोषाध्यक्ष ने सामाजिक कार्यकर्ताओं से नाम के पीछे राईन लगाने की अपील की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि कमेटी ने फिर से जो मौका दिया उसके लिए तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। आगे कहा कि समाज को अ?धिक से अ?धिक सेवा देने का काम करुगा। इस मौके पर जैनुल आबदीन को सदस्य मनोनीत किया। रईसुद्दीन राईन को जिला प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर जाकिर हुसैन राईन ने विशेष योगदान किया। कार्यक्रम में चौधरी इदरीश राईन, हाजी बाबू भाई, निजाम राईन, हाजी जमा याकूब राईन आढ़ती, हाजी बन्ने राईन, नदीम राईन, साबिर राईन, सलीम राईन, तौहीद राईन तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत यमुना घाटों की सफाई हुई

**मथुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत के साथ शिविर शुरू किया गया। मतदान के ऊपर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए मतदान का महत्व बताया। मतदान एवं स्वच्छता के ऊपर एक जन जागरूकता रैली सुभाष इंटर कॉलेज से विश्राम घाट तक निकाली गई स्वयंसेवकों ने गगनभेदी नारों से मतदान एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आज स्वयंसेवकों ने यमुना के विभिन्न घाटों जैसे स्वामी घाट ,बंगाली घाट ,विश्राम घाट आदि की पूरी तत्परता से सफाई की। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को यमुना नदी में नौका विहार कराया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक, डॉ नवीन अग्रवाल ने संचालन किया।

# विसटा लाइड केयर का हुआ उद्घाटन

- आर्थो हम कैप्सूल से घुटने में दर्द में मिलेगी राहतः मुबीज उल्लाह

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विसटा लाइड केयर प्रा.लि.की ओर से कंपनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सराय दयानत स्थित ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान के द्वारा किया गया भाजपा नेता श्याम चौधरी भी रहे मौजूद। विसटा के डायरेक्टर मुजीब उल्लाह ने रविवार को उद्घाटन के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए आर्थो हम कैप्सूल के बारे में बताया कि घुटने में दर्द, जोड़ों में दर्द, गठिया सूजन, अकड़न, स्लिप डिस्क साइटिका, सर्वाइकल दर्द व कैल्शियम की कमी आदि रोगों में अति लाभदायक है। उन्होंने बताया कि टैबलेट मूल्यवान जड़ी बूटी व भस्मों से निर्मित है व तेल शिलाजी लिक्विड के गुणों से भरपूर है।

कैल्शियम पाउडर शरीर में कैल्शियम की माया की पूर्ति कर ताकत, ऊर्जा के संचार को बढ़ाता है गठिया रोग में सहायक शरीर में होने वाल दर्दो को ख़त्म कर घुटनों में कैल्शियम की कमी को पूरा कर ताकत प्रदान करता है। डर्मा क्रीम दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा व फंगल इन्फेक्शन में अतिलाभदायक होती है। कॉन्स्टि रूट पाउडर पुरानी कब्ज, एसिडिटी गैस, पेट दर्द, खराब पाचन व आंतों की सफाई करने में अति लाभदायक रहता है। उन्होंने बताया कि ब्रेन प्रो कैप्सूल चिंता, डिप्रेशन, तनाव ब्लड प्रेशर मानसिक कमजोरी मिर्गी के दौरे आना यादास्त की कमी व नींद न आना व दिमाग की नसों को शान्त करने में अति लाभदायक रहता है। लीव सिरप लिवर में सूजन सिरोसिस अल्सर, पीलिया हेपेटाइटिस वायरस पेट की गर्मी दूर रहती है। वार्ता के दौरान डायरेक्टर ऑफीशल डा.एजाज खान, फाउंडर लीडर जुबेर वारसी, नूरेन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटरों का शुरू हुआ सत्यापन

**प्रयागराज।** निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चिन्हित किए गए 1673 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी बढ़ा दी गई है। जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आए हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधि का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी, ताकि वह किसी भी तरह से चुनाव में खलल न डाल सकें। लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लगने की बात कही जा रही है, मगर इससे पहले पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं। खासकर ऐसे अपराधी, हिस्ट्रीशीटर या असामाजिक तत्व जो चुनाव के दौरान शांति- व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं, उन पर कानूनी शिकंजा कसने की कवायद तेज कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर शहर, गंगानगर और यमुनानगर जोन के सभी हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन करवाया जा रहा है।

# खिलाड़ियों के लिए संकल्पित है आईसीएसई एवं सॉफ्ट क्रिकेट

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** स्थानीय होटल पर भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद एवम साथ ही सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक बैठक एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक का उद्घाटन भारतीय खाद्य निगम के भारत सरकार के सदस्य शशिकांत राही व जेल पर्यवेक्षक अरविंद चित्तोडिया ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप मे दंत चिकित्सक रामकुमार तंवर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जिसमे सोलह राज्यो के प्रतिनिधियों जिनमे कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, असम, पंजाब, चंडीगढ़,जे एंड के, ने भाग लिया। सभी राज्यों के साथ बैठक में आगामी वर्ष में खेल प्रतियोगिता, विभिन मान्यताओं, व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता पर चर्चा हुई। आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मई के तृतीय सप्ताह के राजस्थान के पिंकसिटी जयपुर में करवाने पर फैसला हुआ। साथ ही राष्ट्रीय रेफरी प्रशिक्षण शिविर में सभी ने परीक्षा दी। परीक्षा में सिर्फ पंद्रह रेफरी ही पास हुए। जो आगामी प्रतियोगिता में रेफरीशिप करने के लिए पास हुए। एवं जनपद मथुरा के कराटे खिलाड़ी जिन्होंने नेशनल स्कूल गेम्स मैं पदक जीते व हरियाणा के शूटिंग खिलाड़ी शुभम, करन सिंह, सैन को इस मौके पर सम्मनित भी किया गया।

# लखपति दीदियों को सम्मान पत्र देकर हौसला बढ़ाया गया

- समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री के लखपति दीदी से संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** प्रधानमंत्री द्वारा लखपति दीदी से संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के समस्त विकास खण्डों में एवं संकुल स्तरीय संघ के कार्यालय में दिखाया गया। इस कार्यक्रम को समूह की हजारों दीदियों ने लाइव प्रसारण देखा। प्रत्येक विकासखंड में पांच-पांच लखपति दीदी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद मुख्यालय में राष्ट्रीय सूचना केंद्र पर लखपति दीदियों ने संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।

अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी ने लखपति दीदियों को सम्मान पत्र देकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने प्रत्येक दीदी को नवाचार करते हुए लखपति बनने की सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सुधीर कुमार उपायुक्त उद्योग/स्वतःरोजगार, जिला मिशन प्रबंधक डॉ नन्दकिशोर साह, सूर्य नारायण पांडेय, संतोष कुशवाहा, जितेश श्रीवास्तव, दीपेंद्र सिंह तोमर, लाभार्थी महिलाओं में सन्नो देवी, मंत्रवती, कुमारी पूजा, गिरिजा देवी, लता कुमारी, उषा सहित सभी लखपति दीदी मौजूद रही।

## महिला कैदियों को तनाव मुक्त रखने के सिखाये गुर

**मथुरा।** जिला कारागार में समाधान फील एंड हील ट्रस्ट द्वारा महिला कैदियों को तनाव मुक्त रखने के विषय लिए मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा टिप्स दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. उपेंद्र सोलंकी के संबोधन से हुआ।

ट्रस्ट की सचिव अनुजा चतुर्वेदी ने ने महिला क़ैदियों को कुछ टिप्स दिए और आर्ट थेरेपी से एक छोटे डेमो के द्वारा छोटी-छोटी आर्ट ऐक्टिविटीज के द्वारा तनाव मुक्ति के बारे में बताया।

जेल की डिप्टी जेलर शिवानी यादव ने कैदियों के लिए इस प्रकार के सेशनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में अधिक सेशनस की आशा व्यक्त करते हुए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के को-ऑर्डीनेटर एडवोकेट हर्षवर्धन मंगल ने जेल प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

समाधान- फील एंड हील ट्रस्ट की सचिव अनुजा चतुर्वेदी ने ट्रस्ट के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे जन जागृति अभियान में समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हैं। इसमें जनमानस में सबसे आम हो चले चिंता एवं तनाव से निपटने, भावनात्मक संतुलन और रिलैक्सेशन के साथ ही समाज से परिवार से पृथक एकाकी जीवन बिताने वाली महिला कैदियों को अतीत से आजाद होकर आज को जीने के लिए प्रेरित करने के साथ ही शरीर को तनाव मुक्त करने में सहयोग करना है। आगे भी ट्रस्ट द्वारा समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिला कैदियों मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने में योगदान किया जाता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मसीहा एंड सोशल एक्टिविस्ट का पड़ोस युवा कार्यक्रम




**फिरोजाबाद।** सोमवार को मसीहा एंड सोशल एक्टीविस्ट वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से पड़ोस युवा कार्यक्रम 2024 नेहरू युवा केन्द्र फिरोजाबाद युवा एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार का आयोजन बोबी पैलेस 60 फुटा रोड में किया गया मुख्य अतिथि फिरोजाबाद सांसद डॉक्टर चन्द्रसैन जादौन वक्तागण में प्रोफेसर विजेन्द्र यादव, डॉक्टर उदारता भदौरिया, प्रोफेसर अजब सिंह, कमलकान्त पालीवाल, मुहम्मद जाहिद ,निज़ाम, अज़ीमउद्दीन, जाहिद हुसैन कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष चंद्र चौधरी युवा जिला अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र फिरोजाबाद ने किया युवाओं ने पड़ोस युवा कार्यक्रम की प्रस्तुति पेश की कार्यक्रम में सोसाइटी के सचिव मुहम्मद वसीम अलीग ने सभी का आभार व्यक्त किया संचालक के रूप में एम डी ज़ुबैर और कृष्णा ने किया।

### नगर आयुक्त को दिया मांग पत्र



**फिरोजाबाद।** नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा अटल पार्क के सुंदरीकरण के नाम पर किए गए कार्य से दरगाह कुतुब शाह दादा मियां टीबी वार्ड फिरोजाबाद की हुई बदहाली के सम्बन्ध में,नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा निर्माण का वादा करके मुकर जाने के विरोध में, सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन फिरोजाबाद इकाई द्वारा एक मांगपत्र नगर आयुक्त को दिया गया और नगर निगम के आश्वासन को याद दिला कर दरगाह परिसर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह फैसल, सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष सूफी पप्पन मियां, जिला महासचिव मोहम्मद इंजमाम, यूथ जिला महासचिव मोहम्मद साहिल वारसी, जिला कोषाध्यक्ष अमन सिद्दीकी, वरिष्ठ जिला महासचिव मोहम्मद अरसलान, गुड्डू भाई, मोहम्मद अल्पेश, मोहम्मद रफीक मोहम्मद अमन आदि लोग मौजूद रहे।

### मक्खनपुर प्राचीन कंस मेले की तैयारियां शुरू



**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद की नगर पंचायत मक्खनपुर में होली के पांच दिन बाद लगने वाला प्राचीन कंस मेला जो बहुत ही प्रसिद्ध है। जिसको मक्खनपुर की पांचे के नाम से भी बोलते है जिसका मुख्य नाम कंस मेला है जिसको लगाने में नगर पंचायत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कड़ी मेहनत से प्रतिबद्ध है। कंस मेला मक्खनपुर की तैयारियां बहुत पहले से ही शुरू हो जाती है जिस कड़ी में आज मक्खनपुर मेले की खुली मीटिंग हुई जिसमे 6 ठेकेदार मौजूद रहे जिसकी बोली 5000 से शुरू हुई। 12 लाख 51000 पर समाप्त हुई ठेका दीपू यादव को मिला। जिसमे चेयरमैन गीता देवी दिवाकर,ईओ अमर बहादुर,चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप राजपूत, सोनू राजपूत,अखिलेश गुप्ता,जयराम लोधी, विजय कुमार सभासद प्रतिनिधि,सभासद पारुल,आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं इस प्राचीन कंस मेले में आसपास क्षेत्र के लोग बड़े ही शौक से अपनी फैमिली के साथ देखने आते है।

### मौत को दावत दे रहा विद्युत पोल

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के वार्ड न 12 सुभाष नगर मे टिंकू सिंह के मकान के पास विधुत पोल कई माह से झुका हुआ है और उस पोल मे विधुत केबिल भी लटक रही है।इसके वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है वार्ड के निवासी अमीन खान , सभासद कुलदीप भदौरिया , पूर्व सभासद संतोष धुरिया आदि ने बताया कि इस प्रकरण मे विधुत विभाग के अवर अभियता व एस डी ओ को कई बार इस विषय मे अवगत कराया जा चुका है मगर अभी तक बिजली विभाग से कोई टीम अभी तक इस विधुत पोल को नही बदला जा सका जो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# सी.ए.ए. पसमांदा मुस्लिम समाज के खिलाफ़ नहीः एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

- ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ पसमांदा मुस्लिम समाज को करेगा जागरूक

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज का स्पष्ट रूप से मानना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) मुस्लिम समाज विशेष कर के पसमांदा मुस्लिम समाज के खिलाफ़ नही है। सीएए का प्राथमिक उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। इन अल्पसंख्यकों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। ये पड़ोसी देश अधिनियम का उद्देश्य उन्हें भारत में नागरिकता और शरण देने का मार्ग प्रदान करता है। सीएए से जुड़ी प्रमुख गलतफहमियों में से एक यह है कि यह मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है। हालाँकि, यह अधिनियम भारतीय मुसलमानों या भारत के भीतर किसी अन्य धार्मिक समूह की नागरिकता की स्थिति को एकदम प्रभावित नहीं करता है। इसका दायरा पड़ोसी देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने तक सीमित है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

आलोचकों का तर्क है कि सीएए कुछ धार्मिक समूहों का पक्ष लेकर भारत के धर्मनिरपेक्ष (सेकुलर) सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। हालाँकि, समर्थकों का कहना है कि यह धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने वाले उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को समर्थन देकर धर्मनिरपेक्ष की भावना को कायम रखता है। इसके अलावा, सीएए भारत की मौजूदा शरणार्थी नीति का पूरक है, जिसने ऐतिहासिक रूप से सताए गए समुदायों को शरण प्रदान अब तक किया है। इसके अतिरिक्त, सीएए के संभावित जनसांख्यिकीय प्रभावों के बारे में चिंताएं व्यक्त की गई हैं, खासकर महत्वपूर्ण अप्रवासी आबादी वाले राज्यों में। हालाँकि, अधिनियम में इन क्षेत्रों के जनसांख्यिकीय संतुलन और भारत की अखंडता की रक्षा के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं। पूर्व की नागरिकता कानून तुलनात्मक रूप से जटिल है। जबकि सीएए का वास्तविक उद्देश्य पड़ोसी देशों से सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करना है, जहां उन्हें अपने धर्म के आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। सीएए धार्मिक अल्पसंख्यकों पर ध्यान केंद्रित करता है, लेकिन यह अन्य सताए गए समूहों को शरण प्रदान करने की संभावना को नहीं रोकता है। सीएए संवैधानिक है और समानता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करता है। यह अधिनियम भारत के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप, सताए गए अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में पसमांदा मुस्लिम समाज को जागरूक करेगा और किसी प्रकार की भ्रांति को दूर करने में मदद करेगा। पसमांदा मुस्लिम समाज को ज्ञात होना चाहिए कि नागरिकता संशोधन अधिनियम सीएए संसद द्वारा कानून बन चुका है और सरकार इसको लागू करने का अधिकार रखती है। पसमांदा मुस्लिम समाज को इस मुद्दे पर किसी प्रकार के उकसावे में नही आना चाहिए ये किसी भारतीय की नागरिकता को लेने का नही बल्कि नागरिकता प्रदान करने का कानून है।

## डिजिटलाइजेशन के विरोध में बीएसए कार्यालय पर गरजे शिक्षक

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल ( पूर्व माध्यमिक ) शिक्षक संघ द्वारा आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर डिजिटाइजेशन एवं ऑनलाइन उपस्थिति देने के विरोध में तथा 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना आयोजित किया गया। धरने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सोपा गया। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयों में कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं कराए हैं सभी विद्यालयों में टैबलेट्स भी उपलब्ध नहीं कराई गई है तथा किसी भी विद्यालय में विभागीय आईडी से डाटा और इंटरनेट उपलब्ध न होने के बावजूद भी जबरदस्ती डिजिटलाइजेशन करने एवं ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

# होली मिलन समारोह में बरसे पूर्वांचल संस्कृति के रंग

**अवधनामा संवाददाता**

- पूर्वांचल होली मिलन समारोह में ब्रज ,अवधि और भोजपुरी गीतों पर नृत्य
- भाईचारे और सद्भावना का संदेश देती है बृज की होलीः जिलाधिकारी

**मथुरा।** धौली प्याऊ रोड स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड में पूर्वांचल होली मिलन समारोह-2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में होली के हर एक रंग की सतरंगी छटा देखने को मिली।

समारोह में संस्कार, संस्कृति और सद्भाव का संगम दिखा तो संस्कृति के कई रंग बरसे। गुलाल और चंदन की खुशबू से समारोह महक उठा वहीं गीत-संगीत और नृत्य के साथ सुरों की सरिता देर रात तक बहती रही। इस रंग-बिरंगे होली मिलन समारोह में ब्रज के लोकगीतों के साथ-साथ अवधी, भोजपुरी, मगही, मैथिली आदि गीतों पर हर कोई झूमने को मजबूर हो गया। होली की खुमारी यहां इस कदर छाई हुई थी कि इस समारोह में मौजूद हर शख्स जहां खड़ा था वहीं झूम रहा था। पूर्वांचल होली मिलन समारोह का ये पन्द्रहवां भव्य संस्करण था।

पूर्वांचल होली मिलन समारोह में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। होली के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक है। चाहे बृज की लट्ठमार होली हो या फगुआ के फगुनाहट से सराबोर कर देने वाली पूर्वांचल की होली। सभी आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश ही देते हैं।

इस मौके पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

पूर्वांचल होली मिलन समारोह में विशेष तौर पर राम खिलाड़ी शर्मा, आभा द्विवेदी, प्रमिला देवी, सुभिता देवी, जयराम सिंह, निरंजन ठाकुर, बबली सिंह, अशोक सिंह, ब्रजेश बैरागी, गीता देवी, श्रवण गुप्ता, रितु मोहन, मुकेश शर्मा, चंद्रभान यादव, धर्मेंद्र यादव, रिंकू, कंचन रंजन, हरे कृष्ण, बबली पांडे, योगेन्द्र सिंह, उर्मिला देवी, चांदनी, सुरेश यादव, माधुरी मिश्रा, अवधेश सिंह, राजपति यादव और बी एस शर्मा के द्वारा गाए गए ब्रज के साथ-साथ पूर्वांचल और बिहार के भोजपुरी गीतों पर लोगों ने होली का आनंद लिया। साथ ही वैष्णवी, श्रेया, ग्रेसी, अंश, अक्षरा, अनुष्का, आकृति, काजल, शुभम, प्रियांशु, अन्नया, रिद्धी, प्रिंसी, राधा, सारिका, वत्स बंधु और भावना ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए।

समारोह में पूर्वांचल समिति, मथुरा के वरिष्ठ संस्थापक और संरक्षक देबू लाल शाह और रामखिलाड़ी शर्मा को उनके योगदान के लिए 'पूर्वांचल रत्न' से सम्मानित किया गया।

पूर्वांचल होली मिलन समारोह की अध्यक्षता पूर्वांचल समिति, मथुरा के अध्यक्ष बी एस शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्यौहार है साथ ही उन्होंने होली में गुलाल और फूलों की होली खेलने पर जोर दिया।

पूर्वांचल समिति के वरिष्ठ संरक्षक देबू लाल गुप्ता ने कहा कि रंगों का पर्व होली सामूहिकता और आनंदित जीवन जीने का संदेश देता है। पूर्वांचल समिति के रमेश चन्द्र के मुताबिक पूर्वांचल वासियों के लिए एक साथ सम्मिलित होने का होली मिलन समारोह 'प्रसन्नता का कुछ पल' है, जिसे हम सभी ने मिलकर संजोया है।

एडवोकेट एसपीएन सिंह ने कहा कि गंगा जमुना की जो तहजीब है उसे ज़िंदा रखने के लिए बहुत लोगों की सहायता रहती है, यह त्यौहार परस्पर दिलों को जोड़े रखता है।

# पिस्टल निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक



भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए।

इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा में रुद्रांश (530), निहाल (527) और सिंहराज(516) ने कुल 1573 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन ने कुल 1611 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। राइफल निशानेबाज मोना अग्रवाल ही प्रतिष्ठित पैरा विश्व कप में अब तक भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत पाई हैं।

# विनेश फोगाट ने काटा बवाल, महिला पहलवान ने नहीं होने दिए दो वर्गों में मुकाबले शुरू

पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिये और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिये यहां साइ केंद्र पहुंची थी। वह प्रदर्शन से पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी लेकिन उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उसने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं होने दी। उसने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी जिससे अजीब स्थिति बन गई। इससे 50 किलोभारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति पहले ही कह चुकी है कि 53 किलो वर्ग के लिये अंतिम ट्रायल होगा जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को अंतिम से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

ट्रायल के दौरान मौजूद एक कोच ने कहा विनेश सरकार से आश्वासन चाहती है। उसे डर है कि अगर डब्ल्यूएफआई के हाथ में फिर कमान आ गई तो चयन नीति बदल सकती है। पर सरकार इस पर आश्वासन कैसे दे सकती है। सरकार चयन मामलों में दखल नहीं दे सकती। उन्होंने कहा शायद वह अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहती है। वह अगर 50 किलो ट्रायल में हार गई तो यह सुनिश्चित करना चाहती है कि 53 किलो में भी दौड़ में बनी रहे।

# जल संकट के कारण बेंगलुरु में नहीं खेले जाएंगे आईपीएल 2024 मैच?

बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जिसके कारण हर कोई परेशान है। वहीं आईपीएल 2024 शुरू होने में महज कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन उससे पहले जल संकट की चपेट में बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम भी आ गया है। आरसीबी 25 मार्च को बेंगलुरु के आईपीएल 2024 के पहले गेम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

इन दिनों बेंगलुरु में पानी की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जिसके कारण हर कोई परेशान है। वहीं आईपीएल 2024 शुरू होने में महज कुछ ही दिन शेष हैं। लेकिन उससे पहले जल संकट की चपेट में बेंगलुरु का चिन्नास्वामी स्टेडियम भी आ गया है। आरसीबी 25 मार्च को बेंगलुरु के आईपीएल 2024 के पहले गेम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

आईपीएल खेल के लिए पिच तैयार करने में लगने वाले पानी की



मात्रा बहुत ज्यादा होती है। उसके लिए काफी पानी चाहिए होता है। अभी जो बेंगलुरु की हालात है, उससे बेंगलुरु को आईपीएल के लिए खुद को तैयार करना बड़ी चुनौती होगी।

वहीं कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने बेंगलुरु में जल संकट को देखते हुए चर्चा केलिए एक बैठक बुलाई है। न्यूज वेबसाइट इनसाइडस्पोर्ट से बात करते हुए केएससीए के एक सदस्य ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भी फैसला केएससीए की बैठक के बाद लिया जाएगा। सूत्र का कहना है कि बोर्ड बैठक के बाद एक बयान जारी करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि, इस मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की जाएगी। तब तक, उस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दिया जा सकता है।

कर्नाटक की राजधानी कम बारिश के कारण जल संकट से जूझ रही है। पिछले कुछ हफ्तों में शहर भर में पानी के टैंकरों की मांग कई गुना बढ़ गई है। शहर में कार धोने, घरों का निर्माण जैसे कई कामों पर पाबंदी लग गई है।

# टी20 वर्ल्ड कप में खेल सकते हैं ऋषभ पंत, जय शाह ने दिया बड़ा अपडेट

सचिव जय शाह ने पीटीआई से पंत, उनकी फिटनेस और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम में उनकी वापसी की संभावना के बारे में बात करते हुए कहा कि, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। उनकी तबीयत ठीक है। हम जल्द ही उन्हें फिट घोषित कर देंगे।

ऋषभ पंत कार एक्सीडेंट के कारण लंबे समय से क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। हालांकि, अब उन्होंने मैदान पर उतरकर तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में पंत टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम में सामिल हो सकते हैं। भारत का स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज, आईपीएल में जो 23 मार्च से अपनी वापसी के लिए तैयार है। लगभग 15 महीनों से एक्शन में नहीं होने के बावजूद वह बीसीसीआई की योजना में हैं।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीटीआई से पंत, उनकी फिटनेस और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में



भारतीय क्रिकेट टीम में उनकी वापसी की संभावना के बारे में बात करते हुए कहा कि, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। उनकी तबीयत ठीक है। हम जल्द ही उन्हें फिट घोषित कर देंगे। अगर वह हमारे लिए टी20 वर्ल्ड कप खेल सके तो ये हमारे लिए बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक बड़ी संपत्ति हैं।

हालांकि, ऋषभ पंत की संभावना जिस चीज पर निर्भर करती है वो है उनकी कीपिंग। घुटे की लिंगामेंट सर्जरी के बाद, स्टंप के पीछे विकेटकीपर बल्लेबाज की फिटनेस की जांच की जानी बाकी है। अब तक, उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने पुष्टि नहीं की है कि वह 2024 सीजन के दौरान विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं।

अपने निर्णायक कारक बने रहने पर जय शाह ने कहा कि, अगर वह कीपिंग कर सकता है तो वह वर्ल्ड कप खेल सकता है। पहले देखें कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करते हैं। पंत की वापसी की संभावना के साथ, इसका मतलब ये हो सकता है कि जितेश शर्मा और ईशान किशन में से कोई एक टी20 वर्ल्ड कप 2024 की दौड़ से बाहर हो सकता है। ईशान किशन का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट समाप्त कर दिया गया है और बीसीसीआई संभावित रूप से उनके रवैये से नाराज है, जितेश को मिले मौकों में वह अच्छा प्रदर्शन कर गए हैं।

## राष्ट्,ीय शिविर के लिये हॉकी इंडिया ने 28 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

हॉकी इंडिया ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम पर 12 से 30 मार्च तक होने वाले सीनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर के लिये 28 संभावित खिलाड़ियों का ऐलान किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों को पुख्ता करने के लिये यह शिविर काफी महत्वपूर्ण है। एफआईएच प्रो लीग 2023 . 24 में सफलता के बाद टीम शिविर में लौटी है। लीग में भारत आठ मैचों में 15 अंक लेकर इस समय तीसरे स्थान पर है। लीग 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बहाल होगी। इसके बाद एक जून से लंदन और फिर आखिरी चरण नीदरलैंड में खेला जायेगा। संभावित खिलाड़ियों में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश और सूरज करकेरा, डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और आमिर अली शामिल हैं। मिडफील्डर में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आर एस मोइरांगथम, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल और विष्णुकांत सिंह होंगे।

# भारत दौरे से पहले छिन सकती है टिम साउदी से टेस्ट कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीनस्वीप कर डाला। न्यूजीलैंड को होम टेस्ट सीरीज में इस हार से बड़ा झटका लगा है। इतना ही नहीं कप्तान टिम साउदी को लगता है कि आने वाली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को नया टेस्ट कप्तान भी मिल सकता है। न्यूजीलैंड को अगली दो टेस्ट सीरीज एशिया में खेलनी हैं। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की मौजूदा पॉइंट्स टेबल में जहां टॉप पर भारत काबिज हैं। वहीं दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम और तीसरे पर न्यूजीलैंड है। जिस कारण वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का प्रबल दावेदार के रूप में भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को माना जा रहा है। हालांकि, ये आंकलन मौजूदा स्थिति को देखकर लगाया जा रहा है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में



क्लीनस्वीप कर डाला। न्यूजीलैंड को होम टेस्ट सीरीज में इस हार से बड़ा झटका लगा है। इतना ही नहीं कप्तान टिम साउदी को लगता है कि आने वाली टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को नया टेस्ट कप्तान भी मिल सकता है। न्यूजीलैंड को अगली दो टेस्ट सीरीज एशिया में खेलनी हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की और भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड को सितंबर से नवंबर के बीच खेलनी है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक जब टिम साउदी से कप्तानी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि हम देखते हैं, आपको एशिया जाना है, स्क्वॉड में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा, क्योंकि वहां स्पिन सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। लेकिन ये सब हम तब देखेंगे, जब हम वहां जाएंगे। हम इस बारे में रात में बात करेंगे, और देखेंगे कि आगे कौन आता है।

# शाहरुख खान ने जीता सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड, रानी मुखर्जी ने भी मारी बाजी

ज़ी सिने अवार्ड्स 2024 में बॉलीवुड और टीवी की बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। रेड कार्पेट पर स्टाइल स्टेटमेंट बनाने के बाद, उन्होंने न केवल पुरस्कार जीते, बल्कि मंच पर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध भी कर दिया। फिल्म जवान और पठान में अपनी भूमिकाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले शाहरुख खान उस रात के सबसे बड़े विजेता बनकर उभरे। उनकी फिल्म जवान ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ कहानी और सर्वश्रेष्ठ संगीत सहित रात के सबसे बड़े पुरस्कार जीते। रानी मुखर्जी, कार्तिक आर्यन और बॉबी देओल रात के अन्य विजेताओं में से थे। शाहरुख ने नौ साल के अंतराल के बाद इस पुरस्कार में प्रस्तुति दी। शाहरुख ने अपने भाषण में कहा, मैं इस सम्मान के लिए मुझे योग्य मानने के लिए आभारी हूं। मैं एटली (जवान निर्देशक) और उनकी खूबसूरत पत्नी प्रिया को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने दक्षिण में अपना घर छोड़ दिया और मुंबई में रह रहे हैं। वास्तव में,



उनके बेटे मीर का जन्म भी मुंबई में हुआ था। क्या फिल्म कामयाब का सारा श्रेय मीर को जाना चाहिए (इस फिल्म का श्रेय मीर को जाता है)। इसलिए एटली और पूरी टीम को धन्यवाद जिन्होंने अथक परिश्रम किया है इस फिल्म को बनाने के लिए।÷ पूरे काले रंग का सूट पहने अभिनेता ने अपने डैपर लुक से स्टाइल स्टेटमेंट भी बनाया। उनके लंबे बाल और ब्लैक शेड्स उनके लुक को कम्पलीट कर रहे थे। आलिया भट्ट, शाहिद कपूर, कृति सेनन, अनन्या पांडे, बॉबी देओल, आयुष्मान खुराना, मौनी रॉय, उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर और कई अन्य लोगों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन किया। गुप्त के दुनिया हसीनों का मेला पर बॉबी के पुरानी यादों से भरपूर नृत्य प्रदर्शन ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। इस पुरस्कार की मेजबानी आयुष्मान खुराना ने अपने भाई अपारशक्ति खुराना के साथ की।

मशहूर हस्तियों ने ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2024 में अपना फैशन ए-गेम पेश किया और रेड कार्पेट पर अपने शानदार परिधानों से सबका ध्यान खींचा। फैशन पुलिस को प्रभावित करने वाली और रेड कार्पेट पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचने वाली अनन्या पांडे थीं, जो बोल्ड थाई-हाई स्लिट वाले खूबसूरत हरे रंग के शिमर गाउन में दंग रह गईं। उन्होंने अपने बालों को स्लीक बन में स्टाइल करके लुक को पूरा किया।

रानी ने शानदार रेशमी साड़ी में भव्यता प्रदर्शित की। कार्तिक ने नीले और सफेद धारीदार शर्ट के साथ काले कोट और पैंट और मैचिंग टाई में धमाकेदार एंट्री की।

# अंकिता लोखंडे ने कहा मुझे सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात करने से कोई नहीं रोक सकता

बिग बॉस 17 में अपने कार्यकाल के दौरान, अंकिता को घर में हमेशा सुशांत का नाम लाने के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा, दरअसल, उनकी सास रंजना जैन ने आरोप लगाया था कि वह केवल सहानुभूति के लिए घर में सुशांत के बारे में बोल रही थीं।

अंकिता लोखंडे उन ट्रोल्स से अप्रभावित हैं जो दावा करते हैं कि वह सुर्खियों में बने रहने के लिए दिवंगत अभिनेता और पूर्व प्रेमी सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात कर रही हैं। बिग बॉस 17 में अपने कार्यकाल के दौरान, अंकिता को घर में हमेशा सुशांत का नाम लाने के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा, दरअसल, उनकी सास रंजना जैन ने आरोप लगाया था कि वह केवल सहानुभूति के लिए घर में सुशांत के बारे में बोल रही थीं, और एक्ट्रेस की सास के इस बयान ने चौंका दिया और कैसे? ज़ूम के



साथ अपने नवीनतम साक्षात्कार में, अंकिता ने प्रशंसक प्रश्न को संबोधित किया जहां उनसे घर में सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बोलने के लिए ट्रोल किए जाने के बारे में सवाल किया गया था।

अंकिता ने खुलेआम कहा कि उन्हें सुशांत के बारे में बात करने से कोई नहीं रोक सकता और वह आगे भी ऐसा ही करती रहेंगी। मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी जिंदगी है। अगर मैं किसी को जानता हूं, अगर मैं किसी के बारे में कुछ अच्छा जानता हूं, तो मैं हमेशा इसके बारे में बोलूंगा। मुझे कोई नहीं रोक सकता। उस पर बाकी चीजें आपके फैसले हैं। सुशांत ने 2020 में दुनिया छोड़ दी और उनकी मौत ने सभी को चौंका दिया, 4 साल हो गए हैं अभिनेता के प्रशंसक और परिवार अभी भी उनकी मौत के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसके पीछे की सच्चाई जानना चाहते हैं।

अंकिता ने विक्की जैन के साथ अपने तलाक की अफवाहों पर भी चर्चा की क्योंकि घर में उनके कार्यकाल के बाद कई लोगों को लगा कि घर में लगातार होने वाले झगड़ों के कारण दोनों अलग हो जाएंगे। अंकिता ने कहा कि वह उससे प्यार करना और परेशान करना जारी रखेगी और किसी भी फैसले की परवाह नहीं करती। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन दोनों बिग बॉस 17 के घर में एक साथ दिखाई दिए और वे दोनों ट्रॉफी घर नहीं ले जा सके, जबकि कई लोगों को लगा कि वे दोनों जीत के हकदार थे।

प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो अंकिता वीर सावरकर में रणदीप हुडा के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

# जब करिश्मा कपूर ने लगाया था पूर्व पति संजय पर बेहद गंभीर आरोप, सास ने मारे प्रेंग्नेंसी में थप्पड़, पति ने दोस्तों के साथ सोने के लिए किया मजबूर!

जब करिश्मा कपूर ने लगाया अपने पूर्व पति संजय कपूर पर आरोप, उन्हें अपने दोस्तों के साथ सोने के लिए किया मजबूर। उसने अपनी माँ से गर्भावस्था में उसे थप्पड़ मारने के लिए कहा। करिश्मा कपूर के पिता और दिग्गज अभिनेता रणधीर कपूर ने अपनी बेटी के तलाक के बाद अपने पूर्व दामाद संजय कपूर को थर्ड क्लास आदमी कहा था। सानिया कपूर के साथ करिश्मा कपूर की शादी किसी बुरे सपने से कम नहीं थी क्योंकि अभिनेत्री ने कथित तौर पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें अपने दोस्तों के साथ सोने के लिए मजबूर करते थे और उन्हें नीलाम करने की भी कोशिश की थी।

2003 में संजय से शादी करने वाली करिश्मा ने अपने बच्चों की कस्टडी के लिए कानूनी लड़ाई के साथ तलाक की याचिका दायर की



थी, याचिका में करिश्मा ने दावा किया था कि संजय ने अपने हनीमून के दौरान उन्हें नीलाम करने की कोशिश की थी और उनकी कीमत भी अपने बच्चों में से एक के लिए तय की थी। दोस्तों के साथ सोने के लिए, और जब उसने मना कर दिया तो उसने उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न किया।

करिश्मा कपूर ने कथित तौर पर यह भी कहा था कि कैसे अपनी गर्भावस्था के दौरान वह अपनी सास द्वारा दिए गए आउटफिट में से एक में फिट नहीं हो पाती थीं, जहां संजय ने अपनी मां से उन्हें थप्पड़ मारने का आग्रह किया था। अभिनेत्री ने घरेलू हिंसा का सामना करने के बारे में खुलासा किया और कथित तौर पर अदालत में इस भयावह घटना के बारे में बताया।


करिश्मा ने घरेलू हिंसा को लेकर संजय और उनकी मां के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी, खार के एक पुलिस अधिकारी ने इस खबर की पुष्टि की थी और अपने बयान में कहा था, हमने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपों के आधार पर मामले की जांच करेंगे। हम आने वाले सप्ताह में संजय और उसकी माँ से पूछताछ करेंगे। ऐसा 2016 में हुआ था।

करिश्मा एक ख़राब शादी में थीं और उनका परिवार उनके साथ था और उन्होंने उन्हें इस दुविधा से बाहर निकाला और खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनाया। करिश्मा 10 साल पहले अपने पूर्व पति संजय से अलग हो गई थीं। आज वह बेहद खुश और स्वस्थ्य हैं। अभिनेत्री ने अपने अभिनय करियर को भी पुनर्जीवित किया है और वह सारा अली खान के साथ मर्डर मुबारक में नजर आएंगी।

# काले जादू पर आधारित अजय देवगन की फिल्म फिल्म 'शैतान' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका की शैतान ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। 8 मार्च को सोलो ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने 14.50 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि अभी तक पुष्टि किए गए आंकड़े नहीं आए हैं, लेकिन उम्मीद है कि फिल्म सप्ताहांत में और गति पकड़ेगी। शैतान को हिंदी बेल्ट में कुल मिलाकर 25.70 की ऑक्यूपेंसी मिली।

फिल्म 'शैतान' ने रिलीज होने के पहले ही दिन टिकट खिड़की पर 15.21 करोड़ रुपये कीकमाई की। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया है। फिल्ममें अजय देवगन, ज्योतिका और आर माधवन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। काले जादू के तत्वों से भरपूर एक मनोरंजक कहानी बताई जा रही यह फिल्म शुक्रवार को



रिलीज की गई।

जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा निर्मित है। 'शैतान' 2023 की गुजराती 'हॉरर फिल्म' 'वश' का हिंदी रीमेक है जिसे कृष्णदेव याग्निक ने लिखा और निर्देशित किया है।

## मिजोरम में सरकारी कर्मचारी काट रहे मौज, बिना ड्यूटी पर जाए उठा रहे मोटी पगार



**आईजोल।** मिजोरम के सरकारी विभाग में लगभग 3,365 कर्मचारियों ने अपने स्थान पर दूसरे लोगों को काम पर रखा है, जो विभिन्न विभागों में काम करते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में, उनके स्थान पर अवैध रूप से कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में इन अनियमितताओं का खुलासा हुआ है ।पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदूहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार ने प्रॉक्सी कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि विसंगतियों के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115 स्थानापन्न कर्मचारी हैं, इसके बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 प्रॉक्सी हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, जिन लोगों ने स्थानापन्न कर्मचारियों को काम पर रखा था, उनमें से 2,070 सरकारी कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें स्वास्थ्य कारणों से ऐसा करना पड़ा, जबकि 703 ने घरेलू समस्याओं का हवाला दिया। प्रॉक्सी को काम पर रखने के लिए कर्मचारियों द्वारा उद्धृत अन्य कारणों में आवासीय क्वार्टरों की अनुपस्थिति, उन गांवों की दुर्गमता, जहां उन्हें तैनात किया गया था और भाषा की समस्याएं शामिल थीं। लालदूहोमा ने हाल ही में कहा था कि राज्य कैबिनेट सरकारी कर्मचारियों द्वारा स्थानापन्न लोगों को काम पर रखने के मामलों पर विचार करेगी और अंतिम निर्णय लेगी। मिजोरम में लगभग 50,000 राज्य सरकार के कर्मचारी हैं।

# रायबरेली और अमेठी से कौन होगा प्रत्याशी? कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।**उत्तर प्रदेश कांग्रेस की एक उच्चस्तरीय समिति ने राज्य की रायबरेली और अमेठी सीटों से गांधी परिवार के सदस्यों को लोकसभा चुनाव लड़ने की सिफारिश की है। इसको लेकर आज शाम 5 बजे केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक है। कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे की अध्यक्षता वाली राज्य चुनाव समिति ने लखनऊ में अपनी पहली बैठक के बाद सर्वसम्मति से ये सिफारिश की है। कांग्रेस की बैठक में उन 17 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई, जो इंडी गठबंधन के तौर पर कांग्रेस को मिली हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की दूसरी बैठक सोमवार शाम को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में होगी, जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और हरियाणा की सीटों पर चर्चा होनी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक शाम 6 बजे बुलाई गई है और इसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी के भी शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने यह भी बताया कि बैठक में कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली और मध्य प्रदेश की लोकसभा सीटों पर चर्चा होनी है। इससे पहले, कांग्रेस ने 8 मार्च को 39 लोकसभा क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा की लोकसभा सीटों के लिए नामों की घोषणा की गई है। घोषित कुल 39 उम्मीदवारों में से 16 केरल से, सात कर्नाटक से, छह छत्तीसगढ़ से और चार तेलंगाना से हैं। मेघालय से दो और नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और लक्षद्वीप से एक-एक हैं। 7 मार्च को हुई पहली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा था, ÷इन 39 उम्मीदवारों में से 15 सामान्य वर्ग से हैं और 24 एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग से हैं।

उल्लेखनीय है कि बीजेपी पहले ही 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर चुकी है। लोकसभा चुनाव इस साल अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

**बैठक**

« पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक शाम 6 बजे बुलाई गई है और इसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।




## भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफः मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े के बयान, संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है को लेकर सियासी बवाल जारी है। कांग्रेस



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनंत कुमार हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को भाजपा पर जमकर हमला किया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल संविधान में संशोधन करके भारी जनादेश प्राप्त करना है। खरगे ने कहा, ÷मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा ने संविधान को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान नहीं बदला जाएगा और दूसरी तरफ वह अपने लोगों ये कहने की इजाजत देते हैं कि उन्हें संविधान में संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है। खरगे ने कहा कि यह बयान किसी बाहरी तत्व ने नहीं बल्कि भाजपा सांसद ने दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान में निहित सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। खरगे ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, यह अच्छी मानसिकता नहीं है अगर आप संविधान बदलना चाहते हैं तो इससे देश में उथल-पुथल मच जाएगी। खरगे ने कहा कि इसीलिए पीएम मोदी एनडीए के लिए 400 से ज्यादा सीटें जीतने की बात करते हैं, क्योंकि वे संविधान में संशोधन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ÷अगर मेरी पार्टी में कोई भी ऐसी टिप्पणी करता है तो मैं उसे निकाल दूंगा, अगर भाजपा में हिम्मत है तो उन्हें ऐसा करना चाहिए।

## पति की नृशंस हत्या देख पत्नी को आया हार्ट अटैक, हुई मौत, भतीजे ने चाचा का गला रेत डाला

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में दिल को दहला देने वाली एक घटना घटी है। मामला पति-पत्नी से संबंधित है।



दरअसल, रविवार देर रात 59 वर्षीय पति की नृशंस हत्या देखने के बाद 56 वर्षीय पत्नी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। दोनों मृतक पति-पत्नी की पहचान मूर्ति राव गोखले और शोभा गोखले के रूप में हुई है। अनंतपुर वन टाउन सर्कल इंस्पेक्टर रेड्डेप्पा के मुताबिक, यह दुखद घटना अनंतपुर में जेएनटीयू कैंपस के सामने एलआईसी कॉलोनी के एक अपार्टमेंट में सामने आई। मूर्ति राव गोखले एसके विश्वविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी थे। वह इससे पहले अनंत लक्ष्मी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के मुताबिक हत्यारे की पहचान आदित्य के रूप में हुई है, जो मृतक मूर्ति राव गोखले का भतीजा है। दरअसल, इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री पूरी करने वाले आदित्य ने कथित तौर पर एक प्रतिष्ठित कंपनी में प्लेसमेंट पाने के लिए अपने चाचा मूर्ति राव गोखले को रिश्वत दी थी। इसके बाद मूर्ति राव अपना वादा पूरा नहीं कर पाए, यानी आदित्य को उस कंपनी में नौकरी नहीं मिली। गोखले ने इसके बाद आदित्य का कॉल उठाना बंद कर दिया। इससे नाराज आदित्य ने अपने चाचा को जान से मारने की योजना बनाई। आदित्य ने योजना बनाकर रविवार देर रात आदित्य गोखले के घर पहुंचा और उनके साथ तीखी बहस करने लगा। बहस इतनी तेज हो गई कि बाद में आदित्य ने चाकू से गोखले पर हमला कर दिया। आरोपी ने गोखले का गला काट दिया और उनके पूरे शरीर पर चाकूओं से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घर में मौजूद गोखले की पत्नी शोभा ने अपने पति को बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आदित्य ने उन पर भी हमला करके घायल कर दिया। मगर, पति की नृशंस हत्या देखने के बाद शोभा को कुछ घंटों बाद ही दिल का दौरा पड़ा और उनकी भी मौत हो गई। अनंतपुर टाउन पुलिस ने केस दर्ज करते आदित्य को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है।

# माओवादी लिंक मामले में महाराष्ट्र सरकार की अर्जी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी एन साईबाबा और अन्य को माओवादियों से संबंध के मामले में बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का महाराष्ट्र सरकार का अनुरोध मानने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश ''प्रथम दृष्टया तर्कसंगत'' है। लेकिन, न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई

**मामले**

« बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने इस मामले में जीएन साईबाबा के अलावा पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया था।



के लिए सहमति जताई। पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू के याचिका को जल्द सूचीबद्ध करने के मौखिक अनुरोध को भी खारिज कर दिया और कहा कि इस पर उचित समय पर सुनवाई की जाएगी। जस्टिस मेहता ने कहा कि यह बड़ी मुश्किल से बरी किए जाने का मामला है और सामान्य तौर पर, इस अदालत को यह अपील खारिज कर देनी चाहिए थी। कथित माओवादी लिंक के आरोप में जेल में बंद डीयू के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने 5 मार्च को बरी कर दिया था। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने इस मामले में जीएन साईबाबा के अलावा पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया था। जस्टिस विनय जोशी और जस्टिस वाल्मिकी एसए मेनेजेस की पीठ ने यह फैसला सुनाया था। अदालत ने साईबाबा को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया था और कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोजन की मंजूरी को ÷अमान्य'' ठहराया था। उसने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया था। शारीरिक असमर्थता के कारण व्हीलचेयर का इस्तेमाल करने वाले साईबाबा 2014 में मामले में गिरफ्तारी के बाद से नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद थे। मार्च 2017 में, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की एक सत्र अदालत ने कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए साईबाबा, एक पत्रकार और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक छात्र सहित पांच अन्य लोगों को दोषी ठहराया था। साईबाबा और अन्य आरोपियों को 2014 में माओवादी गुटों से जुड़े होने और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। साईबाबा और पांच अन्य को 2017 में एक सत्र अदालत ने दोषी ठहराया था। इसके बाद सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ साईबाबा ने हाईकोर्ट में

## तमिलनाडु में 100 करोड़ से अधिक की ड्रग्स जब्त, श्रीलंका से हुआ था सप्लाई


**चेन्नई।** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के मिमिसल गांव स्थित झींगा फार्म से सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने 100 करोड़ से अधिक हशीश और गांजा जब्त किया। अभी हाल ही में मंडपम के निकट से 108 करोड़ रुपये मूल्य की 99 किग्रा हशीश जब्त की गई थी। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने एक्स पोस्ट में बताया कि सूचना मिली थी कि श्रीलंका में तस्करी के लिए बड़ी मात्रा में हशीश और गांजा जैसे ड्रग्स झींगा फार्म में एकत्रित किए गए हैं। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मौजूदगी में ताला तोड़कर हशीश और गांजे से भरे 48 बैग बरामद किए गए।

# कैबिनेट पर पार्टी का नियंत्रण बढ़ा प्रधानमंत्री क्यांग हुए कमजोर

**समापन**

« बीजिंग में सोमवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के समापन दिवस पर संशोधित स्टेट काउंसिल संगठित कानून के पक्ष में 2,883 डेलीगेट रहे।

**बीजिंग।** चीन की संसद ने सोमवार को कानून में संशोधन कर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को और शक्तिशाली बनाने को मंजूरी दे दी। कम्युनिस्ट पार्टी का अब कैबिनेट पर और नियंत्रण होगा। इससे राष्ट्रपति शी चिनिंफग की शक्तियों का और विस्तार होगा। तीन दशकों में यह पहली बार है कि जब प्रधानमंत्री का वार्षिक संवाददाता सम्मेलन रद्द कर



दिया गया, जो अब तक पार्टी के नंबर दो नेता के रूप में आर्थिक मामलों के लिए जिम्मेदार थे। इस प्रेसवार्ता में पत्रकार किसी शीर्ष नेता से सीधे सवाल कर सकते थे। बीजिंग में सोमवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के समापन दिवस पर संशोधित स्टेट काउंसिल संगठित कानून के पक्ष में 2,883 डेलीगेट रहे। आठ डेलीगेट ने विरोध में मत दिया और नौ अनुपस्थित रहे। इस तरह सत्तारूढ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता शी चिनफिंग के दृष्टिकोण को पूरा करने लिए बनाई गई योजना पर लगभग सर्वसम्मति थी। हाल के वर्षों में यह प्रधानमंत्री ली क्यांग के नेतृत्व में संचालित स्टेट काउंसिल की शक्तियों को धीरे-धीरे नष्ट करने की श्रृंखला में नवीनतम उपाय है। विधि विशेषज्ञों का कहना है कि 1982 के बाद यह पहली बार है कि स्टेट काउंसिल संगठित कानून संशोधन के जरिये शक्तियों को पार्टी के हाथ में लगातार हस्तांतरित किया जा रहा है।

जिससे पार्टी के निर्देशों को सरकार ईमानदारी से लागू करे। कानून में इस संशोधन से ऐसे अनुच्छेद जोड़े गए हैं, जिससे स्टेट काउंसिल पार्टी केंद्रीय समिति के अधिकार और केंद्रीकृत नेतृत्व की शक्तियों को ढ़ढ़ता से बनाए रखें। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक,इससे पार्टी के नाम पर राष्ट्रपति शी चिनफिंग के विचारों को लागू करने को स्टेट काउंसिल विवश होगी।

## अमेरिका में चार भारतवंशी महिलाओं को किया गया सम्मानित

**न्यूयार्क।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चार प्रमुख भारतीय और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और समाज में योगदान के लिए दिया गया है। न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महारानी राधिकाराजे गायकवाड़, नीना सिंह, डां. इंदू ल्यू और मेघा देसाई को सम्मानित किया गया है। गायकवाड़ अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से शिक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीना सिंह न्यूजर्सी में पहली भारतीय और सिख महिला मेयर हैं। ल्यू क्लीनिकल ने स्वास्थ्य सेवा में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया, जबकि मेघा देसाई एक फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं, जिसका काम ग्रामीण भारत में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य, आजीविका और मासिक धर्म समानता में सुधार पर केंद्रित है।

# ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड जा रही फ्लाइट में अचानक हुई हलचल, हादसे में 50 यात्री घायल

**सिडनी।** सिडनी से न्यूजीलैंड जा रहे चिली के एक विमान में सोमवार को अचानक तेज हलचल होने के कारण लगभग 50 यात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह सब इतना अचानक हुआ कि किसी को भी संभलने का समय नहीं मिला। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, LATAM एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान के दौरान एक तकनीकी खराबी हुई, जिसके कारण जोरदार हलचल हुई। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया गया कि आखिर हुआ क्या था। जब उड़ान ऑकलैंड में उतरी, तो पैरामेडिक्स और 10 से अधिक आपातकालीन वाहनों ने यात्रियों की मदद की और उन्हें बाहर निकाला। एम्बुलेंस के एक प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 50 लोगों को हल्की चोटों के कारण घटनास्थल पर ही उपचार दिया गया। हालांकि, उनमें से 13 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से एक मरीज की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। यात्रियों ने बताया कि जब फ्लाइट LA800 अचानक डगमगाने लगी, तो कई लोग सीट बेल्ट नहीं पहनी थी। बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उड़ान ऑकलैंड हवाई अड्डे पर उतरा और उसे सैंटियागो, चिली के लिए आगे बढ़ना था। एयरलाइन ने कहा, ÷ख्नरूइस स्थिति के कारण अपने यात्रियों को हुई असुविधा और चोट के लिए खेद व्यक्त करता है और अपने परिचालन मानकों के ढांचे के अंतर्गत प्राथमिकता के रूप में सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

**प्रवक्ता**

« एम्बुलेंस के एक प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 50 लोगों को हल्की चोटों के कारण घटनास्थल पर ही उपचार दिया गया।



## होनोलूलू शहर में एक ही परिवार के पांच लोग मिले मृत

**होनोलूलू।** होनोलूलू शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। एक ही परिवार के पांच लोग घर में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा कि वे मनोआ घर में तीन बच्चों सहित एक परिवार की हत्या-आत्महत्या की जांच कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने रविवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि पुलिस सबसे पहले सुबह 8¬30 बजे घर पर पहुंची, लेकिन जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो वह चली गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती कॉल एक अज्ञात व्यक्ति की थी और पुलिस के पास घर में प्रवेश करने का कोई कारण नहीं था।

## एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फिर से किया कमाल, 6 घंटे के अंदर लांच किए 46 स्टारलिंक सेटेलाइट

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने सोमवार को पृथ्वी की निचली कक्षा में 46 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों के दोहरे प्रक्षेपण में सफलता हासिल की है। ये सभी केवल छह घंटे के भीतर छोड़े गए थे। सेटेलाइट को स्पेस लांच कांप्लेक्स 40 (एसएलसी-40) से पुन¬ प्रयोग में आने वाले दो चरण वाले फाल्कन-9 राकेट से लांच किया गया। 23 उपग्रहों का पहला सेट भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह 4¬35 बजे रवाना हुआ। कंपनी ने कहा कि यह इस मिशन का सपोर्ट करने वाले राकेट की 11वीं उड़ान थी। इसने पहले क्रू-5, जीपीएस 3 स्पेस व्हीकल 6, इनमारसैट आई6-एफ2, सीआरएस-28, इंटेलसैट जी-37, एनजी-20 प्रक्षेपित किए जा चुके हैं।

## 8,600 साल पुरानी दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड, अभी भी गोल और स्पंजी

**नई दिल्ली।** पुरातत्वविदों ने दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड खोज निकाला है। यह ब्रेड 8,600 साल पुरानी है, जो दक्षिणी तुर्किये के कोन्या प्रांत में एक पुरातात्विक स्थल कैटलहोयुक में मिली है। यह खोज 6600 ईसा पूर्व की है और ब्रेड कच्चे और फर्मेंटेंड हालत में पाया गया है।

CNN की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेड के अवशेष मेकन 66 नामक क्षेत्र में आंशिक रूप से नष्ट हुए ओवन के पास पाए गए, जो प्राचीन मिट्टी की ईंटों से बने घरों से घिरा हुआ था। तुर्किये के नेकमेट्टिन एर्बाकन यूनिवर्सिटी साइंस एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एप्लीकेशन सेंटर (बीआईटीएएम) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्रेड काफी गोल और स्पंजी है और विश्लेषण के माध्यम से इसकी पहचान की गई।

तुर्किये राज्य समाचार आउटलेट अनादोलु एजेंसी के हवाले से अनादोलु विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर, पुरातत्वविद् अली उमुट तुर्कान ने दावा किया हम कह सकते हैं कि कैटालहोयुक में मिली यह दुनिया की सबसे पुरानी ब्रेड है। यह एक पाव रोटी का छोटा संस्करण है। इसके बीच में एक उंगली दबाई गई है, इसे पकाया नहीं गया है, लेकिन इसे फर्मेटेंड किया गया है और अंदर के स्टार्च आज तक जीवित है। उन्होंने कहा कि आज तक इस तरह का कोई समान उदाहरण नहीं मिला है। स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से मिली तस्वीरों के मुताबिक, ब्रेड के भीतर स्टार्च के कण दिखाई दिए है। तुर्कीये में गाजियांटेप विश्वविद्यालय के बायोलॉजिस्ट सलीह कावाक ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस खोज ने ब्रेड की प्रामाणिकता के बारे में हमारे संदेह को खत्म कर दिया है। स्टडी में यह भी बताया गया कि ब्रेड बनाने के लिए आटे और पानी को मिलाया गया था, जिसे बाद में ओवन के पास तैयार किया गया था और संभवतः कुछ समय के लिए संग्रहीत किया गया था। कावाक ने कहा कि यह तुर्कीये और दुनिया के लिए एक रोमांचक खोज है।

**स्टार्च**

« स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से मिली तस्वीरों के मुताबिक, ब्रेड के भीतर स्टार्च के कण दिखाई दिए है।




## पाकिस्तान में ढहने की कगार पर अभिनेता दिलीप कुमार का पुश्तैनी घर

**पेशावर।** पाकितान के खैबर पख्तूख्वा प्रांत में स्थित दिग्गज अभिनेता दिवंगत दिलीप कुमार का पुश्तैनी मकान हाल की बारिश में क्षतिग्रस्त होने से ढहने की कगार पर है। मूसलाधार बारिश ने मकान के नवीनीकरण के खैबर पख्तूनख्वां पुरालेख विभाग (केपीके) के दावों की पोल खोल दी है। इस मकान को 13 जुलाई, 2014 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित किया था। बता दें कि दिवंगत अभिनेता एक बार अपने पुश्तैनी मकान में आए थे और यहां आकर भावुक हो गए थे। कुमार का जन्म पेशावर शहर के ऐतिहासिक किस्सा ख्वानी बाजार के पीछे मोहल्ला खुदादाद स्थित इसी मकान में 1922 में हुआ था। भारत जाने से पहले उन्होंने अपने शुरुआती 12 साल यहां बिताए थे। हेरिटेज काउंसिल केपीके प्रांत के सचिव शकील वहीदुल्लाह खान ने कहा कि पेशावर में हाल ही में हुई बारिश ने कुमार के मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है।

## शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल में 19 नेताओं को मिल सकती है जगह, राष्ट्रपति जरदारी को भेजी लिस्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए 19 नामों की सिफारिश की है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा इन नामों को मंजूरी मिल जाती है तो वह जल्द ही मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति जरदारी को भेजे गए पत्र में 19 नाम शामिल हैं, जिनमें नेशनल असेंबली के 12 सदस्य और 3 सीनेटर शामिल हैं। बता दें कि पीएम शरीफ ने मंत्रिमंडल को लेकर एक दिन पहले ही मैराथन बैठक की थी। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, नामों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार देर रात तक बैठक चली थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को 19 सदस्यीय मंत्रिमंडल नियुक्त करने का सुझाव दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जरदारी को लिखे पत्र के अनुसार, मंत्रिमंडल में 12 एमएनए और 3 सीनेटर शामिल हैं। इसके अलावा राज्य मंत्री के लिए शजा फातिमा ख्वाजा का नाम भी लिस्ट में है। प्रधानमंत्री के एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि मंत्रियों की नई सूची सोमवार या मंगलवार तक मंजूरी मिल जाती है तो तुरंत ही इन मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पूर्व रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार, पूर्व योजना मंत्री अहसान इकबाल, पूर्व कानून मंत्री आजम नजीर तरार और पूर्व पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक का नाम लिस्ट में शामिल हैं। इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी के नेता अलीम खान और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान के खालिद मकबूल सिद्दीकी का नाम भी लिस्ट में शामिल हैं। शजा फातिमा ख्वाजा एकमात्र महिला हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की गई है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने 4 मार्च को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



# आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय /राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्वाचन की घोषणा के उपरान्त आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान आयोग द्वारा प्राप्त आदर्श आचार संहिता की निर्देश प्रति आपको उपलब्ध कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि आयोग के प्राप्त निर्देश के सम्बन्ध में अपने दल के सम्भावित प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं को भलीभांति अवगत कराने का कष्ट करें। अनुपालन सुनिश्चित न होने पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निर्वाचन को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निमित्त समस्त अध्यक्ष/मंत्री, राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल, नागरिकों, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन से संबंधित समस्त प्रकार की अनुमति प्राप्त करने हेतु सुविधा पोर्टल पर आनलाइन अप्लाई किये जाने की व्यवस्था है। सुविधा पोर्टल (suvidha.eci.gov.in) पर आवेदन करने हेतु अपना मोबाईल नम्बर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त करेंगें तथा प्राप्त ओटीपी ओटीपी का इस्तेमाल कर अनुमति हेतु पोर्टल पर लागिन करने के उपरान्त अनुमति हेतु आवेदन दर्ज कर सकते हैं। नाम



निर्देशन पत्र भी आनलाइन इनकोर साइट पर सुविधा उपलब्ध कराया गया है। मतदेय स्थल के सम्बन्ध में प्रतिनिधियों के साथ पूर्व बैठक में विचार के उपरान्त निम्न प्रस्ताव आयोग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था जिसमें 366-जौनपुर विधान सभा क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या-172-प्रा0वि0 वशीरपुर पर 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण उसी भवन में 172 अ- सहायक मतदेय स्थल बनाया जाना।366-जौनपुर विधान सभा क्षेत्र के मतदेय स्थलसंख्या-415,416,417-प्रा0वि0.मियांपुर जो जर्जर था को कम्पोजिट विद्यालय मियांपुर में स्थापित किया जाना। 369-मछलीशहर वि0स0क्षेत्र में मतदेय स्थल-133-साधन सहकारी समिति बिशुनपुर जर्जर होने के कारण पंचायत भवन करौंदी में स्थानान्तरित किया जाना। उक्त के अतिरिक्त 366-जौनपुर, 368-मुंगराबादशाहपुर एवं 369-मछलीशहर के मतदेय स्थल जिनके भवन में कोई परिवर्तन नहीं किया गया, मात्र त्रुटिपूर्ण नामों को संशोधित किया जाना था, को शुद्ध करा दिया गया है। तदनुसार संशोधित मतदेय स्थल की सूची राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। आयोग द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद में विधानसभावार मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल का विवरण निम्नवत हैः- विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 364-बदलापुर में मतदान केन्द्र 232 और मतदेय स्थल 353 है 365-शाहगंज मतदान केन्द्र 219 और मतदेय स्थल 397 है। 366-जौनपुर में मतदान केन्द्र 209 और मतदेय स्थल 421 है। 367-मल्हनी में मतदान केन्द्र 237 और मतदेय स्थल 386 है368-मुंगराबादशाहपुर में मतदान केन्द्र 244 और मतदेय स्थल की संख्या 398 है। 369-मछलीशहर में मतदान केन्द्र की संख्या 258 और मतदेय स्थल 402 है। 370-मड़ियाहूँ में मतदान केन्द्र 229 और मतदेय स्थल 342 है। 371-जफराबाद में मतदान केन्द्र 223 और मतदेय स्थल की संख्या 390 है। 372-केराकत में मतदान केन्द्र 287 और मतदेय स्थल 421 है। 107373 पहचान पत्र प्राप्त हो गया है जिसमें से 55925 पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से वितरित हो चुका है तथा 51448 वितरण हेतु प्रक्रियाधीन है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान, उप जिलाधिकारीगण, सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# बैलट पेपर से मतदान कराने के लिए की मांग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार भोजवाल आजाद ने लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से चुनाव आयोग से कराए जाने की मांग की है। प्रतापगढ़ में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि चुनाव नजदीक है और निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा देना, संदेह के घेरे में आता है। जबकि गोयल का कार्यकाल 2027 तक है। इस समय किसी भी दशा में गोयल का इस्तीफा देना सही नही लगता है। राष्ट्रीय भारतीय अखण्ड पार्टी राष्ट्रपति, चुनाव आयोग एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से देश हित में मांग करती है कि 2024 लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराएं तथा चुनाव आयोग के निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की भी जांच की जाए। राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी चुनाव आयोग से यह भी मांग करती है कि जब तक बैलेट पेपर से चुनाव कराने की व्यवस्था न हो तब तक के लिए चुनाव टाल दिया जाए।

# संविधान और मज़हब किसी भी भाषा को सीखने से नहीं रोकता: फिरंगी महली

**आसमा ग्रुप कालेज में पहुँचे धर्मगुरु ख़ालिद रशीद फिरंगी**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(खेतासराय)** ऐशबाग ईदगाह इमाम लखनऊ व पर्सनला बोर्ड के सदस्य मौलाना ख़ालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि तालीम के गुणवत्ता के साथ ही नौनिहालों की तरबियत भी जरूरी है। सभ्य समाज का निर्माण तालीम के ही बदौलत हो सकता है। संविधान और मज़हब किसी भी भाषा को सीखने से नही रोकता है। समाज मे बदलवा के लिए शिक्षण संस्थानों का खोला जाना आवश्यक है।

वह रविवार को गोरारी स्तिथ आसमा ग्रुप कालेज में वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मायूसी से किसी भी समस्या का निदान नही होता है। अशिक्षाए सभी कौमों में है। बच्चों में कम्पटीशन का माहौल उतपन्न करना चाहिए जिससे वह देश की सेवा में अपना अहम योगदान दे सकें।

हालांकि फिरंगी महली अपने बीस मिनट के उद्बोधन में एसआईटी के रिपोर्ट पर तेरह हज़ार बंद होने जा रहे मदरसे पर कुछ भी बोलने से परहेज़ किया। विशिष्ट अतिथि विधायक नफ़ीस अहमद ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज मे फैली कुरूतियों को शिक्षा ही बंदिश लगा सकती है। समारोह को पूर्व मंत्री मुईद अहमद, केजीएमयू लखनऊ के प्रोफ़ेसर कौशर उस्मान, आरएलडी नेता वसीम अहमद, वरिष्ठ पत्रकार अशफ़ाक अहमद ने भी सम्बोधित किया। इस से पूर्व छात्रों ने कई संस्कृति कार्यक्रम परस्तुति कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता मौलाना वहीद क़ासमी ने किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मौलाना सुफ़ियान निज़ामी, हम्माम वहीद, अरशद आज़मी, तौक़ीर सिद्दीकी, आदिल प्रधान, समाजसेवी तारिक खान,अदनान खान, इरफ़ान अहमद पूर्व प्रधानाचार्य, डॉ वकील, बेलाल जावेद समेत अन्य लोग शामिल रहे। अंत मे स्कूल के प्रबंधक अम्मार वहीद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्री राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर का हुआ जीणोद्धार**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(महराजगंज)** स्थानीय बाज़ार स्थित यजमान बद्री प्रसाद पाण्डेय, अमरनाथ पांडेय वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय व सूर्य मणि पाण्डेय के नेतृत्व में मन्त्रोच्चारण के साथ श्री राम जानकी मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा की शुरुआत प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर से हुई जो महराजगंज बाजार से होते हुए सवंसा स्थित हनुमान मंदिर स्थानीय पड़ाव व नाहरपुर गांव स्थित मंदिर सहित पांच मन्दिरों पर होते हुए पुनः मंदिर परिसर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राम जानकी हनुमान समेत विभिन्न देवी देवता का मनमोहक दृश्य रथ पर देखने को मिला आगे आगे रथ तो पीछे-पीछे श्रद्धालुओं ने जय श्री राम जय हनुमान का जयकारा लगाते हुए शोभा यात्रा में बढ़ रहे थे।गाजे बाजे ब डीजे पर लोग हाथ में झंडा लेकर थिरक रहे थे।इस दौरान कार्यक्रम व्यवस्थापक अमित पाण्डेय पत्रकार ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। मौके पर केदारनाथ पाण्डेय आचार्य, त्रियुगीनारायण पाण्डेय, त्रिभुवन पाण्डेय, आशीष विकास, राजकमल मिश्र,भोला प्रसाद सेठ, ओमप्रकाश सेठ,आकाश सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे कर्मकांड विद्वान पंडित अखिलेश चंद्र मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र व राजीव मिश्र द्वारा संपन्न कराया गया।

# पीयू गुणात्मक विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता में अग्रणी: प्रो. वंदना सिंह

**राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के साथ पीयू का एमओयू**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज अब शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को परस्पर समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने पर दोनों कुलपतियों के बीच सहमति बनीं। साक्षी के तौर पर दोनों विश्वविद्यालय के कुलसचिवगण महेंद्र कुमार, कर्नल विनय कुमार के साथ नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाण्डेय और राजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर पीयू की कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने निरंतर गुणात्मक और मात्रात्मक विकास, शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्टता, पारदर्शी और कुशल शैक्षणिक प्रशासन जैसी विशेषताओं के आधार पर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाया है। आज प्रदेश के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एमओयू के उपरांत अब उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ ही रोजगारपरक कार्यक्रमों का लाभ पूर्वांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्व विद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उप्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता का लाभ मिलेगा।

# बहुआयामी और समृद्ध धरोहर है भारतीय संस्कृति: प्रो. सीमा सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मुक्त विश्वविद्यालय ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय से एमओयू कर लगाई हैट्रिक**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को परस्पर समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह ने परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साक्षी के तौर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलसचिव श्री महेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की उत्कृष्टता का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों से जुड़कर छात्र अपने कैरियर को संवार सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों की असीमित क्षमताओं का विकास करना विश्वविद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही विशेष दिन है। आज उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मध्य अकादमिक समझौता हुआ है जिससे इस क्षेत्र के बहुत सारे विद्यार्थी आने वाले समय में लाभान्वित होंगे। ऐसी मुझे पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निरंतर मार्गदर्शन में मुक्त विश्वविद्यालय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ ही महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के साथ एमओयू साइन करके उनकी विशेषताओं से शिक्षार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के बाद अब वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के साथ एमओयू प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने निरंतर गुणात्मक और मात्रात्मक विकास, शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में उत्कृष्टता, पारदर्शी और कुशल शैक्षणिक प्रशासन जैसी विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान कायम किया है। आज प्रदेश के एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय के साथ एमओयू के उपरांत अब उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ ही रोजगारपरक कार्यक्रमों का लाभ पूर्वांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा। इस अवसर पर अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुविवि की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एक बहुआयामी और समृद्ध धरोहर है जो भारत के साथ ही विश्व को भी प्रभावित करती है। यह अहिंसा, धर्म, कर्म, योग, और समर्पण के मूल्यों पर आधारित है। भारतीय संस्कृति विविधता और एकता का सुंदर उदाहरण प्रदान करती है, जिसमें सभी धर्म, भाषाएं, और जातियाँ समाहित हैं। इसकी अद्भुत सांस्कृतिक विरासत भव्य भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की भागीदारी से संस्कृति संरक्षण में सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है और इससे समृद्धि और सुरक्षा की दिशा में बढ़ावा मिल सकता है।

# आईपीएस अनंत चंद्रशेखर ने संभाला थाना अतरसुईया का चार्ज

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने सहायक पुलिस आयुक्त परिविक्षाधीन के पद पर तैनात रहे तेज तर्रार आईपीएस अनंत चंद्रशेखर को थाना अतरसुइया का चार्ज सौंपा। वर्ष 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी अनंत चंद्रशेखर दक्षिण भारत के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी के रूप में चार्ज संभालने के बाद उन्होंने पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा की हमारी सबसे पहली प्राथमिकता पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना रहेगा। हर पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जाएगी। यदि जांच में कोई भी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। खासतौर से जो भूमाफिया है दूसरे की जमीन कब्जा कर लेते है और उनको परेशान करते है ऐसे लोगो को बीट के सिपाही और दरोगा को लगाकर चिन्हित किया जाएगा। अगर किसी भी भूमाफिया के खिलाफ शिकायत मिली तो उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। गरीबों को न्याय मिलेगा। जिसका भी काम हो खुद थाने पर आकर अपनी समस्या को बताए। उसकी समस्या को सुनकर समाधान किया जाएगा। थाने पर दलालों का प्रवेश बिलकुल वर्जित रहेगा। अगर कोई दलाल थाने के आस पास दिखेगा तो उसके खिलाफ भी कारवाही की जाएगी।

# चुनाव में लापरवाही पर सस्पेंड किए जाएंगे थाना प्रभारी: पुलिस कमिश्नर



**कमिश्नरेट की क्राइम मीटिंग में कमिश्नर ने दिए कल निर्देश**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट की क्राइम मीटिंग में इस बार लोकसभा के चुनाव पर विशेष ध्यान रखा गया। अपराध समीक्षा में सभी थानेदारों को अल्टीमेटम भी दिया गया। कमिश्नर रमित शर्मा ने थाना प्रभारियों को कहा कि चुनाव के दौरान जरा सी लापरवाही होने पर सस्पेंड कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन अवश्य होना चाहिए। इसमें लापरवाही की जरा सी भी गुंजाइश नहीं है। ऐसा हो जाता है तो थानेदार को इंतजार नहीं करना बल्कि यह मान के चलें कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है। क्राइम मीटिंग में सभी डीसीपी और एसीपी भी शामिल रहे।

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने चुनाव से पहले की जाने वाली कार्यवाही का ब्यौरा भी लिया। फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और चुनाव के मद्देनजर उपद्रव की आशंका पर पाबंदी की कार्यवाही पूछे जाने पर एयरपोर्ट थाना, दारागंज और शाहगंज थाना प्रभारी जवाब नहीं दे सके। सौंपी गई विवेचनाओं के लंबित होने पर भी फटकार लगाई गई। करेली, खुल्दाबाद, मुट्ठीगंज थानों के प्रभारियों से गुंडा एक्ट के मामलों में जवाब तलब किया। पुलिस अफसरों को हिदायत दी गई की फ्लैग मार्च और रूट मार्च प्रतिदिन करें तथा वीडियो और फोटो के जरिए सूचित करें। उन्होंने होली और रमजान त्यौहार के मद्देनजर भी दिशा निर्देश जारी किए।

## दर्शनार्थियों से भरा टेंपो खाई में पलटा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**अतरौलिया।** दर्शनार्थियों से भरा टेंपो खाई में पलटा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल । बता दे की अहिरौला थाना क्षेत्र के भोगैचा गांव निवासी शंकर विश्वकर्मा अपने टेंपो से घर के लोगों को लेकर बसखारी स्थित दरगाह दर्शन के लिए जा रहे थे की इसी दौरान अतरौलिया छितौनी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। टेंपो में सभी सात लोग सवार थे जिसमें अधिकतर महिलाएं थी। सभी घायलों को नजदीकी सौ सैया अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ उपचार के दौरान तीन लोगों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायलों में मुख्य रूप से सीता विश्वकर्मा पति चंद्रभान 65 वर्ष निवासी भोगैचा थाना अहिरौला, ऑटो चालक शंकर विश्वकर्मा पुत्र लाल बहादुर 65 वर्ष निवासी भोगैचा, अनीता विश्वकर्मा पति बृजभान 35 वर्ष निवासी भोगैचा अहिरौला के बताए जा रहे हैं।

# आजमगढ़ में प्रधानमंत्री ने की जुमलों की अंधाधुंध बारिश: अशोक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ।** जनपद में अशोक यादव प्रवक्ता समाजवादी पार्टी कल में प्रधानमंत्री मोदी जी की जनसभा थी जिसमें उन्होंने जुमलों की अंधाधुंद बारिश की। जिस एयरपोर्ट का उद्घाटन उन्होंने किया वह एयरपोर्ट समाजवादी सरकार में श्रद्धेय नेताजी द्वारा बनाया गया था और उद्घाटन भी हुआ था, उद्घाटन का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री जी आए थे।10 साल का कार्यकाल मोदी सरकार का और 7 साल का कार्यकाल योगी जी का आजमगढ़ की जनता ने देखा लेकिन भाजपा सरकार द्वारा किया गया कोई कार्य नहीं देखा।

माननीय मोदी जी 2014 में बनारस में जब गए थे चुनाव लड़ने उन्होंने कहा था मुझे मां गंगा ने बुलाया है और काशी को क्योटो बनाने का तथा मां गंगा की सफाई का वादा उन्होंने किया था लेकिन दोनों काम नहीं हो पाए ना तो काशी क्योटो बन पायी ना तो मां गंगा साफ हो पायीं, मां गंगा के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जरूर साफ हो गया। जब वह अपने लोकसभा क्षेत्र में किए हुए वादे नहीं पूरे कर पाए तो आजमगढ़ में क्या करेंगे रही बात आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल निरहुआ की तो अपने कार्यकाल के दौरान गाल बजाने के अलावा आजमगढ़ में एक भी कार्य नहीं करा पाए एक भी काम वो नहीं गिना पाएंगे आजमगढ़ के विकास के एक-एक ईंट पर समाजवादियों का नाम लिखा हुआ है न सिर्फ आजमगढ़ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार द्वारा किए गए कार्य ही आज चारों तरफ दिखाई दे रहे हैं।

## रमजान माह में जलापूर्ति व्यवस्था होगी बेहतर ,दस घण्टे की होगी आपूर्ति-विनय कुमार



**आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने रमजान माह में जलापूर्ति की समस्या को लेकर संज्ञान लिया है। रमजान माह मे सहरी और इफ्तार का समय को ध्यान मे रखकर दस घण्टे आपूर्ति का शेंड्यूल जारी कर जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश निर्देश दिया है। मुबारकपुर नगर के क ई मोहल्लों पानी की सप्लाई ठीक नहीं थी।मोहल्ला पुरा खिजिर में पानी की सप्लाई मनमाने ढंग से हो रही। इस बाबत शिकायत करने पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में तत्काल शेंड्यूल जारी कर प्रातः दो बजे से पांच बजे तक व छः बजे से आठ बजे तक सुबह पांच घण्टे और इस तरह दोपहर तीन बजे से रात्रि आठ बजे तक पांच घण्टे यानी कुल मिलाकर दस घण्टे पानी की सप्लाई सुनिश्चित रुप से कराई जायेगी। इस सम्बन्ध में जल कल विभाग के कर्मचारियो को आदेश निर्देश दिया गया है।

## मंदूरी एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए जहाज ने भरी उड़ान



**आजमगढ़।** आखिरकार पीएम मोदी के ऐलान के बाद मंदूरी एयरपोर्ट से जहाज की उड़ान शुरू हो गई। लखनऊ से रनवे पर पहली फ्लाइट 10.45 पर उतरी। फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 35 मिनट विलंब से पहुंची। इसका कारण खराब मौसम बताया गया है। इस अवसर पर सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ आजमगढ़ से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को विदाई देने के मौजूद रहे । वहीं पहली फ्लाइट को लेकर यात्री काफी उत्साहित दिखाई दिए। यात्रियों ने कहा कि आजमगढ़ से पहली फ्लाइट में उड़ान भरना हम सभी के लिए ऐतिहासिक पल है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ को बहुत बड़ी सौगात दिया है। आजमगढ़ के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सप्ताह में बुधवार को छोड़ 06 दिन सेवा प्रदान की जाएगी। वहीं सांसद निरहुआ ने कहा कि यह आजमगढ़ की जरूरतों को लेकर मोदी जी के रोडमैप का पहला कदम है। उन्होंने कहा कि आगे एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का पुरजोर प्रयास किया जायेगा ताकि यहां बड़े विमान भी उतर सकें और आम जन को फायदा मिल सके।

# भोलेनाथ मां पार्वती के विवाह उपरांत प्रीतिभोज विशाल भंडारा आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर भगवान शिव की भव्य बारात और विवाह के उपरांत मम्फोर्डगंज में निगम चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 15000 लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एव विशेष अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा, अपना दल एस (अनुप्रिया पटेल) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल उपस्थित रहे।

विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और विशाल भंडारे की प्रशंसा की और लोगों को अपने हाथों से भोजन परोसा। महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा छोटी गुरु मां ने किन्नर समाज को समाज में मिल रहे मान सम्मान के प्रति आभार प्रकट किया और किन्नर के प्रति बदलते दृष्टिकोण पर हर्ष व्यक्त किया।

शिव बारात कमेटी के चेयर मैन विमल



गुप्ता, अध्यक्ष अर्जुन केसरवानी, उपाध्यक्ष डब्बू सोनकर ने अपार भीड को नियंत्रित करते हुए सभी को प्रेम पूर्वक भोजन कराया और प्रीतिभोज में पधारने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन गौड़ जी ने किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदू सनातन धर्म में बारात निकालने की प्रधा भगवान शिव की बारात से सर्वप्रथम शुरू हुई। भगवान शंकर के त्रिनेत्र द्वारा कामदेव को भस्म करने, शिव तांडव पर देवताओं में उनको शांत करने के मंचन को बहुत रुचि पूर्ण तरीके से बताया की कैसे कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर से अपने पति कामदेव को भस्म करने पर करुणा कंठ से कहा उनका क्या अपराध था जो उनको विधवा होना पड़ा।

कार्यक्रम में विशाल जनसमूह उमड पड़ा। अखिल भारतीय उद्योग मम्फोर्ड गंज व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं अन्य विशिष्ट जन जिसमें प्रमुख रूप से रमन गुप्ता जय हिंद, कमलेश यादव, आलोक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पार्षद विश्वास रावत, पूर्व पार्षद आनंद अग्रवाल, नमिता, रश्मि शुक्ला, डॉ महेश पांडे, सारिका शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# ह्यूंडई ने पेश की परफॉर्मेंस इंस्पायर्ड एसयूवी

**गुरुग्राम।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड एचएमआईएल ने आज स्पोर्टी एवं बेहतरीन परफॉर्मेंस से प्रेरित परफॉर्मेंस-इंस्पायर्ड एसयूवी ह्यूंडई CRETA N Line को लॉन्च किया। CRETA ब्रांड की सफलता और



विरासत को आगे बढ़ाते हुए ह्यूंडई CRETA N Line रोमांच चाहने वाले ग्राहकों के लिए ट्रैक इंस्पायर्ड एस्थेटिक्स और डायनामिक ड्राइविंग एक्सपीरियंस के साथ मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की नीरसता को तोड़ने के लिए तैयार है। ह्यूंडई का N Line पोर्टफोलियो N Line की खास डिजाइन लैंग्वेज, ट्यून्ड डायनामिक्स और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के बीच परफेक्ट बैलेंस का प्रतीक है, जो आपके हर सफर को यादगार बनाने का वादा करता है।

ह्यूंडई CRETA N Line की लॉन्चिंग के मौके पर ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ श्री उन सू किम ने कहा, ह्यूंडई मोटर इंडिया ने फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी और भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव लाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। बेंचमार्क प्रोडक्ट्स के साथ हम मोबिलिटी एक्सपीरियंस को लगातार बेहतर बना रहे हैं और शानदार ऑफरिंग्स के साथ ग्राहकों को खुशी दे रहे हैं। स्पोर्टी और परफॉर्मेंस को ध्यान में रखकर तैयार ह्यूंडई CRETA N Line का उद्देश्य ऐसे ग्राहकों की ख्वाहिशों और महत्वाकांक्षाओं को पंख लगाना है, जो भीड़ से अलग दिखना चाहते हैं और खुलकर जीना चाहते हैं। CRETA ब्रांड की लोकप्रियता और विरासत पर आगे बढ़ते ह्यूंडई CRETA N Line ह्यूंडई के N Line पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी और नई पीढ़ी के भारतीय ग्राहकों की महत्वाकांक्षाओं का प्रतीक बनेगी। ह्यूंडई CRETA N Line की लॉन्चिंग के साथ हमें भरोसा है कि हम ड्राइविंग के अनुभव को नई ऊंचाई देंगे और रोमांच चाहने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे।

ह्यूंडई CRETA N Line WRC-इंस्पायर्ड डिजाइन पर आधारित है, जो अपने चार पिलर्स के साथ आपको खुलकर जीने का मौका देगी ऊर्जा से भरपूर एक्सटीरियर्स दिलकश इंटीरियर्स बेहतरीन परफॉर्मेंस लुभा लेने वाली टेक्नोलॉजी ऊर्जा से भरपूर एक्सटीरियर्स मॉडर्न एवं डायनामिक ह्यूंडई CRETA N Line ट्रैक इंस्पायर्ड एक्थेटिक्स पर फोकस्ड है और इसे विशेष रूप से स्पोर्टी परफॉर्मेंस के लिए बनाया गया है, जिससे ग्राहकों के लिए ड्राइविंग एक्सपीरियंस को एक नई परिभाषा मिलेगी। स्पोर्टी लुक के लिए डिजाइन की गई ह्यूंडई CRETA N Line में N Line एम्ब्लेम के साथ N Line पोर्टफोलियो का विशेष स्पोर्टी फ्रंट ग्रिल, रेड इंसर्ट्स के साथ नया फ्रंट बंपर डिजाइन और नया ह स्ट्ठुद्द स्पेशिफिक फ्रंट स्किड प्लेट डिजाइन दिया गया है।

## #HerHealthFirst कैंपेन के साथ एमवे इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस किया महिलाओं की खुशहाली के लिए समर्पित

**लखनऊ।** एमवे इंडिया, स्वास्थ्य और खुशहाली बढ़ाने के लिए काम करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। #InspireInclusion के ज़बरदस्त वैश्विक आह्वान के बीच, यह #HerHealthFirst के मजबूत दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देने के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सबसे आगे रही। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत को प्रोत्साहित करना और ज़ोरदार बनाना था। इसके अंतर्गत कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में अपना विकास करने की इच्छा रखने वाली सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और खुशहाली के लक्ष्य और अपने सपने पूरे करने के लिए अपनी क्षमताओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने का प्रयास करने में लगे रहने का शक्तिशाली संदेश दिया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, रजनीश चोपड़ा, प्रमुख, एमवे इंडिया ने जोर देकर कहा, एमवे में, हम मानते हैं कि महिलाएं ही हैं जो बड़े बदलाव लाती हैं। स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए कमर कसकर काम करते हुए, हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि अपने परिवारों को खुशहाल रखने में महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब महिलाओं को महत्वपूर्ण निर्णय लेने की शक्ति मिलती है, तो जीवन के हर चरण में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं। साथ ही, विविधता और महिलाओं के लिए समावेशन को बढ़ावा देने से, ऐसे सकारात्मक प्रभावों की लहरें पैदा की जाती हैं जो फिर धीरे-धीरे सारे समाज को बेहतर बनाती चली जाती हैं।

## वीवो ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाया वीमेन इन एसटीईएम
### भारतीय महिलाओं की क्षमता को उजागर करने का आह्वान है यह नया कैम्पेन

**नई दिल्ली।** भारतीय समाज भले ही तेजी से तरक्की कर रहा है, फिर भी भारतीय महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है. एक शोध अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत में ÷ महिलाओं इन एसटीईएम÷ का नामांकन तो सबसे अधिक है, लेकिन कार्यबल में उनके आने की संख्या सबसे कम है. इसलिए, उन भारतीय महिलाओं को सशक्त बनाने की सख्त जरूरत है जो एसटीईएम विषयों का अध्ययन करना चाहती हैं और उनके माध्यम से अपना कैरियर बनाना चाहती हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए, भरोसेमंद ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो, ने अपने लेटेस्ट डिजिटल कैम्पेन, द सीट - सेलिब्रेशन ऑफ विमेन इन एसटीईएम की घोषणा की है। इस कैम्पेन के साथ, वीवो महिलाओं के सशक्तिकरण, खासकर एसटीईएम शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह डिजिटल कैम्पेन वीवो की चल रही देशव्यापी पहल वूमन इन एसटीईएम का विस्तार है। एफसीबी इंडिया द्वारा तैयार कैम्पेन वीडियो विज्ञान,



प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण जरुरत को दिखाता है। एक बेहतरीन कहानी के माध्यम से, यह उन महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली बाधाओं को सामने लाता है जो एसटीईएम शिक्षा और करियर हासिल करने की इच्छा रखती हैं, खासकर वंचित सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं के लिए। अभियान एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं को उनकी क्षमता का एहसास कराने के लिए समान अवसर और संसाधन प्रदान करने की आवश्यकता को भी दर्शाता है।वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड, गीताज चन्नाना ने कहा, ÷वीवो में, हम एक ऐसे खुशियों से भरपूर दुनिया का सपना देखते हैं, जिसमें सभी के लिए समावेशिता को और कोई भेदभाव न हो। भारतीय समाज में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद, कठोर वास्तविकता यह है कि लगभग 86त्न भारतीय महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में करियर बनाने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार, हम योग्य महिलाओं को इन बाधाओं को दूर करने में मदद करने के लिए वित्तीय सहायता और कौशल विकास प्रदान करते हैं। %वूमैन इन एसटीईएम% पहल भारत में वीवो के लिए इग्नाइट सीएसआर कार्यक्रम का एक हिस्सा है। यह भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और योग्य महिलाओं को आगे बढ़ने और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का समर्थन करने का एक प्रयास है। यह कार्यक्रम उन्हें कार्यबल में प्रवेश करने में मदद करने के लिए छात्रवृत्ति और परामर्श प्रदान करता है।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी ने करण कुंद्रा और एरिका फर्नांडिस अभिनीत फिल्म लव अधूरा का ट्रेलर लॉन्च किया

**मुंबई।** अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़ॅन मिनीटीवी, अपनी आगामी रोमांटिक थ्रिलर %लव अधूरा% के साथ दर्शकों को




प्यार और रहस्य की दुनिया में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्ट्रीमिंग सेवा ने आज मनोरंजक ट्रेलर को जारी किया, जिसमें दर्शकों को रोमांचक कहानी की एक झलक देखने को मिलती है, इस फिल्म में करण कुंद्रा और एरिका फर्नांडिस की युगल जोड़ी शामिल है। रहस्यों और धोखे की दुनिया में उतरते हुए, लव अधूरा एक सस्पेंस भरी यात्रा का पर्दाफाश करेगा। डिंग इन्फिनिटी के तनवीर बुकवाला द्वारा निर्देशित, इस श्रृंखला को 13 मार्च से विशेष रूप से अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। मुन्नार के सुरम्य हिल स्टेशन में बनी यह सीरीज़ एक धोखे और रहस्य से उलझी एक भावुक प्रेम कहानी के बारे में बताती है। रोचक ट्रेलर नंदिता और सुमित की यात्रा का एक झलक देता है, जो दो अजनबी हैं और संयोग से मिलते हैं और एक घातक भागदौड़ में फंस जाते हैं। हर मोड़ पर रहस्य के साथ, दोनों के बीच रोमांस और केमिस्ट्री ने दर्शकों को इसको और अधिक चाहने पर मजबूर कर दिया है। एक नए अवतार में प्रदर्शित की गई यह श्रृंखला हमें उनके जीवन की प्यार, वफादारी और बदले की सीमाओं का परीक्षण करते हुए गहरे रहस्यों के बारे में बताती है। यह जानना दिलचस्प होगा कि क्या उनका प्यार धोखे के आग में टिका रहता है। सीरीज़ में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, करण कुंद्रा ने कहा, ÷लव अधूरा में सुमित के किरदार को निभाना एक अभिनेता के रूप में मेरे लिए एक संतुष्टिदायक अनुभव रहा है। इतना तो कहा ही जा सकता है की इस सीरीज में भावनाओं की विशाल श्रेणी को अनुभव करना, प्यार, धोखे और विश्वासघात से गुजरना एक सीखने वाला अनुभव था। इस किरदार ने मेरी सीमाओं को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ावा दिया है, मुझे अपनी क्षमता का प्रमाण देने का सुनहरा मौका प्रदान किया।

# किडनी हेल्थ फॉर ऑल, वॉकथॉन का आयोजन 14 मार्च 2024 को

**लखनऊ।** शहर के प्रमुख हेल्थकेयर प्रोवाइडर रीजेंसी हेल्थकेयर 14 मार्च 2024 को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक ÷किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन का आयोजन कर रहे है। इस आयोजन का उद्देश्य किडनी




बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और क्रोनिक किडनी रोग और अंतिम स्टेज की किडनी की बीमारी को रोकने के लिए जल्दी जांच को बढ़ावा देना है। वॉकथॉन 1090 चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ से शुरू होगा और लोहिया पार्क, गेट नंबर 2 पर समाप्त होगा। शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के अलावा वॉकथॉन का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले लोगों को किडनी बीमारियों के जोखिम फैक्टर्स और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना है, साथ ही किडनी के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी मुख्य उद्देश्यों में शामिल है। रीजेंसी हेल्थकेयर सभी उम्र के व्यक्तियों को किडनी बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए "Kidney Health for॒द्यद्य÷ वॉकथॉन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। क्रोनिक किडनी रोग भारत में एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। देश की लगभग 10% आबादी इस बीमारी से प्रभावित है।

# अगर आप रोज़ाना कसरत करते हैं तो अपनी डाइट में बादाम को जरूर शामिल कीजिए:शीला कृष्णास्वामी

**नई दिल्ली।** एक सर्वे के मुताबिक, 2 में से लगभग 1 भारतीय ने कोविड-19 महामारी के बाद से अपना कसरत करने का समय बढ़ा दिया है। नियमित रूप से व्यायाम करने के कई फायदे होते हैं, जैसे कि आपकी ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है। लेकिन संतुलित आहार लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेन्ट ने कहा जो नियमित रूप से कसरत करते हैं, उन्हें प्रोटीन, कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स और हेल्दी फैट पर्याप्त मात्रा में लेना जरूरी होता है। ऐसे में बादाम बड़े काम आ सकती है। बादाम को खाने से संतुष्टि मिलती है और उसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और एंटीऑक्सीडेंट विटामिन ई बहुत अच्छी मात्रा में होता है। यह सभी सेहत के लिये काम करते हैं और मांसपेशियों की टूट-फूट को ठीक करने में सहायक होते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषित हाल में किया गया अध्ययन बताता है कि बादाम खाने से मांसपेशियों की कार्यात्मकता सुधर सकती है और कसरत के बाद



सामान्य स्थिति पाने में मदद मिलती है। द विटार्ड स्टडी नामक इस अध्ययन ने खुलासा किया है कि इसमें भाग लेकर बादाम खाने वाले लोगों को एक वर्टिकल लीप चैलेंज के दौरान कंट्रोल ग्रुप के लोगों की तुलना में मांसपेशियों का दर्द 25 प्रतिशत कम हुआ। बादाम पोषक-तत्वों से भरपूर होती हैं, उनमें जरूरी विटामिन और मिनरल होते हैं। एक औंज बादाम में 6 ग्राम प्रोटीन और 14 ग्राम मोनोअनसैचुरेटेड तथा पॉलीसैचुरेटेड फैट्स होती हैं। इसके अलावा, हर सर्विंग में बादाम 3.5 ग्राम डाइटरी फाइबर देती हैं। और तो और, इनमें मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स भी प्रचुर मात्रा में होते हैं और रोजाना के अनुशंसित सेवन का लगभग 20 प्रतिशत मिल जाता है। बादाम विटामिन ई का भी बेहतरीन स्रोत हैं। रोजाना की जरूरत का आधा विटामिन ई उनसे मिल जाता है और हर सर्विंग में रोजाना की जरूरत का लगभग 6 प्रतिशत कैल्शियम भी मिलता है। फिर, बादाम का न्यूट्रीशनल प्रोफाइल भी काफी समृद्ध होता है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जोकि शरीर के दर्द और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लड़ने में सहायता करते हैं।

# कैस्ट्रोल इंडिया ने भारतीय ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए आगरा में आयोजित किया 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला'

**आगरा।** भारत के प्रमुख लुब्रिकेन्ट निर्माता कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने देश के ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए अपनी अनूठी पहल 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' का लॉन्च किया है। ट्रक चालकों के लिए रोचक शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ट्रक चालकों को चार प्रमुख पहलुओं-सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रक का स्वामित्व, नई टेक्नोलॉजी और कारोबार में मुनाफ़ा-



देश भर के ट्रक चालकों में उद्यमिता की भावना एवं पेशेवर दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल 10,000 से अधिक ट्रक चालकों तक पहुंचेगी। आगरा शहर में दो दिवसीय ऑन-ग्राउण्ड पाठशाला के साथ 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल अपने इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से 300 से अधिक ट्रक चालकों को प्रशिक्षित कर चुकी है। आगरा शहर में इस पहल के ऑन साईट कैम्प के दौरान पर शिक्षित करने तथा ±बढ़तेरहोआगे के दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया।

कैस्ट्रोल इंडिया ने ट्रक समुदाय की प्रगति एवं सफलता के लिए हमेशा से सहयोग प्रदान किया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल हाल ही में उनके द्वारा शुरू किए गए ±बढ़तेरहोआगे अभियान का विस्तार है। संदीप संगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर, कैस्ट्रोल इंडिया ने कहा,''ट्रक समुदाय हमेशा से कैस्ट्रोल इंडिया का अभिन्न हिस्सा रहा है, हम अपनी बदलावकारी पहलों के माध्यम से उनकी सुरक्षा और आजीविका को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हम ट्रक चालकों को 'चालक से मालक' बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। हमें खुशी है कि आगरा शहर से हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, जिससे प्रोत्साहित होकर हम भविष्य में भी ट्रक समुदाय के कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल को आगरा में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों एवं संगठनों जैसे एआईएमटीसी द्वारा समर्थित किया गया था। दो दिवसीय आयोजन के सफल समापन के बाद 300 से अधिक ट्रक चालकों को भागीदारी प्रमाणपत्र दिए गए, साथ ही उनके ट्रकों पर रिफलेक्टव स्टिकर्स भी लगाए गए। उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग और ±बढ़तेरहोआगे के लिए प्रोत्साहित किया गया। मनीष कटारिया, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी), आगरा ने कहा, देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव के बीच, वाणिज्यिक वाहनों का बेड़ा लगातार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे लॉजिस्टिक्स उद्योग एक महत्वपूर्ण छलांग लगाने के लिए तैयार है, हमारे ट्रक ड्राइवरों के कौशल को बढ़ाना, उन्हें उभरती ट्रकिंग तकनीक और विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स परिदृश्य के साथ जोड़ना महत्वपूर्ण है। हम टीवी9 नेटवर्क के सहयोग से कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला अभियान की सराहना करते हैं, जिसका उद्देश्य देश भर में ड्राइवरों को नवीनतम बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी से अवगत रखने के लिए उनका कौशल बढ़ाना है। ड्राइविंग सुरक्षा और संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित, इस अभियान ने ट्रकिंग समुदाय को बहुत लाभ पहुंचाया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि ड्राइवर मूल्यवान अंतर्दृष्टि से सुसज्जित होकर निकलें।

## भारतीय महिला उद्यमी प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के लिए उठा रही हैं डिजिटलीकरण का लाभ

**लखनऊ।** ग्लोबल एटरेप्रेन्योरशिप सर्वे गोडैडी 2024 ने भारत में महिला उद्यमियों के लिए डिजिटलीकरण के महत्व पर रोशनी डाली। अध्ययन के




अनुसार 90 फीसदी उत्तरदाताओं का मानना है कि डिजिटलीकरण उनके कारोबार की सफलता के लिए ज़रूरी है। 97 फीसदी का कहना है कि डिजिटलीकरण के चलते उनके कारोबार की कार्यक्र प्रक्रियाओं में काफी सुधार हुआ है। भारत में सर्वे में शामिल 51 फीसदी महिलाएं युवा हैं, जो कारोबार जगत में गतिशील एवं अनुकूल प्रवृति को दर्शाता है। यह सर्वे महिला उद्यमियों के आशावादी दृष्टिकोण पर रोशनी डालता है, जिसके अनुसार 82 फीसदी उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि अगर 3-5 सालों में उनके कारोबार का विकास होगा। इसके अलावा कारोबार के सामरिक लक्ष्यों की बात करें तो 57 फीसदी महिलाएं मार्केट में पहुंच बढ़ाने पर, 47 फीसदी कस्टमर एंगेजमेन्ट में सुधार पर फोकस करती हैं, जबकि 38 फीसदी महिलाएं साइबरसुरक्षा एवं डेटा सुरक्षा बढ़ाने पर ज़ोर देती हैं। नई तकनीकों की बात करें तो 88 फीसदी उत्तरदाता अपने कारोबार विकास के लिए एआई यानि आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स में भरोसा करते हैं। वहीं सर्वे में शामिल 60 फीसदी महिलाएं मार्केटिंग, 60 फीसदी बिज़नेस प्लानिंग एवं स्ट्रैटेजी तथा 49 फीसदी कस्टमर सर्विस को महत्व देती हैं, उन्हें लगता है कि उनके कारोबार को एआई से लाभ मिलेगा। ये आंकड़े भारत की उद्यमिता के भविष्य को आकार देने में एआई की बदलावकारी भूमिका पर ज़ोर देते हैं। सेलिना बीबर, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, इंटरनेशनल मार्केट्स, गोडैडी ने कहा, ''डिजिटल बदलाव, छोटे कारोबारों को नया आयाम देना जारी रखे हुए है, हम महिलाओं के आत्मविश्वास तथा उनके छोटे कारोबारों को लेकर उनके सकारात्क दृष्टिकोण से प्रेरित हैं।

### लेज़ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रोजेक्ट फार्म इक्वल के साथ कृषि क्षेत्र के गुमनाम नायक महिला किसानों को किया सलाम




**कानपुर।** लेज़ ने अपने मौजूदा ग्लोबल डेवलपमेंट अलायंस (जीडीए) प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) की साझेदारी में ''प्रोजेक्ट फार्म इक्वल''को देश भर में लॉन्च कर अंतरराष्?ट्रीय महिला दिवस 2024 का जश्?न मनाया। उत्तर प्रदेश में शुरू किया गया''फार्म इक्वल''कृषि उपज को बढ़ावा देने से कहीं बढ़कर है और यह भारत के कृषि क्षेत्र की रीढ़ के तौर पर महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाने और उसे सपोर्ट करने के लिए लेज़ के अटूट समर्पण का सशक्त प्रमाण है।इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए पेप्सिको इंडिया में कंट्री हेड, पटैटो चिप्स सौम्या राठौर ने कहा, ''प्रोजेक्ट फार्म इक्वल उन विलक्षण महिलाओं का दिल से सम्मान करता है है जो भारतीय कृषि की रीढ़ हैं।हम उनकी भावना और योगदान का जश्न मनाने में अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। इस पहल का उद्देश्य महिला किसानों को प्रेरित करना और सशक्त बनाना, परिवर्तनकारी प्रभाव पैदा करना तथा एकसमान भविष्य के लिए योगदान देना है।'' इस परियोजना के लॉन्च के मौके पर पेप्सिको इंडिया में एग्रो डायरेक्टर अनुकूल जोशी ने कहा, ''पेप्सिको इंडिया के तौर परहम समझते हैं कि महिला किसानों को सशक्त बनाना केवल समानता के बारे में नहीं है,बल्कि यह कृषि परिदृश्य में सार्थक परिवर्तन लाने से संबंधित है।

## बैड मंकी की उत्तर प्रदेश में लॉन्चिंग

**लखनऊ।** सिंक बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड का उत्पाद बैड मंकी, भारत के उत्तर प्रदेश में अपने आधिकारिक लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। आकर्षक कीमत रु. 500 मिलीलीटर कैन के लिए 130 रुपये, बैड मंकी बीयर एक जंगली और मजबूत स्वाद प्रदान करता है, जिसमें अल्कोहल की मात्रा (एबीवी) 8त्न तक होती है। दिल्ली की जीवंत सड़कों से लेकर पंजाब, चंडीगढ़, झारखंड, दमन दीव और सिलवासा के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिदृश्यों तक पूरे भारत में उपभोक्ताओं द्वारा पहले से ही प्रिय, बैड मंकी बीयर ने प्रीमियम स्वाद, गुणवत्ता और आनंद के प्रतीक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा मजबूत कर ली है। दिल्ली से लेकर पंजाब, चंडीगढ़, झारखंड, दमन दीव और सिलवासा के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध परिदृश्यों तक पूरे भारत में उपभोक्ताओं द्वारा पहले से ही प्रिय, बैड मंकी बीयर ने प्रीमियम स्वाद, गुणवत्ता और आनंद के प्रतीक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा मजबूत कर ली है। इसकी लोकप्रियता उत्कृष्टता के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सिंक बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक रोहन खरे ने कहा, उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।÷ दिल्ली, झारखंड और अन्य राज्यों में हमारी सफलता के साथ, हमें विश्वास है कि बैड मंकी बीयर बीयर के शौकीन लोगों को पसंद आएगी।

## तनाएरा ने लखनऊ में लॉन्च किया तीसरा स्टोर

**लखनऊः** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने लखनऊ में तीसरे और राज्य के सातवें स्टोर के लॉन्च के साथ उत्तर प्रदेश में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार कर लिया है। 1100वर्ग फीट में फैला यह स्टोर दूसरी मंज़िल, फिनिक्स पलासियो मॉल में स्थित है, जिसका उद्घाटन तनाएरा के सीईओ श्री अम्बुज नारायण की मौजूदगी में हुआ। हस्तनिर्मित परिधानों की शानदार रेंज के साथ तनाएरा का यह नया स्टोर टेक्सटाईल प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक हब के रूप में शहर की पहचान को और अधिक मजबूत बनाएगा। एथनिक परिधानों के पारखियों को भारतीय बुनाई के खजाने का अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा भारत की बुनाई की कारीगरी को एक ही छत के नीचे लेकर आती है। पारदर्शिता और डिज़ाइनों के साथ तनाएरा की हर बुनाई भारत की समृद्ध हैण्डलूम परम्परा एवं बेजोड़ कारीगरी की कहानी बयां करती है। स्टोर में क्लासिक जैसे बनारसी, कांजीवरम, चंदेरी, माहेश्वरी, जामदानी और टसर को शानदार रंगों एवं डिज़ाइनों में पेश किया गया है। शो में हाथ से बुनी साड़ियों, कुर्ता, कुर्ता सेट, लहंगा, रेडी टू वियर ब्लाउज़, का बेहतरीन कलेक्शन है। खासतौर पर आगामी गर्मियों के सीज़न के लिए तैयार किया गया यह कलेक्शन शहर की महिलाओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा। लॉन्च के अवसर पर तनाएरा के सीईओ श्री अम्बुज नारायण ने कहा, ''लखनऊ में अपने पहले मॉल स्टोर की घोषणा करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

हमारे इस नए स्टोर में साड़ियों, सूट, ट्राउज़र्स, लहंगा, ब्लाउज़ की व्यापक रेंज शामिल हैं, जो हर वर्ग की महिलाओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी। यह स्टोर हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि हम उपभोक्ताओं की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करते हुए अपनी मौजूदगी का विस्तार जारी रखे हुए हैं। अपने नए कलेक्शन के साथ हम उपभोक्ताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं, यहां वे ऐसे परफेक्ट पीस खरीद सकते हैं जो उनके स्टाइल और पर्सनेलिटी के साथ खूब जंचेंगे और हमारी प्रमाणित बुनाई के साथ भव्यता, कारीगरी का सदाबहार अनुभव पा सकेंगे।''

# क्रॉम्पटन ने लाइट्स की ट्रायो रेंज सीलिंग लाइट्स, बैटन्स और लैम्प्स लॉन्च कर होम लाइटिंग के अनुभव को बेहतर बनाया

**मुंबई।** लाइटिंग की दुनिया में गुणवत्ता व इनोवेशन में आगे रहने का वादा करने के लिए मशहूर, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई प्रीमियम रेंज, ट्रायो रेंज ऑफ लाइट्स लॉन्च की है। यह आपके लिविंग स्पेस को आलीशान और अद्भुत स्टाइल की लाइटिंग के साथ एक नया रूप देने को तैयार हैं। इंडस्ट्री में अपने तरह की यह अनूठी, ट्रायो रेंज एक ही प्रोडक्ट में तीन अलग-अलग तरह की लाइटिंग का अनुभव लेकर आई है। सीलिंग लाइट्स से लेकर बैटन और लैम्प तक, हरेक को ही जरूरत और खूबसूरती दोनों को ध्यान में रखते हुए बड़ी ही सटीकता से तैयार किया गया है। घर, होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और छोटे ऑफिस जैसी जगहों के लिए उपयुक्त, एलईडी लाइट्स की यह ट्रायो रेंज, उपयोगिता और कमाल के स्टाइल के फ्यूजन के साथ लिविंग रूम को रोशन करेगी। इंटीरियर डिजाइन की बदलती दुनिया में, जहां कंटेम्परी पसंद नए-नए आकार लेती रहती है, ऐसे में क्रॉम्पटन लाइट्स ने उन बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर




बदलाव किए हैं। ट्रायो रेंज की पेशकश पारंपरिक लाइटिंग से काफी हटकर है; आधुनिक रहन-सहन की बदलती जरूरतों के हिसाब एक बेहद शानदार अनुभव पेश किया जा रहा है। आज की लाइफस्टाइल के दौर में हमारे लिविंग स्पेस की ढेर सारी भूमिकाओं को ध्यान में रखते हुए, क्रॉम्पटन ने समझा कि यह सिर्फ आशियाना नहीं; बल्कि यह उन अनगिनत यादों का एक पड़ाव भी है। यह ट्रायो रेंज, लाइटिंग का बड़ा ही क्रांतिकारी समाधान है, जिसमें एक ही प्रोडक्ट में तीन अलग-अलग तरह के मोड दिए जा रहे हैं- थियेटर, वर्क और पार्टी। एक बटन के क्लिक पर कूल, वॉर्म और नैचुरल लाइट्स के फ्यूजन के साथ, यह अनूठी रेंज आपके मूड और मौके की जरूरतों को पूरा करता है। अब आप काम पर फोकस के लिए कूल लाइट की तेज ब्राइटनेस से लेकर सुकूनभरी खुशनुमा शाम का माहौल बनाने के लिए वॉर्म लाइट का विकल्प चुन सकते हैं और तड़कते-भड़कते पार्टी माहौल के लिए नैचुरल मोड चुन सकते हैं। कंपनी की नई लॉन्च की गई लाइटिंग रेंज के बारे में, शालीन नायक, वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, लाइटिंग, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का कहना है, क्रॉम्पटन में हमेशा ही क्लाविटी और इनोवेशन साथ-साथ चलते हैं। आजकल की लाइफस्टाइल में हम लाइटिंग की भूमिका को समझते हैं और हम लाइटिंग का एक ऐसा समाधान पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जोकि हमारे ग्राहकों की रोजमर्रा की जिंदगी को ज्यादा बेहतर बना सके। हम सिर्फ जगहों को रोशन करने पर यकीन नहीं करते, बल्कि लाइटिंग का एक ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो उस माहौल के अनुसार हो। इसलिए, यह ट्रायो रेंज, लोगों के अपने घरों और वर्कस्पेस को रोशन करने के तरीके को नया रूप देने को तैयार है। टेलीविजन/प्रेजेंटेशन देखने के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए थियेटर वाला माहौल मिलता है। वहीं वर्कस्पेस पर फोकस के लिए या फिर सेलिब्रेशन के माहौल के लिए, हमारी नई रेंज सिर्फ रोशनी नहीं देती; यह स्विच के हरेक क्लिक पर आपके घर को बेहतर बनाती है। एक ही प्रोडक्ट में लाइटिंग के बहुपयोगी अनुभव के साथ, हमें पूरा विश्वास है कि ग्राहकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।''

## टाटा मोटर्स ने अपने साणंद कारखाने से 10 लाखवीं कार निकलने का जश्न मनाया

**साणंद।** भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने अपने विनिर्माण इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी ने साणंद, गुजरात में स्थित अपने अत याधुनिक कारखाने से 10 लाखवीं कार निकाली है। यह शानदार उपलब्धि लगातार नवाचार के लिये टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता दिखाती है। कंपनी उन्नत उत्पादों की आपूर्ति के लिये प्रतिबद्ध है, जो उपभोक्ता की खुशियाँ बढ़ाते हैं। इसमें साणंद कारखाने की टीम का कठोर परिश्रम और समर्पण भी दिखता है, जिन्होंने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साणंद का संयंत्र 2010 में स्थापित हुआ था। यह 1100 एकड़ - 741 एकड़ टीएमएल और 359 एकड़ वेंडर पार्क में फैला है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसके 6000 से अधिक कर्मचारी हैं। यह टाटा मोटर्स की तरक्की और सफलता में महत्वपूर्ण रहा है। टाटा मोटर्स के सबसे नये संयंत्रों में से एक के तौर पर, साणंद कारखाने के पास सभी प्रक्रियाओं के लिये अप-टू-द-मिनट टेक्नोलॉजी है।

# गांव महोत्सव के समापन पर हुआ कवि सम्मेलन

**अवधनामा संवाददाता**

**कुर्बानियों के बाद जो मिला जटायु आज आप उस लोकतंत्र को बचाइये**



**सुलतानपुर।** जातिधर्म सम्प्रदाय का बिगाड़िये न अर्थ छुआछूत की न विषवेलि पनपाइये , बड़ी कुर्बानियों के बाद जो मिला जटायु आज आप उस लोकतंत्र को बचाइये।

कवि सम्मेलन में यह पंक्तियां वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने सुनाई तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वह रविवार की रात पं.राम नरेश त्रिपाठी सभागार में गांव महोत्सव के समापन समारोह पर आयोजित कविसम्मेलन में काव्य पाठ कर रहे थे। मंच का कुशल व काव्यमय संचालन करते हुए आशुकवि जटायु ने सुनाया - नेता पटवारी पुलिस सब हैं एक समान। तीनों चट कर जा रहे देश भूमि सम्मान। अध्यक्षता करते हुए चर्चित साहित्यकार डॉ डी.एम.मिश्र ने अपनी कई रचनाएं सुनाई।उनकी पंक्तियां थीं - वो है सूरज उसे तपने का तजुर्बा केवल ,जमीं की आग में जलकर कभी नहीं देखा। ये मेरे गांव का पोखर यहीं भले सूखे ,बड़े शहरों का समंदर अभी नहीं देखा। नेकियां करके भुला दें यही अच्छा होगा किसी नदी ने पलट कर कभी नहीं देखा। कवि ब्रजेश कुमार पाण्डेय इन्दु की वाणी वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत हुई।इस वंदना में उन्होंने कहा रग रग में नई रवानी माई दे ,सबको तू चेतना सयानी माई दे।देश की अखंडता न खंड खंड हो सके सबको विवेक हिन्दुस्तानी माई दे।

एडवोकेट डॉ.मन्नान सुलतानपुरी ने ये नहीं हो पायेगा कि दिल किसी का तोड़ दूं तुम कहो तो ये गली क्या ये शहर ही छोड़ दूं।जिंदगी से जिंदगी का हक अदा हो जायेगा इस कहानी को हकीकत से अगर मैं जोड़ दूं कविता सुनाकर वाह वाही लूटी। युवा कवि अभिमन्यु शुक्ल तरंग ने सुनाया जहाँ अनादर वयोवृद्ध का , विवश बुढापा हो जाता ,वहां विनाश सुनिश्चित समझो ,वो घर पनप नही पाता।

राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने जमाने ने जब से बदली है पश्चिमी करवट , सोने का ये वतन भी कर्जदार हो गया। दुनिया के सबसे बड़े इस लोकतंत्र में सत्य अहिंसा प्रेम कहना पाप हो गया। सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। लोकेश श्रीवास्तव ने उसे पता होती है रसोई की भौतिकी वो अच्छे से जानती है रोटी का भूगोल रोज परखती है भूख का अर्थशास्त्र, वो औरत है निरक्षर हो सकती है अशिक्षित नहीं। सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया।

**डॉ.अरुण निषाद ने सुनाया** - दिलों की धड़कनें अब भी तुम्हारा नाम लेती हैं ,तड़पने का तेरे ग़म में यही इनाम देती हैं। अजब का इश्क इनको हो गया है नाम से तेरे,न कहना मानती हैं नाम ये मुदाम लेती हैं।

**केएनआई के डॉ.राघवेन्द्र त्रिपाठी ने चुनाव को लक्ष्य करते हुए पढ़ा** - फिर निकली है गली गली में सपनों की बारात, कहता हर सौदागर ले लो सपनों की सौगात। सपने ले लो रोजगार के सुविधाओं के भ्रांति के सपने। गनपत सहाय पीजी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.शाहनवाज आलम की काव्य पंक्तियां थीं - गंगा जल सा अविरल है भारत नदियों का संगम है भारत। प्रेम नगर की झील है भारत , सपनों की ताबीर है भारत। हास्य कवि बसंत दादा की कविताओं ने लोगों को खूब गुदगुदाया। उनकी पंक्तियां थीं - बाप ने बेटे से कुछ ऐसी दुश्मनी निभा डाली।ढूंढ कर लड़की उसकी शादी करा डाली।संत तुलसीदास पीजी कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ करुणेश प्रकाश भट्ट ने सुनाया हर बार मिले हैं होली में हर बार मिलेंगे होली में। इस बार भी लोगों से मिलकर हम प्यार करेंगे होली में। अपने कई हाइकु सुनाते हुए उन्होंने कहा बेचारा गांव शहर ने पसारे वहां भी पांव। इस अवसर पर राणा प्रताप पीजी कालेज के विद्यार्थी सत्यम चौरसिया ने भी अपना काव्यपाठ किया। कवियों का स्वागत आयोजक श्रीनारायण मिश्र व आभार ज्ञापन विनय सिंह ने किया।

# 13 मार्च को बल्दीराय उपनिबंधक कार्यालय का होगा उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** आठ साल से बल्दीराय तहसील वासी उपनिबंधक कार्यालय का इंतजार कर रहे थे। उपनिबंधक कार्यालय के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। बुधवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन रवींद्र जायसवाल किराये के भवन में संचालित होने वाले उपनिबंधक कार्यालय का उ?द्घाटन करेंगे। संचालन से तहसील क्षेत्र के लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। बल्दीराय तहसील की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी। आठ साल बाद भी यहां उपनिबंधक कार्यालय नहीं था। इसके चलते किसानों को अपनी जमीन क्रय-विक्रय के लिए कुछ गांव के लोग सदर तहसील व कुछ किसान अमेठी जिले के मुसाफिरखाना तहसील जाते थे। बैनामा के बाद उनकी दाखिल खारिज बल्दीराय में होती थी।इसकी वजह से किसानों को काफी असुविधा होती थी। सहायक महानिरीक्षक निबंधन धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि जनता की परेशानियों को देखते हुए शासन ने उपनिबंधक कार्यालय के लिए मंजूरी दे दी है। इसके लिए बल्दीराय बाजार में किराये का मकान लिया गया है। इसी मकान में अभी उपनिबंधक कार्यालय संचालित किया जाएगा। इसका उद्घाटन अब बुधवार को होगा। अभी तहसील भवन निर्माणाधीन है। लोगो को बैनामा के लिए अमेठी के मुसाफिरखाना व जिले की सदर तहसील जाने से छुटकारा मिल जाएगा।

# खेल का मैदान ही एकमात्र स्थान जहाँ नहीं पूछा जाता धर्मः वरुण मिश्र



**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** आज के नफरत भरे माहौल में खेल का मैदान ही वो स्थान बचा है जहां जाति और धर्म नहीं पूछा जाता। ये बातें कांग्रेस नेता और नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कहीं, वे नगरपालिका क्षेत्र के लाला का पुरवा में वार्ड के युवाओ द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे थे।

यहां उन्होंने वर्तमान समय की गंभीर समस्या जातिवाद और धर्मवाद से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब समाज के सभी लोग एकजुट रहेंगे तभी हिंदुस्तान का भला हो सकता है। यहां खेले गए फाइनल मैच के मुकाबले में शादाब इलेवन ने इमरान इलेवन को 18 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शादाब इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 45 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए इमरान इलेवन की पूरी टीम 27 रनों पर ही सिमट गई। शादाब इलेवन के छोटू को मैन ऑफ दी मैच औरटूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी सीरीज का भी खिताब दिया गया। समापन समारोह में नारायणपुर के सभासद अखिलेश मिश्र, सभासद लाला का पुरवा मोहम्मद अहमद ,सभासद पल्टन बाजार मोहम्मद जाहिद गुड्डु, सभासद पयागीपुर गिरीश मिश्र, कबीर अहमद, शेरू भाई समेत सैकड़ो की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के आयोजक शाहरुख अहमद ने आये हुए सभी दर्शकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा के विकास की गारंटी पूरी तरह हुई फेल

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पूरे देश व सोशल मीडिया में स्वयं प्रधानमंत्री तक अपनी गारंटी का डंका बजा रहे हैं।जिले में भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर जमीनी कार्यकर्ता बिना सोच समझ के इस राग को दोहरा रहे हैं। पर जमीनी हकीकत कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो को देखते ही पता चलता है कि जिले का ब्राह्मण तबका वर्तमान सांसद व विधायक के कार्यो से पूरी तरह नाराज है। वह सांसद पर वादा खिलाफी करने का जबरदस्त आरोप लगा रहा है। दरअसल यह वीडियो है जिले के ब्राह्मणों के मजबूत गांव माने जाने वाले बयालीसी का जहां एक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के समापन पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया था वहां पहुंचे जिले के कद्दावर नेता व ब्राह्मण समाज के अगुवा पंडित राम शब्द मिश्रा को क्षेत्र के बुजुर्ग ब्राह्मणों ने घेर लिया और चर्चा में वह सब कह दिया जिसकी पीड़ा जिले के ब्राह्मण समाज के लोग 5 वर्षो से झेल रहे हैं। सभी ने वर्तमान सांसद मेनका संजय गांधी के बेरुखी के अंदाज को बयान किया वहीं उनके द्वारा किए गए किसी भी वादे को पूरा न करने का आरोप लगाया। यही नहीं संसद के 5 साल के कार्य पूर्ण होने के बावजूद इस तरफ एक भी दौरा न करने का भी आरोप मढ़ा क्षेत्र वासियों ने चुनाव के दौरान किए गए उनके वादे के ना पूरे होने की भी बात कह डाली। इस पर वरिष्ठ नेता राम शब्द मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से ब्राह्मण सिर्फ अपने मान सम्मान की मांग करता है वह प्रेम चाहता है यदि वह भी जनप्रतिनिधि नहीं दे सकते तो विकास के कार्यों को करवाने की बात बेमानी है।

## कलेक्ट्रेट में स्थापित हुआ सिंगल विन्डो, नगर मजिस्ट्रेट होगी नोडल अधिकारी

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिंगल विन्डो सिस्टम स्थापित कर ऑनलाइन प्लेटफार्म ''सुविधा'' द्वारा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान की जायेगी। यह जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव प्रचार से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट बहराइच में सिंगल विन्डो सिस्टम स्थापित करते हुए विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने हेतु नगर मजिस्ट्रेट, बहराइच शालिनी प्रभाकर को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक महसी ने देवपुरी धाम के पर्यटन विकास कार्य का किया भूमिपूजन



**बहराइच।** विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जनपद बहराइच के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के देवपुरी धाम का 91.74 लाख रूपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य का पूजा, अर्चना व विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद रहे। विधायक श्री सिंह ने कहा कि देवपुरी धाम का पर्यटन विकास होने से क्षेत्र का महत्व बढ़ेगा जिससे धाम को एक नई पहचान मिलेगी और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। उल्लेखनीय है कि देवपुरी धाम के पर्यटन विकास कार्य का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा विगत 04 मार्च 2024 को शिलान्यास किया गया है।

### नगर पालिका परिसर में सुबह- सुबह जुटे सफाई कर्मी

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिसर में उस समय गहमा गहमी का माहौल पैदा हो गया जब नाराज सफाई कर्मी कैंपस में जम गए। बीते कल सफाई कर्मी से झड़प के बाद वे आंदोलित हो गए।जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया।नगर क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों ने कहा है कि ड्यूटी के समय उनसे अक्सर लोग मारपीट करते हैं, जिसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।मौके पर नगर कोतवाली की पुलिस मौजूद रही।

# एनआरएलएम के तहत चयनित दीदियों के साथ पीएम ने किया संवाद

**विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को किया गया सम्मानित**



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत चयनित लखपति दीदियों के साथ मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम एवं दीदीयों से संवाद कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी व एन.आर.एल.एम. के दीपक सिंह व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूह की महिलाए मौजूद रही।

कार्यक्रम के उपरान्त मुख्य अतिथि सांसद बहराइच ने अक्षयवर लाल गोंड ने एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 स्वयं सहायता समूहो चित्तौरा की गीता, रेखा, माया, कंचन व गीता, तेजवापुर की रेनू मिश्रा, ज्योति शुक्ला, पूजा, ममता देवी व किरनबाला, फखरपुर की रीना साहनी, पायल चौरसिया, अरूणपति, विद्यावती व रानी, रिसिया की रीना देवी, भाग्य लक्ष्मी, नीलू, राम प्यारी व समुन देवी को प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आंधप्रदेश की एन. अनुराधा देवी, अरूणांचल प्रदेश अरूणमा देवी दास व गुजरात की राधिका देवी से संवाद करते हुआ आहवान्ह किया कि देश में 03 करोड़ दीदियों को लखपति बनाएं जाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक देश में 01 करोड़ से अधिक दीदियों को लखपति बनाया गया है।

# जनपद के किसान वीरभूमि की संतानः सांसद

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद में अतिवृष्ट/ओलावृष्टि से प्रभावित फसल क्षति हेतु राहत धनराशि वितरण कार्यक्रम सांसद अनुराग शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अपर जिलाधिकारी वि./रा. अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बबीना केपी सिंह राजपूत, केपी राजा बुन्देला, गंधर्भ सिंह, अजय पटैरिया, कार्यालय प्रभारी सांसद दिनेश गोस्वामी व अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित किसानों को राहत राशि के प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी। सांसद ने कहा कि विगत दिनों ओलावृष्टि से किसानों को काफी क्षति पहुंची है, जिसके प्रति सरकार पूर्ण संवेदनशील है, इसी का परिणाम है कि ओलावृष्टि होने के 4 से 5 दिन के भीतर ही किसानों के खातों में राहत राशि पहुंचायी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 600 करोड़ की धनराशि तत्काल जारी कर दी है, जो बीमा कम्पनियों के माध्यम से जल्द ही किसानों के खातों में पहुंच जाएगी।

# महिलाओं को सशक्त बनाना है हरिप्रिया व स्वामी कैलाशानंदगिरि

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** झांसी सांसदीय क्षेत्र - सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी हरिप्रिया भार्गवा ने श्रीमर्दन सिंह इंटर कॉलेज ललितपुर-झांसी में एक शानदार कार्यक्रम की अग्रणी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संत स्वामी कैलाशानंद गिरि की महत्वपूर्ण उपस्थिति थी और लगभग 25 हजार व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भागीदारी को प्रस्तुत किया गया, जो महिला सशक्तिकरण के समर्पित संयुक्त प्रयासों को हाइलाइट करते हुए। यह घटना मोदी परिवार पहल के अधीन आयोजित की गई थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय समाज में महिलाओं के समृद्धि के लिए उनके दृष्टिकोण को समर्थन करने का लक्ष्य रखती है। इसने समाज के प्रगति में महिलाओं के अपरिहार्य योगदान को प्रतिष्ठित किया, जो धार्मिक प्रचार में महिलाओं के नेतृत्व द्वारा प्रतिष्ठित एक अद्वितीय धार्मिक अभियान के द्वारा दर्शाया गया। हरिप्रिया भार्गवा ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें उनके प्रतिबद्धता से बंदेलखंड के विकास को उन्नति प्राप्त होते दिखाया। उनकी कुशल संगठन क्षमताएं विविध पृष्ठ भूमियों से सक्रिय रूप से भाग लेने वाले संगठनों के विविध सदस्यों को सुखद रूप से संचालित करने में मदद की। स्वामी कैलाशानंद गिरि की उत्कृष्ट उपस्थिति ने कार्यक्रम को गंभीरता प्रदान की। इसके आध्यात्मिक महत्व को ऊंचा किया और ज्ञानपूर्ण चर्चाओं और भागीदारी के माध्यम से धार्मिक अभियान को समृद्ध किया। आध्यात्मिक पहलु का सम्मान करते हुए, कार्यक्रम में 10 हजार साड़ियों का वितरण और प्रतिभात्मक भोजन शामिल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वास्थ्य और सफलता के लिए भावपूर्ण प्रार्थनाएं की गई।

# फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी की पहली संकुल बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** आई टी सी लिमिटेड कोलकाता के सहयोग एवं ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेस संस्था ललितपुर के तकनीकी मार्गनिर्देशन में ललितपुर के बिरधा ब्लॉक में प्रमोटिंग क्लाइमेट स्मार्ट विलेज परियोजना के अंतर्गत गठित फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी से संबद्ध ग्रामों में वर्तमान में जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों पर जागरूकता एवं समुदाय को संवेदित करने हेतु ग्राम मादौन में संकुल आधारित बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी बिरधा एवं ग्राम प्रधान मादौन की उपस्थिति सहित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं अन्य पंचायती राज संगठन सदस्यों ने सहभागिता की!

जीडीएस संस्था ललितपुर के परियोजना समन्वयक अशोक कुमार सिंह ने परियोजना के उद्देश्यों एवं जलवायु परिवर्तन अनुकूल आधारभूत संरचना विकास के माध्यम से पर्यावरण संतुलन एवं क्षेत्र आधारित परिदृश्यों के अनुकूल फसल प्रदर्शनों के माध्यम से प्रोत्साहन पर विस्तृत चर्चा की एव जन सहभागिता के माध्यम से आगामी पहल साझा की। विषय विशेषज्ञ अशोक तिवारी द्वारा विभिन्न पहलुओं के माध्यम से भूजल तल विकास पर परियोजना द्वारा की जाने वाली पहल साझा की गयी।

# महिला किसानों को उचित दाम दिलाने हेतु रिटेल काउंटर शुरू

**ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे 20 केनोपी लगाएगी कम्पनी**

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** एक्शन एड लखनऊ द्वारा संचालित समृद्धि परियोजना के अंतर्गत गठित बसंत महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ललितपुर द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री के लिए रिटेल काउंटर के रूप में कैनोपी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आज पिसनारी बाग क्षेत्र में कंपनी के पहले कैनोपी शुभारंभ अरविंद कुमार निगम, जिला विकास प्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर साई ज्योति संस्था के अजय श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं परियोजना के जिला समन्वयक विनय श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अरविंद कुमार निगम ने कहा जिस तरह सरकार छोटे-छोटे गांव एवं शहरों के स्तर पर महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद को सही दाम में बिक्री के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ऐसे में हम सब का भी फर्ज है कि हम इन महिलाओं के उत्पादों का संबर्धन करने के लिए महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रयोग करें। बसंत फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा तैयार किए गए सामग्री शुद्ध है। कंपनी की महिला सदस्यों द्वारा अपने-अपने खेत में गेहूँ, चना, दालों एवं मसालों का उत्पादन किया जाता है, इसके उपरांत इन्हें प्रोसेसिंग यूनिट में तैयार करके दालें,आटा, बेसन, दलिया एवं मसाले सभी शुद्ध रूप से पैक करके उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। जिला विकास प्रबंधक ने कहा कि नाबार्ड एवं एक्शन एड ऐसे सभी किसान संगठनों का सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर है जो अपने उत्पादों को शुद्धता के साथ में एवं सही दाम पर ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। साई ज्योति संस्था के अजय श्रीवास्तव ने कहा महिलाओं के द्वारा उठाए गए छोटे-छोटे कदमों की अगर सराहना की जाए एवं उनका उत्साहबर्धन किया जाए तो ये कंपनियां उत्तरोत्तर प्रगति कर सकती हैं। इस अवसर पर बृषभान सिंह राजपूत, रमेश श्रीवास्तव, नंदलाल राजपूत, रवि झा, ममता, गुड्डी, मारुति, मुन्नी, जूली, रीना, नमस्ते देवी, अनीता, रश्मि, जयकुवर एवं शगुन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय श्रीवास्तव ने किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 28/2024

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये पटना–गोमतीनगर–पटना के मध्य नई वन्दे भारत एक्सप्रेस के संचलन का शुभारम्भ दिनांक 12-03-2024 को पटना स्टेशन से विशेष गाड़ी चलाकर किया जायेगा। उद्घाटन विशेष गाड़ी एवं नियमित गाड़ी का समय निम्नानुसार होगाः–

**उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 02345 का समय एवं ठहराव पटना से गोमतीनगर दिनांक 12-03-2024 (मंगलवार) को**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| पटना | -- | 09:00 |
| आरा | 09:45 | 09:47 |
| बक्सर | 10:38 | 10:40 |
| पं. दीन दयाल उपाध्याय | 12:00 | 12:05 |
| वाराणसी | 12:55 | 13:00 |
| अयोध्या धाम | 15:50 | 15:55 |
| गोमतीनगर | 18:15 | -- |

**नियमित गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नवत है :-**

**गाड़ी सं. 22345 पटना से दिनांक 18-03-2024 से सप्ताह मे 06 दिन शुक्रवार को छोड़कर**

**गाड़ी सं. 22346 गोमतीनगर से दिनांक 18-03-2024 से सप्ताह मे 06 दिन शुक्रवार को छोड़कर**

| 22345 पटना–गोमतीनगर | | स्टेशन | 22346 गोमतीनगर–पटना | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:05 | पटना | 23:45 | -- |
| 06:40 | 06:42 | आरा | 22:35 | 22:37 |
| 07:21 | 07:23 | बक्सर | 21:54 | 21:56 |
| 08:40 | 08:45 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 20:50 | 20:55 |
| 09:20 | 09:25 | वाराणसी | 20:00 | 20:05 |
| 12:15 | 12:20 | अयोध्या धाम | 17:15 | 17:20 |
| 14:30 | -- | गोमतीनगर | -- | 15:20 |

इस गाड़ी में 08 कोचों का वन्दे भारत रेक लगाया जायेगा।

मुजाधि/टी–79 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# शून्य क्षति के संकल्प के साथ संपन्न हुआ राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह

**महिलाओं और अधिकारियों ने किया सौ यूनिट रक्तदान**

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बिजली निर्माण की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी परिसर में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शून्य क्षति के संकल्प के साथ संपन्न हो गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत कंपनी के सीईओ ए.एन. सार द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित करके की। इसके पश्चात एक विशाल रक्तदान शिविर शुरू हुआ। पूरे सप्ताह लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें सुरक्षा पोस्टर स्लोगन भाषण प्रतियोगिता फेस टू फेस प्रोग्राम हाउस कीपिंग, नुक्कड़ नाटक मंचन आदि कार्यक्रमों के अलावा पूरे सप्ताह प्लांट स्थित कार्य स्थल को कामगार मित्रों हेतु फायर सेफ्टी ट्रेनिंग डेमोंसट्रेशन एवं ऑन स्पोर्ट्स क्विज कंपटीशन जैसे कार्य किए गए एवं कामगारों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस पूरे सप्ताह परिसर में कार्य करने वाले लोगों ने इस सुरक्षा सप्ताह मे सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों और संकल्पों को दोहराया। इस कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि कंपनी के सीईओ ए.एन.सार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब दुर्घटना को रोका जाए एवं निरंतर उस दिशा में प्रयास किया जाए, साथ ही साथ उन्होंने बताया कि प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए कार्यस्थल पर सुरक्षा से कोई समझौता ना हो भले ही कार्य पूर्ण होने में थोड़ा विलंब हो। उन्होंने समाज के प्रति जिम्मेदारियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान शिविर मे इस बार 100 यूनिट ब्लड का कलेक्शन डिस्ट्रिक ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य सभी में सुरक्षा संस्कृति का विकास करना। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी आर.एन.बेदी ने अपने संबोधन मे बताया कि कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य हेतु समझ, सहयोग समाधान एवं समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं के रोकथाम में मदद हो सके। सुरक्षा विभाग अध्यक्ष पीके सिंह ने विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु पूरे साल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पावर प्लांट में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी कामगारों के अलावा महिला मैत्री क्लब के सदस्य एवं बच्चों ने भाग लिया एवं इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ सिंगल स्टेज दो पैकेट (ओपेन) में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | परियोजना प्रबंधन प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति "मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, प्लेटफार्म, एफओबी आदि" के कार्यों के लिए सेवा। गिट्टी आपूर्ति और पी.वे कार्य (लाइन स्लीपर, रेल को छोड़कर), एस एंड टी कार्य, दोहरीकरण के लिए ओएचई कार्य, जनरल इलेक्ट्रिक कार्य और अन्य संबद्ध कार्य प्रतापगढ़ (एक्ससीएल) से जंघई (एक्ससीएल) खंड के संबंध में कार्य जंघई –प्रतापगढ़–अमेठी (87 किमी) लखनऊ मंडल का दोहरीकरण उत्तर रेलवे" और "बाराबंकी के बीच तीसरी और चौथी लाइन का प्रावधान।"(छोड़कर)– मल्हौर (छोड़कर) स्टेशन (2/13.50 किमी) शामिल उत्तरी लखनऊ मंडल पर विद्युतीकरण एवं सिग्नलिंग कार्य रेलवे" ईपीसी मोड पर |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | उनतालीस महीने (निर्माण अवधि के 21 महीने +18 ईपीसी अनुबंध की दोष देयता अवधि के महीने) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1219.96 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 7,60,000.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाक 10.05.2024 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 10.05.2024 को समय 15:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाक 13.03.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 26.04.2024 से 10.05.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | प्री–बीड कॉन्फ्रेंस डिटेल्स | दिनांक 10.04.2024, समय 11:30 बजे स्थानः परियोजना प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ |
| 8 | प्रश्न (queries) प्राप्त करने का अंतिम दिन | 05.04.2024 |

संख्या 67–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–चतुर्थ/लखनऊ दिनांक 11.03.2024 763/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

**जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव प्रसाद मौर्य**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना, ।

जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से ज़िलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## भारत निर्वाचन आयोग ने नामित केन्द्रीय प्रेक्षकों के साथ की वर्चुअल ब्रीफिंग

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश में कार्यरत आईएएस, आईपीएस, आईआरएएस (आईटी)/ आईआरएएस (सी एण्ड आईटी)/आईआरएएस केन्द्रीय प्रेक्षकों क वर्चुअल ब्रीफिंग बैठक की। वर्चुअल बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा व आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षक सहित कुल 65 केन्द्रीय प्रेक्षकों ने सोमवार को डायल यूपी 112 भवन के सभागार से वर्चुअल प्रतिभाग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्भीक, प्रलोभनमुक्त, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये गये।

# मनरेगा कन्वर्जेंस से कराये जा रहे कार्यों पर रखी जाय पैनी नजर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा व मनरेगा कन्वर्जेंस से विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर लगातार पैनी नजर रखी जाय, कार्यों लगातार निरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाए और फील्ड विजिट करते हुये नियमित रूप से समीक्षा की जाए। जनपद सिद्धार्थनगर में मनरेगा के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये गये कतिपय कार्यों में अनियमितता किये जाने का मामला आई जी आर एस के तहत ग्राम्य विकास आयुक्त के संज्ञान में लाया गया था। जिस पर ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदशज़ द्वारा जांच करायें जाने के निर्देश दिए गए थे। प्रकरण की जांच परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय समिति द्वारा करायी गयी।

ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि जांच समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी जांच आख्या के आलोक में उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध वसूली एवं विधिक कार्यवाही ज़िला अधिकारी सिद्धार्थ नगर द्वारा प्रचलित की गयी है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में अन्य विभागों के माध्यम से कराये गये/ कराये जा रहे कार्यों की जांच/निरीक्षण में प्रकाश में आयी शासकीय क्षति की वसूली 50 प्रतिशत माप करने वाले, 35 प्रतिशत भुगतान की संस्तुति करने वाले व 15 प्रतिशत भुगतान करने वाले अधिकारी से किये जाने का प्राविधान है। इस आलोक मे दिलीप कुमार सिंह अवर अभियंता (सेवानिवृत्त), से रू 2 लाख, शिव शंकर सहायक अभियंता/ अधिशाषी अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 187500.00 प्रवीर कुमार गुप्ता सहायक अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 131250.00 व रउफ अहमद अधिशासी अभियंता (सेवानिवृत्त) से रू 56250.00 की वसूली किये जाने व विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर फिल्म निर्माता एवं निर्देशक बोनी कपूर ने शिष्टाचार भेंट की।

## एलडीए ने दो अवैध निर्माण को किया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को मडियांव और हसनगंज में अभियान चला कर दो अवैध निर्माण सील किये। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि जगनलाल व अन्य की ओर से मडियांव के घैला रोड पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम के पीछे लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद इसरार अहमद, मेहदी व अन्य की ओर से हसनगंज के पुरनिया तिराहे से पक्का पुल को जाने वाली बंधा रोड पर हमसफर गेस्ट हाउस के बगल में लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे दोनों अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर कार्रवाई करते हुए सोमवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता राकेश कुमार ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

# छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस होली स्पेशल तीन फेरों के लिए चलायेगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुम्बई के यात्रियों के लिए होली में रेलवे एक और ट्रेन 01103 व 01104 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गोरखपुर होली स्पेशल तीन फेरों के लिए चलायेगा। ट्रेन नम्बर 01103 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गोरखपुर होली स्पेशल 14, 21 एवं 28 मार्च को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात्रि 10:35 बजे प्रस्थान कर दादर, थाने, कल्याण, दूसरे दिन नासिक, भुसावल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन, उरई, तीसरे दिन कानपुर सेंट्रल, लखनऊ तड़के 4:30 बजे, गोण्डा तथा बस्ती से छूटकर गोरखपुर सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 01104 गोरखपुर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस होली स्पेशल 16, 23 एवं 30 मार्च को गोरखपुर से दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ रात्रि 7:55 बजे, तीसरे दिन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मध्यरात्रि 12:40 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी 1, सेकेण्ड एसी 2, थर्ड एसी इकोनामी 9, स्लीपर 3, जनरल 3, जनरेटर सह लगेजयान 1 तथा एलएसएलआरडी के 1 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।



### 15011 लखनऊ जंक्शन चण्डीगढ़ एक्सप्रेस के समय में संशोधन

**लखनऊ।** लखनऊ जंक्शन से 13 मार्च से चलने वाली 15011 लखनऊ जंक्शन चण्डीगढ़ एक्सप्रेस के उत्तर रेलवे के अम्बाला कैंट एवं चण्डीगढ़ स्टेशन पर समय में संशोधन किया गया है। संशोधित समयानुसार यह ट्रेन अम्बाला कैंट जंक्शन से दोपहर 2:15 बजे छूटकर चण्डीगढ़ दोपहर 3 बजे पहुंचेगी।

### यात्रियों के चोरी हुए 65 मोबाइल बरामद

**लखनऊ।** चारबाग जीआरपी और सर्विलांस की टीम ने ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के खोये और चोरी हुए 65 मोबाइल बरामद करके उनके मालिकों को सौंप दिये। मोबाइल फोन की कीमत 10 लाख रुपये है। पुलिस उपाधीक्षक प्रथम विकास कुमार पांडेय के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार के नेतृत्व में गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया गया। सर्विलांस की संयुक्त टीम ने यूपी के अलावा दूसरे राज्यों से भी गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किये हैं। इनकी संख्या 65 है और सभी स्क्रीन टच मोबाइल हैं।

### एआई कैमरों से स्टेशनों की सुरक्षा की जायेगी



**लखनऊ।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरों से स्टेशनों पर आने जाने वालों की सुरक्षा की जायेगी। ऐसे 600 कैमरे 75 से अधिक स्टेशनों पर लगाये जायेंगे। इन कैमरों को मंडल मुख्यालय से भी ऑपरेट किया जा सकेगा। स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए यह कवायद पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम की ओर से शुरू की जा रही है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुरक्षित सफर मुहैया कराने के लिए इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम के तहत एचडी सीसीटीवी कैमरे लगेज स्कैनर, हैंड हेल्ड मशीनें आदि मुहैया कराई गई थीं। इन कैमरों की वैधता खत्म होने पर आउटडेटेड हो गये। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे, इसके लिए एआई बेस्ड नये कैमरे लगाने की योजना है। डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि लखनऊ मंडल के रेलवे स्टेशनों पर कुल 600 सीसीटीवी लगाये जायेंगे। इसमें लखनऊ जंक्शन, गोमतीनगर, ऐशबाग, डालीगंज, सिटी स्टेशन सहित अन्य स्टेशन शामिल है।

## अवधेश पाण्डेय ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए श्रावस्ती से इंडिया जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अवधेश पाण्डेय के साथ रोहित दुबे एडवोकेट, देवऋषि पाण्डेय के साथ समर्थकों ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में तेजी लाने के सख्त निर्देश

**निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निरन्तर किया जाए: धर्मपाल सिंह**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए नस्ल सुधार योजनाओं में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में देशी नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी करने और किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के लक्ष्य की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता न बरती जाए और कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। पशुधन मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश, नस्ल सुधार, ईयर टैगिंग एवं आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित योजनाओं/ निर्माण कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निरन्तर किया जाए और गो आश्रय स्थलों पर चारा, भूसा, पेयजल एवं औषधियों आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 1506482 गोवंश का संरक्षण किया गया है। वर्तमान में 6492 अस्थाई गोआश्रय स्थल, 297 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र, 273 कान्हा गोआश्रय स्थल तथा 307 काजी हाउस हैं। सिंह ने निर्देश दिये कि ईयर टैगिंग के कार्य को भी सुनियोजित रूप से संचालित किया जाए और संक्रामक रोगों एवं पशुओं के उपचार के दृष्टिगत दवाईयों एवं वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी लक्ष्यों को 03 माह, 06 माह एवं 09 माह की समयावधि के तहत कार्ययोजना बनाकर पूरा किया जाए। निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों, पशु चिकित्सालयों एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित अवधि के अंदर पूर्ण कराया जाए और समयबद्ध रूप से फाइलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास रविन्द्र ने मंत्री जी को निराश्रित गोवंश, नस्ल सुधार कार्यक्रम एवं प्रस्तावित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

# आशीष पटेल ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विधान परिषद के लिए नामांकन किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अपना दल एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री श्आशीष पटेल ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की उपस्थिति में विधान परिषद सदस्य के लिए विधान सभा स्थित नामांकन कक्ष में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी नेता ने हमें दूसरी बार विधान परिषद सदस्य के लिए अवसर प्रदान किया। पर्चा दाखिला के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर, अपना दल एस के विधानमंडल दल के नेता रामनिवास वर्मा, विधायकगण जयकुमार सिंह जैकी, शफीक अंसारी, डॉ सुनील पटेल, जीतलाल पटेल, डॉ. आरके पटेल,सरोज कुरील, रिंकी कोल, डॉ. सुरभि, अविनाश चंद्र द्विवेदी सहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह, नागेंद्र पटेल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिया हेल्पलाइन शुरू

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में लोगों के रोजा, नमाज, हज, खुम्स और दूसरी इबादतों से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए शिया हेल्पलाइन मंगलवार से शुरू हो जाएगी। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित हेल्पलाइन पर दिन में 2 बजे से शाम 4 बजे तक काम करेगी। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, व्हाट्सएप, ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail. com के साथ ही वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हेल्पलाइन पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रोजा, नमाज, हज, जकात, खुम्स और दूसरी इबादतों से संबंधित सवाल पूछ सकते हैं, जिनके जवाब उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 तथा ई-मेल masael@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं महिलाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन विगत वर्षों की भांति आरम्भ की गयी है, जिस पर महिलाओं के सवालों के जवाब महिला आलिमा देंगी। महिलाएं हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क कर सकती हैं।

## जश्ने इमामे जमाना का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में जश्ने इमामे जमाना का आयोजन किया गया। मौलाना तफसीर की तिलावते कलामे पाक से शुरू हुए जश्न में उलमा ने अपने कलाम बारगाहे इमामत में पेश किये। मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी की अध्यक्षता में हुए जश्न में मौलाना फिरोज हुसैन, मौलाना रजा हुसैन, मौलाना शाहिद हुसैन, मौलाना तसनीम मेहदी, मौलाना सरताज हैदर, मौलाना तफसीर हुसैन, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना शबाहत हुसैन, मौलाना गौहर फतेहपुरी, मौलाना गुलफाम हुसैन आदि ने अपने कलामों का नजराना पेश किया। महफिल का संचालन सारिम मेहदी ने किया।

## माह-ए-रमजान पर अपनों को इस तरह दें बधाई

**लखनऊ।** रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पाक महीना माना जाता है। वहीं, इस साल इस पाक माह की शुरुआत कल यानी 12 मार्च से हो रही है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए ये समय बेहद खास होता है और इस पूरे महीने वे रोज़ा रखते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान साल का नौवां महीना होता है। इस महीने में मोहम्मद साहब को साल 610 में लेयलत उल-कद्र के मौके पर पवित्र कुरान शरीफ का ज्ञान प्राप्त हुआ था। ऐसे में मुस्लिम धर्म के लोग महीनेभर अल्लाह के नाम का रोज़ा रखते हैं, साथ ही एक-दूसरे को ढेरों मुबारकबाद भी देते हैं।

# दिखा रमज़ान का चांद, पहला रोज़ा आज से



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुकद्दस रमजान का चांद 29 शाबान सोमवार को दिखाई दिया, मंगलवार को पहला रोजा होगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने ऐलान किया कि मंगलवार 12 मार्च को पहली रमजान होगी। मौलाना खालिद रशीद ने चांद कमेटी की ओर से तमाम मुसलमानों को रमजान की मुबारकबाद दी है। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि कल पहली रमजान और दूसरे इमाम हजरत इमाम हसन का जन्मदिन 15 रमजान 26 मार्च को और हजरत अली की शहादत 21 रमजान 1 अप्रैल को होगी। वहीं इदाराए शरैय्या फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली और आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी ने भी सोमवार को रमजान के चांद की पुष्टि की।

### रमजान के महीने का महत्व एवं पुण्य बेशुमार हैं: मौलाना सैफ अब्बास नक़वी



**लखनऊ।** 11 मार्च 2024 मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने जारी एक बयान में कहा गया है कि रमजान के महीने का महत्व एवं पुण्य बेशुमार हैं क्योंकि रोजा, नमाज व अन्य कार्यो को ठीक से करने के मुद्दों को जानना महत्वपूर्ण है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि ईश्वर की एबादत बेहतर तरीके से की जाए। जैसा कि कुरान और हदीस से स्पष्ट है, यदि आप कुछ भी नहीं जानते हैं, तो विद्वानों से पूछें। इसलिए, लागों की सुविधा के लिए, रोज़ादार जो पूरे दिन इबादत में रहता है, तो उस समय के दौरान विभिन्न मसलों का सामना करता है। इसलिए, रोजादारो के लिए जरूरी है कि वह इसलाम के मसाएल को मालूम करे।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, हर साल की तरह, इस साल भी, संचालित शिया हेल्पलाइन रमजान के पवित्र महीने में शुरू की जा रही है। जो कई वर्षों से धर्म की सेवा लगातार कर रही है। जिस मे सभी मराजे के मुकल्लेदीन अपने शरई मसाइल के लिए शिया हेल्पलाइन पर सुबह 10 से 12 बजे तक मोबाइल नंबर 9415580936, 9839097407 पर संपर्क किया जा सकता है। महिलाओं के लिए एक विशेष हेल्पलाइन स्थापित की गई है जिसमें महिला विद्वान महिलाओं के सवालों का जवाब देगीं। इसलिए महिलाओं को चाहिए कि इस नंबर 6386897124 पर संपर्क करें । नोट ईमेल द्वारा भी संपर्क किया जा सकता है।

### विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू

**लखनऊ।** माहे मुकद्दस रमजान का चांद नजर आते ही शहर की अलग-अलग मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो गयी। शहर की मस्जिदों में रमजान की चांद रात से शुरू होने वाली तरावीह की विशेष नमाज ईद का चांद नजर आने तक जारी रहती है। मस्जिदों में एक पारे से लेकर पांच पारे तक की तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है। ऐशबाग ईदगाह, दरगाह शाहमीना शाह सहित कई मस्जिदों में सोमवार से पांच पारों की तरावीह शुरू हुई। ऐशबाग ईदगाह में महिलाओं के लिए भी तरावीह की विशेष नमाज का इंतजाम किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं तरावीह की नमाज में शामिल हुईं। वहीं अलग-अलग मस्जिदों में एक, सवा, डेढ़ पारे से अलग-अलग पारों की तरावीह की नमाज अदा की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में मुसलमानों ने शामिल होकर तरावीह की नमाज अदा की।



### दीनी इल्म के लिये क्लासेज शुरू

**लखनऊ।** माहे मुकद्दस रमजान में शहर के अलग-अलग स्थानों पर महिला-पुरुषों विशेष कर युवाओं को इस्लाम और कुरान का इल्म देने के लिए दीनी क्लासेज का आयोजन किया जाता है। महिला-पुरुष के साथ ही अलग-अलग आयु वर्गों के लिए आयोजित होने वाली क्लासेज का आयोजन शहर के अलग-अलग इलाकों में किया जाता है। शहर के अलग-अलग इलाकों में महदवी समाज क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए पंजीकरण फार्म के साथ ही क्यूआर कोड दिया गया है। वहीं हरदोई रोड के सरफराजगंज में अल मुअम्मल कल्चरल फाउण्डेशन की ओर से अल मुअम्मल फाउण्डेशन कार्यालय में रमजान स्पेशल क्लासेज का आयोजन किया जाएगा।

### ठाकुरगंज थाने पर पीस कमेटी की हुई मीटिंग, त्योहारों को शांति पूर्वक मनाएं

**लखनऊ।** आगामी त्यौहार माहे रमाजान व होली को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य को लेकर पीस कमेटी की बैठक क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ थाना ठाकुरगंज में की गई है। इस संबंध में एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी चौक, थाना प्रभारी ठाकुरगंज सहित तमाम सब इंस्पेक्टर और आईपीओ मौजूद रहे।मीटिंग में मस्जिद कमेटी व व्यापार मंडल से जुड़े लोग, तथा सभी एसपीओ व क्षेत्र के संभ्रांत लोग बैठक में शामिल हुए।पुलिस अधिकारियों द्वारा मौके पर मौजूद लोगों से माहे रमज़ान व होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सहयोग करने की अपील की गयी। रमज़ान में नमाज़ ए तराविह की भी चर्चा की गई।इस संबंध में एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने मस्जिद कमेटी व्यापार मंडल एसपीओ व क्षेत्र के लोगों से अपील की की रमज़ान में तरावीह पढ़ते समय आने जाने वाले यातायात को बाधित न करें,वहीं होली में रंग के समय जो होली न खेलना चाहें वे अपने घरों से बाहर न निकलें। होली खेलने वाले लोग रोड पर हुडदंग न करें। शांति व्यवस्था में पुलिस का सहयोग बनाएं रक्खे।व्यापारी बंधु क्षेत्र की दुकाने खुलने का समय निर्धारित करें।जिसको रंग खेलना है वो खेले यदि नहीं खेलना है तो अपने घरों में रहें जिससे की किसी तरह की कोई समस्या न उत्पन्न होने पाए।तराविह की नमाज़ व होलिका दहेन में कोई विवाद न होने पाए । किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो पुलिस का सहयोग तुरंत लें।

